e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 124
मंगलवार
07.05.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
कठिनाइयां तब आती हैं, जब आप कुछ कार्य करते हैं।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### बॉम्बे हाई कोर्ट से चिकित्सा आधार पर जेट एयरवेज के संस्थापक को मिली अंतरिम जमानत

**मुंबई :** बॉम्बे हाई कोर्ट ने सोमवार को जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को चिकित्सा आधार पर दो महीने के लिए अंतरिम जमानत दे दी. उन्हें प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया था. न्यायमूर्ति एन.जे.जामदार की एकल पीठ ने कहा कि गोयल को एक लाख रुपये का मुचलका भरना होगा और वह अधीनस्थ अदालत की पूर्व अनुमति के बिना मुंबई से बाहर नहीं जा सकते.गोयल ने चिकित्सा और मानवीय आधार पर अंतरिम जमानत देने की गुहार लगाई थी क्योंकि वह और उनकी पत्नी अनीता गोयल दोनों कैंसर से पीड़ित हैं. विशेष अदालत ने फरवरी में गोयल की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी लेकिन उन्हें उनकी पसंद के निजी अस्पताल में भर्ती होने और इलाज कराने की अनुमति दे दी थी.

### फारूक अबदुल्ला को बड़ा झटका, लद्दाख में पूरी इकाई ने दिया इस्तीफा

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद यहां पहली बार लोकसभा चुनाव हो रहे हैं. इस बार फारूक अबदुल्ला को विपक्षी गठबंधन का साथ देना महंगा पड़ गया है. कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन के खिलाफ जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (जेकेएनसी) की लद्दाख इकाई ने पार्टी से सामूहिक इस्तीफा दे दिया. जेकेएनसी के अतिरिक्त महासचिव और लद्दाख के प्रभारी कंबर अली अखोने ने खुलासा किया कि पार्टी के उच्च स्तर के नेता लगातार दबाव के बाद ही इस्तीफा देने का निर्णय किया गया.पार्टी के अंदर आई इस फूट से फारूक को एक बड़ा झटका लगा है. ऐसे समय में क्षेत्र में पार्टी की आंतरिक कलह नेतृत्व के लिए चिंताजनक है.

### उतराखांड में धधक रहे जंगल

**देहरादून :** वनाग्नि को रोकने के लिए उत्तराखंड सरकार ने एक्शन प्लान बनाया है। इसके तहत सब एक साथ मिलकर काम करेंगे। उत्तराखंड के जंगलों में भड़की आग पर काबू पाने के लिए पुलिस-प्रशासन व विभागीय टीम के साथ युवक मंगल दल, महिला मंगल दल, स्वयं सहायता समूह, पीएसी जवान, होमगार्ड्स, पीआरडी समेत सभी मानव संसाधन वनाग्नि को रोकने का काम करेगा। एनडीआरएफ और वायु सेना भी वनाग्नि पर काबू पाने में जुटी है। पिछले 24 घंटे की बात करें तो राज्य में कुल 20 वनाग्नि की घटनाएं हुई हैं। इसमें 52.07 हेक्टेयर वन जलकर नष्ट हो गए। जबकि एक युवक की मौत हो गई है।वनाग्नि एवं आपदा प्रबंधन उत्तराखंड के अपर मुख्य वन संरक्षक निशांत वर्मा की ओर से सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार एक नंबर 2023 से छह मई 2024 तक कुल 930 आग की घटनाएं हुई हैं। आगजनी में 1196.418 हेक्टेयर वन प्रभावित हुए हैं।

### श्याम लाल पाल बने सपा के प्रदेश अध्यक्ष

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी ने सोमवार को उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल को बनाया। उन्हें नरेश उत्तम पटेल के लोकसभा चुनाव लड़ने के चलते सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और संगठन ने यह निर्णय लिया है।सपा अध्यक्ष ने आज एक पत्र जारी कर श्याम लाल पाल को तत्काल प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को लोकसभा चुनाव में पूरी जिम्मेदारी के साथ चुनाव में रणनीति और पार्टी पदाधिकारी के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में उन्होंने राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव रामगोपाल यादव और नरेश उत्तम पटेल को पत्र जारी कर जानकारी दी है।

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 40° |
| न्युनतम | 26° |

मंत्री आलमगीर आलम के पीए संजीव लाल, नौकर जहांगीर आलम सहित 9 जगहों पर ईडी ने की छापेमारी

# नौकर के घर से मिला 30 करोड़ रुपया

### मंत्री के आईएसडी के करीबी के ठिकाने से भी 5 करोड़ बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** ईडी ने सोमवार की सुबह झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीए संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के यहां छापेमारी की. जहां से 30 करोड़ रुपए मिले हैं. जानकारी के अनुसार नौकर जहांगीर आलम ने ईडी की पूछताछ में बताया है कि यह पैसे मंत्री के पीए संजीव लाल के हैं. ईडी की टीम रांची के अलग-अलग इलाकों में कुल 9 ठिकानों पर छापेमारी की. पीपी कंपाउंड स्थित तेजस्विनी अपार्टमेंट में बिल्डर मुन्ना सिंह के फ्लैट से भी ईडी द्वारा तीन करोड़ रूपया बरामद किए जाने की खबर है. मुन्ना सिंह मंत्री आलमगीर आलम के पीए संजीव लाल के करीबी बताए जाते हैं. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, नौकर जहांगीर आलम ने ईडी की पूछताछ में बताया है कि यह पैसे मंत्री के पीए संजीव लाल के हैं.

### गिरफ्तार हुए इंजीनियर वीरेंद्र राम के मामले हुई छापेमारी

ईडी के द्वारा यह छापेमारी गिरफ्तार हुए इंजीनियर वीरेंद्र राम के मामले में की गई. गौरतलब है कि ईडी ने झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को फरवरी 2023 में कुछ योजनाओं के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था. गौरतलब है कि ईडी ने बीते साल फरवरी माह में मुख्य अभियंता बीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापा मारा था. इसके बाद छापेमारी के दौरान मिले दस्तावेज के आधार पर उनसे पूछताछ शुरू हुई. जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया. झारखंड के इस मुख्य अभियंता के ठिकानों से 30 लाख रुपये के अलावा 1.50 करोड़ रुपये के जेवरात मिले थे. इसके अलावा ईडी को उनके 100 करोड़ रुपये से अधिक की चल-अचल संपत्ति का भी पता चला था.



### जांच पूरी होने से पहले किसी निष्कर्ष पर पहुंचना सही नहीं आलमगीर आलम

इधर आलमगीर आलम ने कहा है कि ईडी को अपनी जांच पूरी करने से पहले किसी को भी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचना चाहिए. उन्होंने यह भी बताया है कि संजीव लाल दो पूर्व मंत्रियों के सचिव के रूप में काम कर चुके हैं. उन्होंने कहा,संजीव लाल एक सरकारी कर्मचारी हैं. वह मेरे निजी सचिव हैं. संजीव लाल पहले से ही दो पूर्व मंत्रियों के निजी सचिव रह चुके हैं. हम आमतौर पर अनुभव के आधार पर निजी सचिवों की नियुक्ति करते हैं.ऐसे में ईडी की जांच शुरू होने से पहले छापे पर टिप्पणी करना सही नहीं है.

### सरकारी योजनाओं की राशि जो खाएगा, वह जेल की रोटी चबाएगा : पीएम मोदी



मंत्री आलमगीर आलम के पीएस के नौकर के घर मिले नोटों का मामला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के नबरंगपुर में रैली के दौरान उठाया. झारखंड में कैश मिलने पर उन्होंने कहा, मैं रुपया एक भेजूंगा तो भी खाने नहीं दूंगा. जो खाएगा वो जेल जाकर खाना खाएगा. जेल की रोटी चबाएगा. झारखंड नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं. मोदी माल पकड़ रहा है. वहां चोरी बंद की है. इनकी लूट बंद कर दी. अब मोदी को गाली देंगे.

### तीसरे चरण के लिए आज होगा मतदान, सभी तैयारियां पूरी

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए मतदान आज (मंगलवार) होगा। इस चरण में 11 राज्यों की 93 लोकसभा सीटों (सामान्य-72, एसटी-11, एससी-10) पर कुल 1331 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसमें मध्य प्रदेश की बैतूल सीट के आठ उम्मीदवार भी हैं। चुनाव आयोग कल होने वाले लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए पूरी तरह तैयार है। मौसम की स्थिति सामान्य रहने का अनुमान है। आम चुनाव के पहले दो चरणों में 189 सीटों के लिए सुचारु और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हो चुका है। मतदान कल सुबह 7 बजे से 6 बजे तक रहेगा। कुछ स्थानों में मतदान समाप्ती का समय अलग है। विशेष बात है कि इस चरण में मतदान प्रक्रिया और प्रबंधन का अनुभव लेने के लिए बड़ी संख्या में विदेशी प्रतिनिधि भी आएंगे। अंतरराष्ट्रीय चुनाव आगंतुक कार्यक्रम के हिस्से के रूप में 23 देशों के 75 प्रतिनिधि छह राज्यों में मतदान केंद्रों का दौरा करेंगे। इस चरण में लगभग 18.5 लाख मतदान अधिकारी 1.85 लाख मतदान केंद्रों पर 17.24 करोड़ से अधिक मतदाताओं का स्वागत करेंगे। मतदाताओं में 8.85 करोड़ पुरुष और 8.39 करोड़ महिलाएं हैं। 85 से अधिक वर्ष के 14.04 लाख, 100 वर्ष से अधिक के 39,599 मतदाता और 15.66 लाख दिव्यांग मतदाता हैं। इन्हें अपने घर से मतदान करने का विकल्प भी दिया गया है। चुनाव आयोग की तैयारियों की बात की जाए तो इस चरण में 264 पर्यवेक्षक (101 सामान्य पर्यवेक्षक, 54 पुलिस पर्यवेक्षक, 109 व्यय पर्यवेक्षक) मतदान से कुछ दिन पहले ही अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंच चुके हैं। कुल 4303 उड़न दस्ते, 5534 निगरानी दल, 1987 वीडियो निगरानी दल और 949 वीडियो देखने वाली टीमें चौबीसों घंटे निगरानी रख रही हैं।

## मुख्य सचिव के पत्र पर हो एफआईआर : मरांडी




### मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने अपने कार्यकाल में आदिवासियों के मान-सम्मान को पूरी तरह से धूमिल करने का काम किया।

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्य सचिव ने ग्रामीण विकास सचिव को पत्र लिखा था। वह सारे पत्र नोटों के बंडल के साथ मिले हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन उसे पत्र के आधार पर तुरंत एफआईआर कराएं। पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराएं। इसकी अनुशंसा करें। मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने अपने कार्यकाल में आदिवासियों के मान-सम्मान को पूरी तरह से धूमिल करने का काम किया। आदिवासियों की पहचान है कि वे सहज और सरल होते हैं। गड़बड़ी से कहीं भी उनका कोई नाता नहीं होता है। लेकिन पिछले चार वर्षों में सत्ता में रहकर हेमंत सोरेन ने छल कपट किया है। प्राकृतिक संसाधन या खनिज संपदा को लुटवाया है। खुद लूट में शामिल रहे हैं और उनके संरक्षण में बिचौलिया, दलाल और भ्रष्ट अफसर ने मिलकर लुटा है। कोयला, लोहा, बालू यहां तक की सेवा की जमीन को भी उन लोगों ने नहीं छोड़ा। आदिवासियों की जमीन का भी फर्जी कागजात बनाकर लूटा।मरांडी ने कहा कि कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य के यहां से 350 सौ करोड़ नोटों का पहाड़ पकड़ा गया था। उसको भी दुनिया ने देखा। यहां से मिले नोटों की गिनती एक दिन में समाप्त नहीं हुई, कई दिनों तक चली। आदमी तो आदमी मशीन तक थक गए। ठीक से जांच होने पर पैसे में वर्तमान या पूर्व मुख्यमंत्री की संलिप्तता भी नजर आएगी। झारखंड में भ्रष्ट अफसर, दलाल, बिचौला के ठिकानों पर भी 20 करोड़ रुपये नकदी मिले थे। आज भी आलमगीर आलम के पीएस के नौकर के यहां करोड़ों रुपये मिले हैं। इंडी गठबंधन के नेता राहुल गांधी को यह बताना चाहिए कि यह पैसा किसका है।मरांडी ने कहा कि नौकर के घर में पैसों का इतना जखीरा मिला है, तो उनके सहायक, उनके सचिव या फिर मंत्री, सरकार से जुड़े दलाल-बिचौलियों के घर भी यदि छापेमारी हो जाए तो पता नहीं कितने करोड़ रुपये मिलेंगे। इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

## अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश



एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। वह पहले ही कथित शराब घोटाले के आरोप में तिहाड़ में बंद हैं। अब उन पर प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस से राजनीतिक चंदा लेने का आरोप लगा है।दिल्ली के उपराज्यपाल ने इसकी एनआईए जांच की सिफारिश कर दी है। सूत्रों के मुताबिक उपराज्यपाल को शिकायत मिली है कि आम आदमी पार्टी ने सिख फॉर जस्टिस से 16 मिलियन डॉलर का फंड लिया है। उपराज्पाल को लिखे पत्र में बताया गया है कि यह चंदा कट्टर खालिस्तानी समर्थक देवेंद्र पाल भुल्लर की रिहाई में मदद करने और खालिस्तानी भावनाओं को बढ़ावा देने के एवज में मिला है।एलजी को यह पत्र वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन- इंडिया नामक संगठन ने लिखा है। इसमें बताया गया है कि आम आदमी पार्टी ने यह चंदा 2014 से 2022 के बीच में लिया। आगे लिखा है 2014 में अमेरिका के शहर न्यूयॉर्क स्थित एक गुरुद्वारे में सिख फॉर जस्टिस के मुखिया गुरपतवंत सिंह पन्नू और केजरीवाल की मुलाकात हुई थी। इस मीटिंग में केजरीवाल ने पन्नू को आश्वस्त किया था वह 1993 दिल्ली बम धमाके में दोषी उम्र कैद की सजा काट रहे भूल्लर को जेल से रिहा कराने में मदद करेंगे।एनआईए जांच की सिफारिश पर आम आदमी पार्टी ने पलटवार करते हुए कहा कि यह अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एक और षड़यंत्र है। बीजेपी दिल्ली में सभी सातों लोकसभा सीट हार रही है। हार देखते हुए भाजपा बौखला गई है।



## डीएम को जांच के लिए बेवजह न बैठाए ईडी : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** तमिलनाडु अवैध रेत खनन घोटाला मामले मे राज्य के पांच जिलों के कलेक्टरों को ईडी पूछताछ के नाम पर बेवजह परेशान न करे. ईडी के इन जिलाधिकारियों को समन करने पर तमिलनाडु हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी लेकिन ईडी की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ये रोक हटा ली थी.कोर्ट ने यह टिप्पणी सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल की उस दलील पर की, जिसमें कहा गया कि ईडी ने उन्हें जांच में सहयोग के लिए सुबह आठ बजे बुलाया ?

लेकिन बिना किसी पूछताछ के सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक बिठाए रखा.सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्थल की पीठ ने मामले पर सुनवाई के दौरान टिप्पणी की कि ईडी जिला कलेक्टरों को जांच के लिए बेवजह न बैठाए. उन पर पूरे जिले की अन्य जिम्मेदारियां होती हैं.

तमिलनाडु राज्य सरकार और पांच जिला कलेक्टरों के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि ईडी के समन पर हमने पेश होकर एजेंसी द्वारा मांगी गई जानकारी दे दी है. वहीं ईडी के वकील जोहेब हुसैन ने सिब्बल की दलील का विरोध करते हुए कहा कि ऐसा नहीं है. इन लोगों ने अपने बयान मे कहा कि उन्हें जवाब देने के लिए कुछ सप्ताह का समय दिया जाए. फिलहाल कोर्ट ने ईडी को अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए सुनवाई गर्मी छुट्टी के बाद तय कर दी है.

## सरकार आने पर 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा हटाएंगे : राहुल



एजेंसी

**भोपाल :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा आदिवासी, दलित और पिछड़ों से आरक्षण छीनना चाहती है. कांग्रेस की सरकार आने के बाद आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म की जाएगी. राहुल ने कहा कि आरक्षण पर अदालत ने 50 प्रतिशत की लिमिट लगा रखी है, हम उसे हटाएंगे और गरीबों, पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों को जितने आरक्षण की जरूरत है, हम उतना आरक्षण देंगे. मध्य प्रदेश के झाबुआ-रतलाम संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार कांतिलाल भूरिया के समर्थन में आयोजित जनसभा में राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा नेता कहते हैं कि उनकी सरकार बनने पर आदिवासियों, दलितों, पिछड़े वर्ग से आरक्षण छीन लिया जाएगा. उन्होंने कहा कि भाजपा ने संविधान को बदलने के इरादे से 400 पार का नारा दिया है. लेकिन, 400 सीटें तो छोड़िए, भाजपा को इस बार 150 से ज्यादा सीटें भी नहीं मिलेंगी.कांग्रेस नेता ने कहा कि जल,जंगल,जमीन का जो हक है, वह सब संविधान ने दिया है. मोदी सरकार आपके अधिकार को छीनना चाहती है, ये उनका लक्ष्य है. हम आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों की भागीदारी बढ़ाना चाहते हैं. हमने फैसला किया है कि जातीय जनगणना कराई जाएगी.

## पूर्व सीएम हेमंत सोरेन चाचा के श्राद्ध कार्यक्रम में हुए शामिल

### हेमंत के यहां पहुंचने पर परिजनों द्वारा आदिवासी संथाली समाज के लोगों द्वारा रीति रिवाज के साथ लोटा पानी के साथ स्वागत किया गया।

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पुलिस की कड़ी चौकसी और सुरक्षा व्यवस्था के बीच सड़क मार्ग से नेमरा पहुंचे। यहां पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा अपने चाचा राजाराम सोरेन के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए व श्रद्धांजलि दिया। हेमंत के यहां पहुंचने पर परिजनों द्वारा आदिवासी संथाली समाज के लोगों द्वारा रीति रिवाज के साथ लोटा पानी के साथ स्वागत किया गया। सुबे के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत अपना गांव पहुंचने के बाद पिता शिबू सोरेन ओर माँ रूपी सोरेन का पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

वे जेल से निकले और सीधे नेमरा पहुँचे। इस दौरान हेमंत सोरेन कार्यकर्ताओं का हाल चाल जाना। पूर्व मुख्यमंत्री अपने परिवार के सदस्यों के साथ घंटे बातचीत किया। कोर्ट के आदेश का अनुपालन हेमंत ने किया। उन्होंने मीडिया से कोई बात नहीं की। श्राद्ध कार्यक्रम के



बाद पुनः हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया गया। बता दें कि लैंड स्कैम के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पूर्व सीएम हेमंत सोरेन द्वारा प्रोविजनल बेल के लिए दायर याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई थी। इस दौरान अदालत ने हेमंत सोरेन को प्रोविजनल बेल देने से इनकार करते हुए उनकी याचिका खारिज किया। हालांकि कोर्ट ने उन्हें अपने चाचा के श्राद्ध कर्म में कुछ देर के लिए शामिल होने की अनुमति दी। अदालत ने यह सख्त निर्देश दिया था कि 6 मई को होने वाले श्राद्ध कर्म में शामिल होने के दौरान हेमंत सोरेन मीडिया से कोई बातचीत नहीं करेंगे और ना ही कोई राजनीतिक चर्चा करेंगे।

## गढ़चिरौली में विस्फोटकों से भरे 6 प्रेशर कुकर और डेटोनेटर नष्ट किए गए

एजेंसी

**मुंबई :** गढ़चिरौली जिले के टीपागढ़ इलाके में सी-60 के एक दस्ते और सीआरपीएफ की क्यूएटी की टीम ने सोमवार को मिट्टी की खदान में छिपाए गए विस्फोटकों को बरामद किया। बाद में टीम ने विस्फोटकों से भरे 6 प्रेशर कुकर और डेटोनेटर नष्ट करके बड़ा हादसा टाल दिया। इस मामले की गहन छानबीन पुलिस की टीम कर रही है।पुलिस को टीपागढ़ इलाके में भारी मात्रा में विस्फोटक छिपाकर रखे जाने की जानकारी मिली थी। इस पर सी-60 की एक यूनिट और सीआरपीएफ की क्यूएटी टीम के साथ 2 बीडीडीएस टीमों को तैनात किया गया था। टीम के जवानों ने पहाड़ी पर छिपाए गए विस्फोटक, क्लेमोर माइंस और प्रेशर कुकर को ढूंढ निकाला। टीम को विस्फोटक और डेटोनेटर से भरे 6 प्रेशर कुकर, विस्फोटक और छर्रे से भरे 3 क्लेमोर पाइप भी मिले। इस दौरान टीम ने 9 आईईडी को नष्ट भी किया।

टीमों को उसी स्थान पर एक प्लास्टिक बैग में बारूद, दवाइयां और कंबल भी मिले।

दिल का हाल सुने दिल वाला....
रोग नहीं, रोकथाम जरूरी
हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता ! सीने के दर्द को गैस न समझे।
यदि आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, थकान, घबराहट, सीने में दर्द, साँस फूलना, चक्कर, उच्च रक्तचाप या मधुमेह हो तो एक बार हृदय विशेषज्ञों से मिलने में हर्ज़ ही क्या है?
78083 68888 | www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद

## सांसद और मैने अपना वादा पूरा किया : अरुणा शंकर

# शहरी जलापूर्ति योजना मेरे निगम क्षेत्र की बहनों को तोहफा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि शहर की सबसे बड़ी मूलभूत समस्या शहरी जलापूर्ति योजना फेज 2 अब सभी व्यवधानों को दूर करते हुए आज से हाउसिंग कॉलोनी मैदान में शुरू हो गया। प्रथम महापौर ने कहा कि मैंने अपने चुनावी वादे में जहां पार्क, मरीन ड्राइव, रोड, नाली, गली चौक चौराहा का सुंदरीकरण, मोहल्ला दादा दादी पार्क और शहर की सफाई का वादा किया था, वही सबसे बड़ा वादा घर-घर शुद्ध जल पहुंचने का भी था। जिसको मैंने अपने कार्यकाल में सबसे पहला बोर्ड से पारित करते हुए रघुवर सरकार में भेजा थी। जिसे तत्काल रघुवर दास ने अपने कैबिनेट से स्वीकृति दे दी थी। जिसकी 80 प्रतिशत राशि एडीबी भारत सरकार द्वारा सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयास से उसी वक्त प्राप्त हो चुका था। लेकिन रघुवर सरकार बदल जाने के कारण 4 साल तक झारखंड सरकार ने लंबित रखा और टेंडर पर टेंडर करते रहे। पर मुझे खुशी है अब यह काम कई प्रयासों के बाद शुरू हो गया। इस कार्य को भारत की पांच बड़ी कंपनियों में एक मेसर्स आरके इंजीनियरिंग सेल्स लिमिटेड, लखनऊ ने 172 करोड़ में लिया है। जिसमें पूर्व मैं बने 5 पानी टंकी के अलावा चार नई टंकी पुलिस लाइन, आईटीआई मैदान रांची रोड, शाहपुर एवं हाउसिंग कॉलोनी में बनेगा। श्रीमती शंकर ने बताया कि हाउसिंग कॉलोनी मैदान में सॉयल टेस्टिंग शुरू हो चुका है, जहां पानी टंकी के अलावे अत्यधुनिक वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जा रहा जहां सभी नए इंटेक वेल से पानी लाकर सफाई करते हुए पूरे निगम क्षेत्र में नई पाइप लाइन से शुद्ध पानी घर-घर दिया जाएगा। प्रथम महापौर ने इस कार्य को अपने कार्यकाल का माइलस्टोन कर्तव्य बताया और सांसद के लगातार प्रयास के लिए बधाई दी। प्रथम महापौर ने कहा कि अब कोई घर शुद्ध जल से वंचित नहीं रहेगा। यह हमारी बहनों के लिए मेरे कार्यकाल का सबसे बड़ा तोहफा है।



## प्रखंड सह अंचल कार्यालय में पीने के लिए पानी की नही है कोई व्यवस्था

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धुरकी :** अगर आप प्रखंड सह अंचल कार्यालय में किसी काम से जा रहे है और वहां आपको एक से दो घंटे रुकने की मजबूरी हो तो अपने साथ पानी की बोतल ले जाना बिल्कुल नही भूलें।वजह प्रखंड सह अंचल कार्यालय में शुद्ध व ठंडा पानी पीने का कोई व्यवस्था प्रशासन द्वारा उपलब्ध नही कराई गई है। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के मुख्य द्वार के बाहर और मुख्य द्वार के अंदर कई चंपाकल तो जरूर है।लेकिन शोभा की वस्तु बनी हुई है। एक भी चंपाकाल सही हालत में नही है। वही प्रखंड सह अंचल कार्यालय के महज पांच सौ फीट दूरी पर जलमिनार भी कई दिनों से से खराब है। कई बार स्थानीय दुकानदार व ग्रामीण जनता इसकी मरम्मत के लिए विभाग के अधिकारी को सूचना दिया।लेकिन विभाग के अधिकारी इनकी बातो को अनदेखी कर देते है।वही सरकार द्वारा शहर से लेकर गांव तक नल जल योजना के तहत पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। लेकिन यहां तो योजना के क्रियान्वित कराने वाले विभागीय कार्यालय आने वाले लोग ही एक बोतल शुद्ध व ठंडा पानी के लिए मोहताज है। इन दोनो कार्यालय में प्रत्येक दिन लगभग दो सौ से अधिक ग्रामीण लोग प्रतिदिन अपने अपने कार्य से आते है। जिनको शुद्ध व ठंडा पीने का पानी के लिए परेशानी झेलनी पड़ती है।खासकर गर्मी के दिनों में ज्यादा ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिनके पैकेट में रूपये होती है वे तो पानी की बोतल दुकान से खरीदकर शुद्ध व ठंडा पानी पीते है।लेकिन गरीब असहाय लोगों को ठंडा व शुद्ध पानी बिक्री करने वाले दुकानदारों को झुंझलाहट को सुनकर भी अपनी प्यास बुझानी पड़ती है। यहां तक कि प्रखंड सह अंचल के कर्मी बाहर की दुकान से शुद्ध व ठंडा पानी खरीदकर अपनी प्यास बुझाते है। लेकिन आम जनता पानी के लिए दर- दर भटकती है। प्रशासनिक अधिकारी के कारण ग्रामीण जनता को शुद्ध व ठंडा पीने का पानी का नसीब नही हो रहा है।

## तुलसीदामर में आग से जंगल का बहुत बड़ा हिस्सा जल कर खाक



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गढ़वा जिले के उत्तरी वन प्रमंडल अंतर्गत नगर ऊंटारी वन क्षेत्र के तुलसीदामर में आग से जंगल का बहुत बड़ा हिस्सा जल गया है। आग से बड़ी संख्या में छोटे बड़े पेड़ पौधे जल कर स्वाहा हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर ऊंटारी-भवनाथपुर मेन रोड पर स्थित तुलसीदामर जंगल में विगत दिनों लगी आग से जंगल का बड़ा हिस्सा धू धू कर जल गया। बड़े छोटे हजारों पेड़ पौधे जलकर झुलस गए हैं। वन्य प्राणियों का जीवन संकट में है। वन्य प्राणी भागते दौड़ते फिर रहे हैं। वन विभाग के रेंजर प्रमोद कुमार की मानें तो जंगल में आग लगने की जानकारी मिलते ही आग को बुझाया गया। बताते चले कि वन विभाग की ओर पब्लिक मीटिंग में जंगल को आग से बचाने से संबंधित उपायों पर खूब चर्चा की जाती है। फिर भी पब्लिक की लापरवाही सामने आ जाती है। महुआ चुनने के लिए पत्तों को जलाने के साथ साथ बीड़ी और सिगरेट पीकर जंगल में फेकने से लगी आग के कारण प्रतिवर्ष जंगल में बड़े पैमाने पर पेड़ पौधे जलकर स्वाहा हो जाते हैं। तुलसी दामर में जला खूबसूरत जंगल चीख चीखकर यह बता रहा है कि जंगल को आग से बचाने का उपाय मीटिंग में नहीं सिर्फ जंगल में उतरकर ही किया जा सकता है। क्या कहा रेंजर प्रमोद कुमार ने इस संबंध में : जंगल में आग लगने की जानकारी मिली थी जिसके बाद फौरन आग बुझाया गया। बैठक करके पब्लिक को कई बार समझाया गया परंतु लोग समझ ही नहीं रहे। आगे इस प्रकार से लोग करते पकड़े जाएंगे तो कड़ी कारवाई की जायेगी।

## विश्रामपुर नगर परिषद में पानी के लिए मचा हाहाकार, नगर परिषद मौन

**आलोक पांडेय@प्रभात मंत्र**

**विश्रामपुर, पलामू :** देश में इन दिनों लोकसभा का चुनाव चल रहा है प्रत्याशी भोट के लिए घर-घर का चक्कर लगा रहे हैं आज जनता से भोट लेकर सांसद बनेगें विकास के लिए बिधायक राज्यसभा सांसद मंत्री मुखिया प्रमुख सहित वार्ड पार्षद का चुनाव तक कराया जाता है ताकि वार्ड स्तर तक विकास का कार्य कराया जा सके। आजादी के बाद देश का तस्वीर बदल रहा है यदि कुछ नहीं बदला तो विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत आने वाला क्षेत्र जहां आज भी भय भूख भष्ट्राचार से जनता कराह रही है। जहां एक तरफ चिलचिलाती धूप में पशु पक्षी तक के लिए पानी की व्यवस्था किया जाता है एक से एक संगठन सामाजिक कार्यकर्त्ता पनशाला खोलकर राहगीर को पानी उपलब्ध करा रहे हैं वहीं दूसरी तरफ पलामू जिला का विश्रामपुर नगर परिषद इन सभी मामलो में काफी फिसड्डी होता दिख रहा है जो भी पदाधिकारी यहाँ आ रहे लुटने में मशगूल हो रहे हैं!आए एक सप्ताह से विश्रामपुर नगर परिषद के सामाजिक कार्यकर्ता सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी नगर परिषद के दर्जनो गांव में जाकर मिशन पेयजल पर काम कर रहे हैं और नगर परिषद की सच्चाई से लोगो को रुबरू करा रहे हैं पेंटर जिलानी जिस गांव में जा रहे दलित महादलित सहित अन्य लोग चापाकल की दुर्दशा दिखाकर रो रहें हैं। नगर परिषद के सैकड़ो चापाकल खराब है लेकिन नगर परिषद पदाधिकारी दानिश हुसैन का इसपर ध्यान नहीं जाता। नगर परिषद में पेंटर जिलानी लोगो को जागरूक कर उनका हक व अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं प्रतिदिन नगर परिषद का कच्चा चिट्ठा जनता के बीच ला रहे। बाल्टी व तसला लिए महिला पुरुष पानी के लिए इधर उधर भाग रहे जनता में पानी पानी चिल्लाकर जैसे रोड पर दम तोडते मजदूर गिलगिला रहे हैं। नगर परिषद पदाधिकारी दानिश हुसैन को आखिर किसका संरक्षण प्राप्त है।



## नरसिंहपुर पथरा में विधायक आलोक ने किया भाजपा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के नरसिंहपुर पथरा में भाजपा कार्यालय का डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। देश में लोकसभा चुनाव का महापर्व चल रहा है हर तरफ अलग-अलग प्रत्याशियों की चर्चा है परंतु देश के प्रधानमंत्री के रूप में फिर से नरेंद्र मोदी की चर्चा घर-घर में है।हाल में ही प्रधानमंत्री का तूफानी दौरा पलामू के हवाई अड्डे में किया गया जहां प्रधानमंत्री के द्वारा देश में विपक्ष की काली करतूत के बारे में बताया गया साथ ही प्रधानमंत्री जी के द्वारा वर्तमान में एनडीए सरकार के द्वारा जनहित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया, पलामू से एनडीए के प्रत्याशी के तौर पर भाजपा के पूर्व सांसद को फिर से तीसरी बार टिकट दे पलामू लोकसभा क्षेत्र का उम्मीदवार बनाया गया है। इस लोकसभा चुनाव में लगातार धुआंधार कार्यक्रम का संबंध निर्धारित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री का आगमन के बाद भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं में जोश भर गया है। जिसको लेकर के नरसिंहपुर पथरा में भारतीय जानता पार्टी कार्यालय का उद्घाटन माननीय विधायक आलोक चौरसिया के द्वारा उद्घाटन किया गया। मौके पर ज़िला पार्षद रामलव चौरसिया पूर्व ज़िला पार्षद संटू चौरसिया भीष्म चौरसिया सहित भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## विश्रामपुर नगर परिषद द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु कई कार्यक्रम आयोजित



**बिश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर नगर परिषद द्वारा सोमवार को मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित किया गया.कार्यक्रम की शुरुआत गांधी चौक से किया गया.जहां कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने नगरवासियों को मतदाता शपथ दिलाया.श्री हुसैन ने कहा कि लोग अपने मत के अधिकार को समझें और मताधिकार कर देश के जिम्मेवार नागरिक होने का फर्ज अदा करें.उन्होंने लोगों से आगामी 13 मई को होने वाले पलामू लोस चुनाव में मतदान करने का अपील किया.दानिश हुसैन ने चुनाव आयोग द्वारा संचालित मीडिया कैम्पेन मै भी ब्रांड एंबेसडर के बारे में लोगों को बताया और इसमें शामिल होने का आग्रह किया। इसके बाद कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने मतदाता जागरूकता रथ को भी झंडा दिखाकर रवाना किया.यह रथ नप के सभी वार्डों में भ्रमण कर लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता लायेगा। इसके अलावा नप पदाधिकारियों और कर्मियों ने स्वय सहायता समूह की महिलाओं के साथ पदयात्रा भी निकाला। पदयात्रा के दौरान डेमोक्रेसी टैक्स का नोटिस भी कई वाहनों में चिपकाया गया.पदयात्रा नगर भ्रमण करते हुए महावीर चौक पहुंचा। जहां मतदाता पाठशाला लगाया गया। जिसमे लोगों को मतदान के अधिकार और उसके ताकत के बारे में बताया गया। मौके पर नगर मिशन प्रबंधक जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार, दीपक कुमार, मुबारक अंसारी, राजेश प्रसाद, सुमित कुमार, सीआरपी रेखा देवी, वंदना देवी, रुखसार प्रवीन, ज्ञांति देवी, नीरा देवी, रमेश कुमार, सुबोध केशरी, रवि कुमार, परवेज खान सहित स्वय सहायता समूह की महिलाएं,सफाई कर्मी और काफी संख्या में आम लोग मौजूद थे।

## जीरो ऐरर पर चुनाव कराना हमारा लक्ष्य, कार्य में कोताही अक्षम्य : डीडीसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू के आदेशानुसार सोमवार को स्थानीय दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में सेक्टर पदाधिकारियों को चुनाव प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी,जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पोलिंग पार्टी के बीच की कड़ी होते हैं।इसलिए सेक्टर पदाधिकारी को हर बिन्दु की जानकारी होनी चाहिए तथा चुनाव आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप उसे व्यावहारिक रूप देने की क्षमता होनी चाहिए।जीरो इरर पर चुनाव कराना हमारा लक्ष्य है। इसलिए कार्य में कोई भी कोताही अक्षम्य है। उन्होंने पोलिंग पार्टी के साथ समन्वय, मतदान केन्द्र पर पहुंचने, रिजर्व सामग्री का रखरखाव व आवश्यकतानुसार उपयोग, विहित प्रपत्र में रिपोर्टिंग व सुरक्षित वापसी सहित प्रत्येक विन्दुओं पर संवाद करते हुए प्रशिक्षण व मार्गदर्शन दिया।वहीं कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने त्रुटि रहित रिपोर्टिंग पर विस्तार से जानकारी दी।मौके पर हुसैनाबाद एसडीओ पीयूष सिन्हा, सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, छतरपुर एसडीओ हीरा कुमार, एलआरडीसी प्यारेलाल, छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा एवं डीएसओ प्रीति किस्कू मौजूद थे।

# मतदाता जागरुकता को लेकर हुसैनाबाद में संध्या चौपाल का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** हुसैनाबाद शहर के टाउन हॉल में रविवार की शाम स्वीप कार्यक्रम के तहत संध्या चौपाल कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा जेएस एलपीएस के सखी मंडल की दीदियों व स्थानीय मतदाता शामिल हुए। इस दौरान मतदाताओं को चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता जागरूकता अभियान का प्रचार प्रसार किया गया । साथ ही सभी को अधिकारियों ने कैंडल जलाकर शपथ भी दिलाया। इस बाबत एलआरडीसी गौरांग महतो ने कहा कि 13 मई को सभी लोग लोकतंत्र के महापर्व में अवश्य भाग लें।देश के मजबूत लोकतंत्र के लिए अवश्य वोट दें। आपका एक मत क्षेत्र के विकास के लिए अहम है। उन्होंने उपस्थित सखी दीदियों से कहा कि मतदान की जानकारी अपने तक सीमित न रखकर अपने आस-पड़ोस के मतदाताओं को भी दें और मतदान के दिन अपने साथ पड़ोसियों को भी मतदान के लिए ले जाये।उन्होंने कहा कि वोट करने से लोकतंत्र को मजबूती प्रदान होती है, इसलिए हर मतदाता को मतदान कर भारत को और मजबूत बनाना चाहिए। मतदान प्रतिशत में कमी नहीं रहनी चाहिए। जिन्हें मतदान का अधिकार है उन्हें बूथ तक पहुंच कर अवश्य मतदान करना चाहिए। मौके पर सीओ पंकज कुमार, ब्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, सीआई अशफाक खान, जेएसएलपीएस के बीपीएम अंजनी कुमार, बीईईओ राम नरेश राम, सुदर्शन सिंह समेत काफी संख्या में मतदाता व सखी मंडल की दीदी मौजूद थे।




## क्रिकेट टूर्नामेंट सीपीएल 20 मई से होगा आयोजन




**छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हर वर्ष होने वाला नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट छतरपुर प्रीमियर लीग (सीपिल) का सफल आयोजन के लिए छतरपुर हाई स्कूल के मैदान में छत्तरपुर क्रिकेट क्लब द्वारा सिपिएल-14 कराने हेतु बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व सिपिएल कमिश्नर अमित कुमार ने किया। सर्व समिति से 20 मई 2024 दिन सोमवार से आरंभ करने का निर्णय लिया गया सिपिल-14 का कमिशनर सोलड़ी सिंह, एवं सचिव रितेश चंद्रा को बनाया गया संरक्षक अमित कुमार, सिंटू सिंह, सुरेश कुमार, प्रभात कुमार, डब्लू कुमार, गोलू सिंह, रोहित सिंह, रुपेश सिंह, योगी बघेल, प्रदीप कुमार, शादाब आलम को बनाया गया। उपाध्यक्ष रजनीश कुमार, कोषाध्यक्ष- राहुल राय एवं मोनू सिंह को बनाया गया व्यवस्थापक- राहुल चंद्रा, मीडिया प्रभारी. ऋतू रंजन सिंह एवं राहुल चंद्रा को बनाया गया। ब्यस्थापक - सोनू सिंह, भोला सिंह, मित्तल सिंह, नागेंद्र कुमार, संतोष कुमार, आशुतोष कुमार, रितेश रंजन, मुटुर, सदस्य - अंश कुमार, आर्यन, विकी, प्रकाश उरांव, उपेंद्र उरांव, नधकू उराव, राजू सिंह, भीकू कुमार, बिट्टू शर्मा को बनाया गया है।

## लोकतंत्र के महापर्व पर पेट की भूख भारी

# बड़ी संख्या में बंशीधर नगर से मजदूरों का पलायन जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन की ओर से चलाये जा रहे जागरूकता अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में बेअसर साबित हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोग लोकतंत्र के महापर्व में अपनी आहुति देने के बजाय अपनी पेट की आग को बुझाने के लिये लगातार अन्य प्रदेशों में पलायन करने को मजबूर हैं। शादी का सीजन होने की वजह से सभी मजदूर कुछ दिन पहले ही वापसी हुई थी।सीजन बीतते ही वे रोजी रोटी की जुगाड़ में निकल पड़े है। पिछले 15 दिनों से मजदूरों का पलायन जारी है। नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन पर इन दिनों रात्रि में मजदूरों का हुजूम उमड़ रहा है। शनिवार की रात बंशीधर नगर अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों से हजारों की संख्या में मजदूर विभिन्न ट्रेनों के माध्यम से पलायन कर गये हैं। जबकि पलामू में मतदान होने में मात्र एक सप्ताह शेष बचे हुये हैं।

**प्रशासन का मतदाता जागरुकता अभियान बेअसर :** उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये जिला प्रशासन की ओर से लगातार सभी प्रखंडों में एवं पंचायत में विभिन्न माध्यमों से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान मतदाताओं को उनके सबसे बड़े अधिकार मतदान को लेकर उन्हें जागरूक किया जा रहा है। किंतु पेट की आग के आगे जिला प्रशासन के द्वारा किये जा रहे सभी प्रयासों को ताख पर रख कर वे रोटी की तलाश में निकल रहे है।सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयास विफल होता दिख रहा है। वैसे लोग अपना एवं अपने परिवार का भरण पोषण करने को लेकर दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, उड़ीसा समेत विभिन्न प्रदेशों में जाने को विवश हैं।




**पलायन रोकने में मनरेगा फेल :** प्रखंडों में लोगों को रोजगार से जोड़ने एवं मजदूरों के पलायन को रोकने के लिये मनरेगा योजना चलाई जा रही है। इसके तहत कई स्कीम चलाये जा रहे हैं। किन्तु मनरेगा में मजदूरों का महीनों से मजदूरी बकाया भुगतान नहीं होने एवं काम नहीं मिलने के कारण मनरेगा भी पलायन रोकने में फेल है।इतना ही नही 50प्रतिशत मजदूरों का मजदूरी भी कटौती कर लिया जा रहा है।अगर किसी योजना में 10मजदूरों का डिमांड चल रहा है तो भुगतान मात्र 5 मजदूरों का ही हो पा रहा है।यह भी एक बड़ा कारण मजदूरों के पलायन का।जब कि सभी मनरेगा कर्मियों का कमीशन फिक्स है।कर्मी किसी भी हालत में इससे समझौता नही करते। **मजदूरों ने सुनाया अपने दिल का दर्द :** अन्य प्रदेशों में रोजगार के लिये जा रहे मजदूर अविनाश पासवान कहते हैं कि अपने परिवार के लिये कमाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जितना वोट देना जरूरी है उससे अधिक जरूरी परिवार का पेट पालना भी है। सिर्फ वोट देकर तो जिंदगी नहीं चल सकता। विशुनपुरा निवासी कृष्णा कुमार कहते हैं कि हम आज कमाएंगे तब ही घर के लोगों को भोजन और बच्चों को अच्छी शिक्षा दे सकते हैं। हमलोगों के वोट से सरकार एवं नेतवन का किस्मत बदल रहा है,उनका बैंक बैलेंस बढ़ रहा है। लेकिन हम जैसे लोग जहा थे वही रह जा रहे है। हमारी किस्मत नहीं बदल पा रही है। आज भी हमलोग काम की तलाश में बाहर जा रहे हैं। **धुरकी के दिनेश कुमार कहते हैं कि ठीकेदार से पैसा ले चुके हैं। अब किसी भी हाल में घर नहीं रुक सकते :** धुरकी के मिरचैया गांव निवासी रामचंद्र और अरविंद ने कहा कि वोट देवे से पेट नहीं चलतई, जितना कमबई उतना ही खबई, वोट देवे समय हमन के याद करल जाला बाकी समय सब भूल जा लथीन। अरुण एवं दीनानाथ ने कहा कि नेतवन के खाली वोट चाहत बा, हमन के कमायेला कइगो फैक्टरी खोलले हथीन....जब हमनी के बहरे कमाये जाय के बा त वोट देवे ला काहे रूकूं, वोट देवे से पेट थोड़ो भर जतई। **क्या कहते हैं जिला उपायुक्त :** जिले के डीसी शेखर जमुआर ने जिले से मजदूरों के हो रहे पलायन के संबंध में पूछे जाने पर कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है, अगर ऐसा हो रहा है तो वे इसकी जांच कराकर मजदूरों को

**संक्षिप्त खबरें**

### मेजर विनीत को झारखंड रत्न पीपुल्स च्वाइस अवार्ड से सम्मानित किया गया

**रांची** : साइबरपीस फाउंडेशन के संस्थापक और वैश्विक अध्यक्ष मेजर विनीत कुमार को सामाजिक उद्यमी श्रेणी में प्रतिष्ठित झारखंड रत्न पीपुल्स च्वाइस अवार्ड के लिए चुना गया है। रांची क्लब लिमिटेड में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें सम्मानित किया गया। झारखंड रत्न पुरस्कार, जिसका उद्देश्य समाज पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाले व्यक्तियों को पहचानना और सम्मानित करना है, साइबर शांति और साइबर सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के क्षेत्र में उनके अथक प्रयासों की मान्यता के लिए मेजर कुमार को प्रदान किया गया था। पुरस्कार समारोह में झारखंड के 200 से अधिक प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया, जिनमें टीवी अभिनेता काम्या पंजाबी और पूर्व भारतीय क्रिकेटर सौरभ तिवारी जैसी प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल थीं। मेजर विनीत कुमार एक समर्पित सामाजिक उद्यमी हैं जो डिजिटल दुनिया में साइबर सुरक्षा, सुरक्षा, समावेशिता और शांति को बढ़ावा देने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं। उनकी उल्लेखनीय यात्रा में यूके के क्रैनफील्ड विश्वविद्यालय में साइबर डिफेंस और सूचना आश्वासन और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में नेतृत्व का अध्ययन शामिल है।

### पीएस के घर 25-30 करोड़ रुपये मिले तो मंत्री के पास कितना होगा : अर्जुन मुंडा

**रांची** : केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलमगीर आलम के पीएस के घर ईडी की छापेमारी में बरामद करोड़ों रुपये पर सोमवार को कहा कि झारखंड सरकार के मंत्री के पीएस के घर से 25 से 30 करोड़ रुपये मिल रहे तो मंत्री के पास कितना होगा। उन्होंने कहा कि क्या ऐसे लोग राष्ट्र निर्माण के बारे में सोच सकते हैं?

# रांची लोस सीट से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी ने भरा नामांकन, पिता सुबोधकांत सहाय रहे साथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** । रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अश्विनी सहाय नामांकन किया। इसके साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, राज्य सभा सांसद डॉ महुआ मांझी सहित आप और राजद के कार्यकर्तागण शामिल थे। नामांकन से पहले यशस्विनी ने धुर्वा स्थित दुर्गा मंदिर, हिनू चौक स्थित महावीर मंदिर और शनि मंदिर, हरमू रोड स्थित संतोषी माता मंदिर, अरगोड़ा चौक स्थित महावीर मंदिर में मत्था टेका और पूजा अर्चना की। इसके साथ ही डोरंडा स्थित रिसालदार बाबा के मजार पर चादर चढ़ा कर अपनी जीत का आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर उनके साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय सहित सुरेंद्र सिंह और विनय सिंहा दीपू मुख्य रूप से उपस्थित थे। पूजा अर्चना के बाद नामांकन के लिए जुलूस यात्रा निकाला गया। इस क्रम में कडरू और हरमू सहित कई स्थानों पर समर्थकों ने प्रत्याशी यशस्विनी सहाय और सुबोध कांत सहाय पर फूलों की वर्षा की। कई स्थानों पर यशस्विनी सहाय और सुबोध कांत सहाय वाहन से उतरकर समर्थकों से मिले। जुलूस यात्रा के दौरान बिरसा चौक में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सहाय ने श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर जुलूस यात्रा में ढोल - नगाड़े और गाजे बाजे के साथ झारखंडी नृत्य करते कलाकार और सैकड़ो की संख्या में दो पहिया वाहन में सवार कार्यकर्ता झंडा लिए नारेबाजी करते चल रहे थे।

**सभा को किया संबोधित:** मोराबादी मैदान स्थित बापू वाटिका के पास कांग्रेस कमेटी द्वारा सभा को संबोधित किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ,पूर्व केंद्र मंत्री



सुबोधकांत , मंत्री? आलमगीर आलम, पूर्व महापौर अजय नाथ शाहदेव, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, सुरेंद्र सिंह, कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिन्हा , अनादी ब्रह्मा,राजीव रंजन, विनय सिंह दीपू,प्रिंस,उज्जवल सहित कई नेता, विधायक, कार्यकर्ता गण शामिल थे। झारखंड मुक्ति मोर्चा, राजद, आप पार्टी के भी पदाधिकारी गण उपस्थित थे। रांची लोकसभा के विभिन्न प्रखंडों के मुखिया, जिला परिषद शामिल हुए। मंच को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि यशस्विनी सहाय को भारी मतों से जीताकर राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करना है । कांग्रेस को बहुमत के साथ सरकार में लाना है, ताकि जो संविधान बदलने की षंडयंत्र रची जा रही है वह ना हो सके। युवाओं के साथ जो 10 सालों में खिलवाड़ किया गया ,रोजगार के नाम पर उसे ठगने का काम किया है। हमारी सरकार बनने के साथ ही युवाओं को रोजगार और संविधान बचाने का काम किया जाएगा। झारखंड पर प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पूरा देश मोदी सरकार से परेशान है । 10 सालों में उन्होंने रोजगार, स्वास्थ्य ,शिक्षा पर बात नहीं कर किया न काम किया। सिर्फ मंगलसूत्र पर बात कर रहें हैं, धर्म के राजनीति कर रहे हैं। विकास से उनका लेना देना कभी नहीं रहा है। वहीं सुबोध कांत सहाय ने कहा कि हिंदू मुसलमान करने से कुछ नहीं होगा जनता अब जागरूक हो चुकी है। मतदान करने अपने घरों से निकलिए और कांग्रेस के हाथों को मजबूत कीजिए, महागठबंधन के जहां भी प्रत्याशी हैं उन्हें मतदान कीजिए, ताकि केंद्र में कांग्रेस की सरकार इंडिया की सरकार बन सके । यशस्विनी सहाय ने कहा कि युवाओं का जो अधिकार है वह अधिकार से उन्हें वंचित किया गया। हमारी सरकार बनती है तो प्रत्येक महिला को प्रत्येक महीना 8000 से अधिक राशि उसे दिया जाएगा।



## यशस्विनी सहाय के नामांकन में बड़ी संख्या में जुटे झामुमो के लोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम की अध्यक्षता में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यश्सिवनी सहाय के नामांकन में झामुमो अपने हजारों की संख्या कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम, जनक नायक ,जितेंद्र गुप्ता ,जावेद, संध्या गुड़िया ,अंसारी, विनोद तिर्की ,अजीत नायक ,यूनुस खान ,फरीद खान ,बबलू , पंकज कुमार सहित रांची लोकसभा के विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष व हजारों की संख्या नेता, कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मां की ममता पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ झारखंड की ओर से कांके रोड स्थित डीएवी गांधीनगर स्कूल में मां की ममता पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता का सोमवार को आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी मां की तस्वीर बनाकर उनकी भावनाओं को पेंटिंग के माध्यम से प्रकट किया। हर बच्चों ने अपनी मां के अलग अलग रूपों को रंगो से बयां किया। किसी ने मां को भगवान के रूप में दर्शाया तो किसी ने उन्हें सुपर वूमेन की तरह दिखाया। इस दौरान बच्चों ने कहा कि मां मेरी बेस्ट फ्रेंड है, वह हर वक्त मेरे लिए मौजूद होती हैं। भगवान हर जगह मौजूद नहीं हो सकते इसलिए उन्होंने मां को बनाया है जो हमारे अच्छे और बुरे कर्मो पर नज़र रखती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के प्रचार्य एस के सिन्हा,वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे,श्री सनातन महापंचायत झारखंड के संरक्षक संजय जायसवाल,श्री सनातन महापंचायत कला प्रकोष्ठ झारखंड के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ,अभिषेक मुकीम, सुशील मुकीम, आशा देवी सहित कई शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे।

## यदि भू-माफिया जमीन पर अवैध कब्जा करते हैं तो इस हेल्पलाइन नंबर 9153886241 पर सूचना दें

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** यदि आपकी जमीन है और कोई जबरन अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहा है तो अब घबराने की जरूरत नहीं है। जमीन दलालों से निपटने के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक ने एक नंबर जारी किया है जो आपकी मदद करेगी। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने जानकारी दी है कि रांची में भूमि माफिया के अवैध कब्जे को रोकने के लिए रांची पुलिस द्वारा 24*7 कार्य करनेवाला एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है जो कि इस प्रकार से है । 9153886241.उन्होंने कहा कि रांची पुलिस के सामने भूमि विवाद



के मामले लगातार आते रहते हैं। यूं तो भूमि विवाद के मामले में क्या कानूनी कार्यवाही अपेक्षित है। इस पर निर्णय लेने से पहले दोनों पक्ष के कागजातों को देखना अत्यंत आवश्यक होता है, लेकिन कुछेक मामलों में अचानक ही कोई भूमि दलाल या जमीन माफिया किसी की जमीन का अवैध कब्जा करना चाहता है और उस समय तुरंत जमीन का कागजात दिखाना भी संभव नहीं होता है। ऐसे अवैध कब्जे के प्रयास को रोकने के लिए रांची पुलिस एक विशेष हेल्पलाइन नंबर जारी कर रही है, वह नंबर है 9153886241। जब कोई भूमाफ़िया अवैध ढंग से अचानक कब्जा करना चाहे, तो पीड़ित व्यक्ति रांची पुलिस को सहायता के लिए इस नंबर पर कॉल अवश्य करें। रांची पुलिस पीड़ित व्यक्ति का सहयोग अवश्य करेगी।

## नौकर के घर से 25 करोड़ मिल रहा है तो मालिक के यहां से कितना मिलेगा : संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के निवर्तमान सांसद और रांची लोकसभा के सांसद उम्मीदवार संजय सेठ ने कांग्रेस पर हमला करते हुए बोला कि ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के गिरफ्तारी अभिलंब हो जानी चाहिए। यह कांग्रेस के लोग गरीबों की गाढ़ी कमाई लूट कर तिजोरी भरने वाले हैं। संजय सेठ ने ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के नौकर जहांगीर के यहां से करीब 25 करोड़ कैश बरामद होने के बाद पत्रकारों को अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कह रहे थे। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के नौकर जहांगीर के यहां से थैला भर भर कर नोटों का बंडल



मिल रहा है , 25 करोड़ से अधिक नगर नोट बरामद होने की सूचना है, तो यह आप अंदाजा लगा लीजिए। इसके मलिक आलमगीर आलम का क्या आलम होगा। ना जाने कितने कांग्रेसी हैं, जिनके पास गरीबों का नोट अवैध रूप से रखे गए हैं, ईडी सब पर कार्रवाई करें । आपको यह भी बता दे कि पिछले साल 6 मई को आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के यहां भी छापा पड़ा था और करीब 20 करोड रुपए नगद बरामद ईडी ने किया था।

## पांच बार के रांची से सांसद रहे रामटहल ने की घर वापसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मराण्डी ने पूर्व सांसद रामटहल चौधरी को पार्टी में घर वापसी कराई। मराण्डी ने उन्हें पार्टी का पटका और माला पहनाकर उनका स्वागत किया।इस अवसर पर मराण्डी ने कहा कि 4 जून को 13 कमल फूल और 1 केला माँ भारती के चरणों मे समर्पित करने के लिए झारखंड की जनता तैयार है। चौधरी भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य रहे है, उनके पार्टी में पुनः वापसी से




पार्टी को ऊर्जा मिलेगी।चौधरी ने कहा कि वे घर मे ही थे लेकिन साइलेंट मॉड में थे लेकिन अब एक्टिव मॉड में आ गया हूँ। चौधरी ने कहा कि मेरा कार्यकर्ताओं के साथ लगातार मिलना जुलना लगा हुआ था, मेरा इस्तीफा भी पार्टी ने स्वीकार नही किया था, न ही मुझे निष्काषित किया गया था।इस अवसर पर पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष रणधीर चौधरी ने भी पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया।इस अवसर पर सांसद संजय सेठ, महेश पोद्दार, अजय मारू, रामकुमार पाहन उपस्थित थे। मंच का संचालन मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और धन्यवाद ज्ञापन ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने किया।

## आईसीएससी दसवीं परीक्षा में कार्मेल स्कूल लोवाडीह की छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आईसीएससी दसवीं परीक्षा बोर्ड का रिजल्ट सोमवार को जारी हो गया । रांची के कार्मेल स्कूल लोवाडीह की छात्राओं का अच्छा खासा प्रदर्शन रहा। जिसमें अंकित 487 मार्क्स लाकर 97.4प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रही । काशफ नाज 486 अंक 97.2त्न लाकर सेकंड , इसके अलावा भूमि कुमारी 481 तीसरे स्थान पर ,करीना कुमारी 480 लाकर चौथे स्थान पर रही। इसके अलावा अन्वेषा कुमारी पांचवें स्थान पर, आयुषी सिंह, तेजस्वी सिन्हा ,श्रावणी प्रिया, अंबिया इकराम, कुसुम नंदी , तनु प्रिया, आमना हुसैन, अपर्णा राज सिंह, मनीषा महतो, वर्षा कुमारी मंडल, रागिनी कुमारी, पूनम कुमारी ,कुमारी इशिका , प्रतिक्षी कुमारी शामिल है। छात्राओं



के बेहतर प्रदर्शन आने के बाद कार्मल स्कूल की प्रिंसिपल ने सभी छात्रों को बधाई दी और कहा कि भविष्य में बेहतर करें हम सब की दुआ आपके साथ हैं।

## झारखंड पुलिस एसोसिएशन के महामंत्री ने चतरा एसपी से की भेंट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आईआरबी -3 पिपरवार चतरा झारखंड पुलिस एसोसिएशन के महामंत्री मो महताब आलम के पहुंचने पर वहां भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद स्थानीय पदाधिकारियों ने अपने यहां की समस्याओं को महामंत्री से अवगत कराया गया । महामंत्री ने सभी की बातें सुनकर उस पर विचार किया। इसके बाद चतरा एसपी से महामंत्री ने शिष्टाचार भेंट करके आईआरबी 3 की मांगों को रखा । एसपी द्वारा आश्वासन दिया गया कि हर संभव मदद किया जाएगा । इस मौके पर मोहम्मद शमशाद खान, वीरेंद्र सिंह, सत्येंद्र कुमार मिश्रा ,रंजीत कुमार ,मणिमोहन प्रसाद, मंटू कुमार, संजीव कुमार ,सिंगारी दिनेश यादव, पुश मारंडी ,पुलिस मेंस के अध्यक्ष शमशेर खान , मंत्री सुजीत कुमार सिंह मौजूद थे।

## झारखंड हाई कोर्ट से मरांडी को राहत

**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ बयानबाजी मामले में मधुपुर थाने में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देने वाली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की याचिका की सुनवाई सोमवार को हुई। मामले में कोर्ट ने बाबूलाल मरांडी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार को तीन सप्ताह में प्रति शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। आरोप है कि एक निजी यूट्यूब चैनल ने सोशल मीडिया में झारखंड में बाबूलाल मरांडी की ओर से तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व उनके परिवार के खिलाफ दिए गए साक्षात्कार को अपलोड किया था।

## रांची संसदीय क्षेत्र से कुल 33 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : रांची संसदीय क्षेत्र से कुल 33 उम्मीदवारों ने नामांकन किये हैं। नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन सोमवार को 16 उम्मीदवारों ने अपने-अपने नामांकन दाखिल किये। इनमें कांग्रेस से यशस्विनी सहाय, निर्दलीय से प्रवीण चन्द्र महतो, जय महाभारत पार्टी से सोमा सिंह, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) से रंजना गिरि, निर्दलीय से कोलेश्वर महतो, बहुजन मुक्ति पार्टी से विनोद उरांव, निर्दलीय से संतोष कुमार जयसवाल, झारखंड जनक्रांति मोर्चा से अमरेंद्र कुमार, निर्दलीय से ऐनुल अंसारी, निर्दलीय से संदीप उरांव, भागीदारी पार्टी (पी) से




श्याम बिहारी प्रजापति, निर्दलीय से संजय कुमार महतो, समता पार्टी से हेमंती देवी, निर्दलीय से प्रेमनाथ बड़ाई, निर्दलीय से मंजू देवी, स्वराज एकता पार्टी से सुशील कुमार शामिल हैं।

इन सभी उम्मीदवारों की ओर से जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के समक्ष नामाकंन किया गया। इससे पहले नामांकन करने वालों में मिंटू पासवान, रामहरि गोप ,अरशद अयूब, पंकज कुमार रवि, संजय सेठ, हरिनाथ साहू, अंजनी पांडे, धनंजय भगत, मनोरंजन भट्टाचार्य, मनोज कुमार, बिरेंद्र नाथ मांझी, धर्मेंद्र तिवारी, निपु सिंह, देवेंद्र नाथ महतो, प्रवीण कच्छप, कामेश्वर प्रसाद साव शामिल है।

सात मई को स्क्रूटनी, 09 मई तक उम्मीदवार वापस ले सकेंगे नाम

उपायुक्त ने बताया कि रांची संसदीय क्षेत्र के लिए उम्मीदवारों की ओर से दाखिल किये नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी सात मई को होगी। उम्मीदवार 09 मई तक नामांकन वापस ले सकेंगे। इसके साथ ही योग्य उम्मीदवारों की फाइनल सूची जारी कर दी जाएगी, 25 मई को मतदान होगा और चार जून को पंडरा बाजार समिति प्रांगण में मतगणना होगी।

## रांची में मतदान के मद्देनजर झारखंड हाई कोर्ट में 25 मई को अवकाश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : रांची लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को मतदान है। इसके मद्देनजर 25 मई को झारखंड हाई कोर्ट में अवकाश रहेगा। हाई कोर्ट ने सोमवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि 25 अप्रैल को रांची में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। इसलिए हाई कोर्ट में अवकाश घोषित किया गया है। वोटिंग के दिन अवकाश इसलिए रखा गया है ताकि हाई कोर्ट के जस्टिस, रजिस्ट्री से जुड़े कर्मचारी और अधिवक्ता मताधिकार का इस्तेमाल करने से वंचित न हो। घोषित अवकाश की जानकारी हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन को भी दे दी गयी है।

## मतदाता जागरुकता के लिए एसवीईईपी के तहत सोशल मीडिया अभियान सात मई को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड में लोकसभा चुनाव के चौथे, पांचवे, छठे और सांतवे चरण में मतदान होना है। चुनाव में मतदाता जागरुकता के लिए सात मई को संध्या छह बजे से आठ बजे तक सोशल मीडिया हैंडल्स एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब आदि पर स मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर अभियान चलाया जाएगा। व्यवस्थित मतदाता शिक्षा (एसवीईईपी) के तहत इस अभियान का संचालन होगा। इसमें राज्य के सभी सरकारी स्कूलों के शिक्षक, छात्र और एसएमसी सदस्य शामिल होंगे। इस अभियान के तहत स्कूलों में पूर्व से संचालित की जा रही विभिन्न मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों से संबंधित तस्वीरें, वीडियो, स्लोगन, पेंटिंग्स आदि स मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर अभियान के अंतर्गत पोस्ट की जाएंगी। साथ ही सभी विद्यालयों में अपील पत्र, पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, बैज मेकिंग, कार्टून मेकिंग, अभिभावकों-पड़ोसियों के साथ सेल्फी, रंगोली मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा, जिसे सोशल मीडिया अभियान के तहत अपलोड किया जाएगा। इसके अलावा प्रतिदिन




स्कूलों में मतदान से संबंधित रोचक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। बच्चों को भारत के विराट लोकतांत्रिक विरासत और इसकी गौरवगाथा के बारे में बताया जा रहा है। बच्चे इन प्रयासों से लोकतांत्रिक इतिहास और मतदान के महत्त्व को आसानी से समझ पा रहे हैं। इतना ही नहीं वे अपने टोलों, गांवों में भी जागरुकता अभियान चला रहे हैं।

**स्कूलों में स्थापित किया गया लोकतंत्र कक्ष:** राज्य के हाई स्कूलों में छात्रों एवं उनके अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब बनाया गया है। इसके अंतर्गत विद्यालयों में लोकतंत्र कक्ष की स्थापना की गयी है। इस रूम में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से जुड़े चित्रों, पेंटिंग्स, आर्ट एंड क्राफ्ट, ईवीएम, वीवीपैट मशीने आदि की प्रतीकात्मक प्रदर्शनी लगाई गयी है। बच्चे इस कक्ष में अभिभावकों के साथ आकर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को आसानी से समझ सकते है। इस कक्ष में भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के बारे में भी बच्चे जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।


**NAME CHANGE**

**I, MOHAMMAD ANISUR RAHMAN, (Aadhar no:- 390626183754), Son of Late Abdur Rahman, Resident of Rahman Manzil 46, Dr. Fatehullah Lane, P.S. Lower Bazar, G.P.O. Ranchi, Dist-Ranchi (Jharkhand) Pin – 834001, Jharkhand will be Known as MOHAMMAD ANISUR RAHMAN, Instead Of ANISUR RAHMAN, And MD. ANISUR RAHMAN, Vide Affidavit No :- 488 Date - 16.11.2023.**

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में बाल वाटिका एवं जादुई पिटारा पर कार्यशाला आयोजित



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई द्वारा आयोजित बाल वाटिका और जादुई पिटारा पर कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में श्री समरजीत जेना, जिला प्रशिक्षण कॉर्डिनेटर और प्राचार्य, जवाहर विद्या मंदिर जैसे शिक्षा जगत के प्रतिष्ठित सदस्यों की उपस्थिति रही। उप जिला प्रशिक्षण कॉर्डिनेटर एवं डीएवी हेहल के प्राचार्य श्री एस.के. मिश्रा, सिटी कॉर्डिनेटर एवं प्राचार्य डीपीएस रांची डॉ. राम सिंह और डिप्टी सिटी कॉर्डिनेटर एवं सरला बिरला पब्लिक स्कूल की प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर उपस्थित हुए। इस सत्र के लिए विशेषज्ञ के रुप में विकास विद्यालय, रांची के प्राचार्य श्री पी.एस. कालरा और जमशेदपुर पब्लिक स्कूल सुश्री अर्पिता बख्शी उपस्थित थे। रिसोर्स पर्सन का एक पैनल भी था जिनकी उपस्थिति से आज का सत्र बहुत समृद्ध बन गया। पूरे झारखंड राज्य से 50 से अधिक प्राचार्यों और लगभग 200 शिक्षक प्रतिनिधियों ने सत्र में भाग लिया। सत्र में प्रतिभागियों को बाल वाटिका पाठ्यक्रम में जादुई पिटारा को शामिल करने के इंटरैक्टिव और रचनात्मक तरीकों से अवगत कराया गया, जो एनसीएफ-2022 फाउंडेशन स्टेज का केन्द्रबिंदु है। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम की मेजबानी की और भाग लेने वाले शिक्षकों को अपने शिक्षार्थियों के बीच स्वतंत्र सोच को बढ़ावा देने के लिए अपने रचनात्मकता को उजागर करने के लिए प्रोत्साहित किया। इससे न केवल उनकी कक्षाएँ एक खुशहाल जगह बन जाएंगी बल्कि छात्रों को स्कूल जाने का आनंद भी मिलेगा।

## भाजपा की बैठक संपन्न

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खिजरी विधानसभा कोर कमेटी , प्रबंध समिति एवं मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी की बैठक बालाजी रेस्टोरेंट टाटी सिल्वे में की गई है। सभी सम्मानित पदाधिकारी व नेता ने चुनाव संचालन में अपने अपने सुझाव एवं मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर प्रदेश संगठन प्रभारी क्रमवीर सिंह, पूर्व विधायक व खिजरी विधानसभा संयोजक राम कुमार पाहन, ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो,सांसद प्रसिनिधि प्रमोद सिंह,वरिष्ट नेता जैलेंद्र कुमार, राजन साहू,मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, अशोक मुंडा,रामनाथ महतो,महामंत्री अमित मिश्रा,महेंद्र महतो,श्री दाम सिंह मुंडा,राजेश मिश्रा, पिंटू सिंह, रोशनी खलखो इत्यादि गण मान्य लोग उपस्थित थे।

## ट्रेन में सफर कर रहा युवक घायल

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ट्रेन में सफर कर रहे हैं युवक को चोट लगने से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बिहार सहरसा के निवासी अखिलेश कुमार उड़ीसा रायगढ़ा में काम करने गया था। वह अपने घर सहरसा ट्रेन नंबर 15027 मौर्य एक्सप्रेस से लौट रहा था। ट्रेन में काफी भीड़ होने के कारण वह दरवाजे पर बैठ गया किता स्टेशन से ट्रेन गुजरने पर उसका पैर प्लेटफार्म पर रगड़ाते हुए कुछ दुर तक गया जिससे उसके पैर में काफी चोट आई। मुरी स्टेशन में ड्यूटी में तैनात आरपीएफ के जवानों ने उस घायल युवक को उतार लिया और रेलवे मेडीकल टीम को सुचना दिया गया। मेडिकल टीम पहुंचकर घायल युवक का इलाज किया।

## संत क्लेयर्स स्कूल लोकाई के छात्र छात्राओ ने दसवीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त की

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईसीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त जिले का एक मात्र स्कूल संत क्लेयर्स स्कूल लोकाई के छात्र छात्राओ ने दसवीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त की है। विद्यालय से इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में शामिल कुल 134 छात्र छात्राओ में सभी ने उत्तीर्ण होकर विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत करने का गौरव प्राप्त किया है। प्रारंभ से ही इस विद्यालय का बोर्ड का परीक्षाफल काफी गौरवपूर्ण रहा है। विद्यालय के छात्र राजा कुमार ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया है। कोडरमा जिले के जलवाबाद निवासी स्वर्गीय उमेश चंद्र साव एवं गुड्डी देवी के पुत्र राजा कुमार ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय बल्कि कोडरमा क्षेत्र के साथ साथ अपने परिवार का भी नाम रौशन किया है। उल्लेखनीय है कि विद्यालय की सेकेंड टॉपर कोडरमा निवासी अधिवक्ता संतोष कुमार एवं शिक्षिका प्रतिमा सिंह की पुत्री सिद्धि परमार एवं कोडरमा निवासी संजय कुमार व कुंदन कुमारी के पुत्र सौमिल श्लोक ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से विद्यालय को गौरवान्वित किया है। वहीं थर्ड टॉपर के रूप में कोडरमा निवासी मोहम्मद साबिर इमाम खान एवं साजिया अंजुम की पुत्री उजमा सबिर, दूधीमाटी कोडरमा निवासी सौरभ कुमार एवं ऋचा रंजन के पुत्र सूरज रंजन एवं कोडरमा निवासी न्यायालय कर्मी आशीष कुमार सिन्हा एवं रूबी सिन्हा के पुत्र अभिजीत शिवम ने संयुक्त रूप से 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। विद्यालय के चौथे टॉपर तन्मय गुप्ता व ऐमान हुसैन ने 95 प्रतिशत, पांचवें टॉपर कोमल पांडे ने 94.6 प्रतिशत, छठे टॉपर प्राची कुमारी व आकाश कुमार ने 94 प्रतिशत, सातवें टॉपर वकिता प्रकृति कुजुर ने 93.4 प्रतिशत, आठवाँ टॉपर अंजली कुमारी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इसके अलावा श्रेयांश शेखर सिंह ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नवां स्थान, रितेश कुमार पंडित व जिया रानी ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दसवां स्थान पर रहे। साथ ही पालक सिंह ने 92 प्रतिशत, मिस्टी राज ने 91.4 प्रतिशत, प्रियांशु सेठ व अटल पृथ्वी राज ने 91.2 प्रतिशत, अर्णव नारायण ने 90.6 प्रतिशत, आर्या ने 90.4 प्रतिशत, झील शर्मा 90.2 प्रतिशत तथा सलोनी वर्मा एवं शीतल कुमारी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की ख्याति को बढ़ाया है। इसके अलावा विद्यालय के सभी शत प्रतिशत छात्र छात्राओ ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए उत्तीर्णता हासिल कर विद्यालय की गरिमा को बढ़ाया है। विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर सुमा ने विद्यालय के सभी छात्र छात्राओ को उनकी शानदार सफलता पर बधाई देते हुए कहा है कि विद्यालय की यह सफलता विद्यार्थियो के कठिन परिश्रम, शिक्षकों के सफल मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सक्रिय सहयोग का परिणाम है। विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओ ने विद्यार्थियो को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## मरकच्चो में इंडिया गठबंधन प्रत्यासी विनोद सिंह ने किया कार्यालय का उद्घाटन

**मरकच्चो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बंधन चौक स्तिथ क्षेत्रिय भवन में सोमवार की शाम इंडिया गठबंधन के चुनाव कार्यालय क़ा उद्धघाटन कोडरमा लोक सभा प्रत्यासी कॉ बिनोद सिंह ने फीता काट कर किया। ईस दौरान जेएमएम, राजद, कांग्रेस,माले के कार्यकर्ताओ ने चुनाव क़ी रणनीति बनाई साथ ही इंडिया गठबंधन प्रत्यासी को भारी मतों से जिताने पर जोर दिया। वहीं कार्यकर्ताओ ने कहा क़ी दल के प्रत्यासी बिनोद सिंह के चुनाव चिन्ह झंडे में तीन तारा को लेकर समर्थको क़ी टोली घर घर जाकर चुनाव का प्रचार प्रसार करेंगे। मौके पर प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष रवि शंकर सिंह उर्फ रिंकू,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर तिवारी, मोहम्मद खलील, राजद के सरफराज खान,बिनोद साव, बसंत पासवान, तुलसी यादव, उमेश सिंह,सरफुद्दीन अंसारी, भुवनेश्वर प्रसाद यादव,मनिंदर राम ,मो सोहराब,मंसूर आलम, मो अमजद,अशोक सिंह, मनीष सिंह,चन्द्रदेव सिंह,तोकीर अहमद,,राजद के बबलु यादव,लालु यादव, बहादुर यादव,अशोक यादव ,विदेशी दास,कोसर शाह, एरकान अहमद,अफजाल मियां, गुलाम मुस्तफा ,मोहम्मद अफजल समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# इंडिया महागठबंधन का बैठक सह जनसम्पर्क अभियान चला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जयनगर :** प्रखंड के कटहाडीह पंचायत के खेसकरी गाँव में जूबैर खान के अध्यक्षता में इंडिया महागठबंधन का बैठक किया गया एवं जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस जनसंपर्क अभियान में झंडे में तीन तारा पर वटन दबा कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह को विजय बनाने का अपील किया गया सभी गांवो में जनता का मिल रहें अपार समर्थन और उत्साह से साफ जाहिर होता है की इस बार कोडरमा लोकसभा के जनताजनर्धन भाजपा को उखाड़ फेंकेगी और बिनोद सिंह को भारी मतों से विजय बनाकर सांसद भेजेगी जनता की आवाज लोकसभा में गुंजेगी वह आवाज गांवों में शहरों में सड़कों पर भी सुनाई पडेगा क्षेत्र का जो बिकास रूका हुआ है तेज गति से आगे बढेगा.

जनसंपर्क अभियान में माले प्रखंड सचिव अशोक यादव, ऐपवा नेत्री नेत्री नंदिता भट्टाचार्य, माले नेता विजय पासवान, मुंना यादव, कांग्रेस नेता सह कटहाडीह पंचायत मुखिया प्रतिनिधि वासी अहमद, कांग्रेस नेत्री सह पूर्व मुखिया अर्चना सिंह कांग्रेस नेता अरमान खान, सीपीई नेता समीम खान बबलू, साकिर खान, जागेश्वर साव, पूर्व जिला परिषद पवन सिंह, साहब खान, पप्पू सिंह मंसूर खान,आजाद खान, तसवार आलम, साजिद खान,सलमान खान, शाहिद अली आदि शामिल थे ,वहीं रघुनियांडिह गाँव में राज कमेटी सदस्य मोहम्मदी इब्राहिम के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया, पूर्वी जोन के झलकडीह,मतौनी, अमबाडीह, नावाडीह गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया गया जिसमें लोकल कमेटी सचिव चांद अख्तर,दुलारचंद दास,कालेश्वर राणा, शंभूनाथ वर्मा,सुरेंद्र सिंह, रितिक राज, जगमोहन महतो,पूर्व मुखिया प्रतिनिधि महेश दास, विजय ठाकुर शामिल थे.

# सेक्रेड हार्ट स्कूल में एनडीए पर सेमिनार आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** सेक्रेड हार्ट स्कूल में सोमवार को वर्ग दशम के बच्चों के लिए एनडीए पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस मौके पर ब्रिगेडियर अमर नारायण ने मुख्य वक्ता के रुप में बच्चों का मार्गदर्शन किया। प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने बूके देकर उनका स्वागत किया। एकेडमिक कोर्डिनेटर प्रवीण कुमार ने अतिथि का परिचय और विषय प्रवेश कराया। बिग्रेडियन अमर नारायण ने भारतीय सेना में 38 वर्षों से अधिक की सेवा दी है। उनकी शुरुआती पढ़ाई सैनिक स्कूल तिलैया से हुई। वे जून 1981 में राष्ट्रीय रक्षा एकेडमी में शामिल हुए और जून 1985 में सेना की वायु रक्षा शाखा में नियुक्त हुए। उन्होंने अपने लंबे और शानदार कॅरियर के दौरान विभिन्न चुनौतीपूर्ण कार्यों को अंजाम दिया। जिसमें सियाचिन ग्लेशियर, जम्मू-कश्मीर में उग्रवाद विरोधी अभियान और असम में उग्रवाद विरोधी अभियान शामिल हैं।

उन्होंने जम्मू-कश्मीर में वायु रक्षा रेजिमेंट और बाद में विशिष्ट वायु रक्षा ब्रिगेड की कमान संभाली। उन्होंने आर्मी एयर डिफेंस सेंटर के कमांडेंट की प्रतिष्ठित नियुक्ति भी संभाली, जो भारतीय सेना रक्षा कोर में शामिल होने वाले सभी रंगरूटों को प्रशिक्षण देने के लिए जिम्मेदार है। उन्हें 3 साल से अधिक समय तक इलाहाबाद में एसएसबी के सेवा चयन बोर्ड के अध्यक्ष रहने का सौभाग्य मिला, इस दौरान उन्होंने 3000 से अधिक उम्मीदवारों की स्क्रीनिंग और साक्षात्कार लिया। वे सेना के अधिकारियों को प्रशिक्षित करने के लिए कई प्रतिष्ठित रक्षा कॉलेजों में प्रोफेसर रहे हैं, जिनमें आर्मी एयर डिफेंस कॉलेज गोपालपुर और अहमदनगर में आर्मर्ड कोर कॉलेज शामिल हैं। उन्हें उन बच्चों को सलाह देना और मार्गदर्शन करना पसंद है जो भारत की रक्षा बलों में शामिल होना चाहते हैं। इस मौके पर उन्होंने स्कूली बच्चों को एनडीए से जुडे कई टिप्स भी दिए जिसमें तैयारी समेत अन्य विषय शामिल थे। प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया ओर ब्रिगेडियर अमर नारायण का आभार जताया जिन्होंने बच्चों का मार्गदश्रन किया। उन्होंने बच्चों को सेना के क्षत्र में जाने के लिए प्रेरित भी किया। इस मौके पर कई बच्चे मौजूद थे।

# संत माईकल +2 स्कूल, मूरी में इंगलिश जस्ट ए मिनट प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** संत माईकल + 2 स्कूल, मुरी में इंगलिश जस्ट ए मिनट प्रतियोगिता के विजेताओ को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर विद्यालय प्रांगण में सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता 29/04/2024 को विद्यालय में आयोजित कि गई थ्री जिसमें वर्ग नौवीं से बारहवीं के बच्चो ने बढ़ चढ़?कर हिस्सा लिया था। स्कूल के निदेशक श्री राकेश कुमार ने आशिष वचन के साथ बच्चो को इस प्रतियोगिता का महत्व बताए एवम् इस तरह के प्रतियोगिता में सभी बच्चो को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित भी किए।

स्कूल के प्राचार्य श्री सी एल प्रजापति ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए भविष्य में होने वाली अन्य सभी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दिए। विद्यालय के प्रबंधक डॉ रूपेश कुमार ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिए एवं बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चे अपनी छिपी प्रतिभा को निखारते है और अधिक सफलता मिलती है। उन्होंने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा इस तरह की प्रतियोगिता आगे भी आयोजित की जाएगी।मौके पर विद्यालय के शिक्षक एवम् शिक्षाकाए मनीषा सिंह, अजय चिक बराईक, श्वेता रेजिश भेंगरा, रमेश गौराई, किशोर कुमार, सोमांशी तिवारी , हनी कश्यप,वी वेकेंट राव एवं विद्यालय के संभी छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

# अवैध बालू का खनन काफी जोरों पर, प्रशासन मौन



**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ओपी क्षेत्र में अवैध बालू खनन काफी जोरों पर चल रहा है। प्रतिदिन ट्रैक्टरों द्वारा नदी से अवैध बालू उठाकर प्रशासन के नाक के नीचे से गुजर रहा है। यह बालू मुरी स्वर्ण रेखा नदी,मारदू घाट इसके अलावा और भी कई घाटों से उठाया जा रहा है। सुबह से लेकर शाम तक बालू का ढुलाई में कई ट्रैक्टर लगे हुए हैं। जबकि प्रशासन द्वारा हर सड़क में गस्ती जारी है। इसके बावजूद भी ट्रैक्टर मालिक बेखौफ इस धंधा में जुड़े हुए हैं।

# ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के एलुमनी सदस्यों ने की वृद्धा आश्रम का भ्रमण

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के एलुमनी एसोसिएशन ऑफ ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सदस्यों ने हजारीबाग स्थित वृद्धा आश्रम का भ्रमण किया गया । एलुमनी सदस्यों ने वृद्ध आश्रम में उपस्थित सभी वृद्ध महिला एवं पुरूषों से परिचय किया।

तत्पश्चात एलुमनी सदस्यों के द्वारा सभी को खाद्य सामग्री,पोशाक एवं फल आदि वितरण किया गया। तदुपरांत एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने वहां के पाकशाला, शयन कक्ष एवं संपूर्ण परिसर के वातावरण एवं वृद्धा आश्रम की स्थितियों से अवगत हुए साथ ही ईश्वर एवं प्रकृति से उनके दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना किए एवं अपने उज्जवल भविष्य हेतू आशीर्वाद प्राप्त किया ।

इस अवसर पर महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने कहा कि वृद्ध महिला एवं पुरूष परिवार, समाज एवं राष्ट्र की अनवीकरणीय धरोहर है। हम अपने जीवन की कल्पना इनके बगैर कतई नहीं कर सकते हैं। हमें सदैव वृद्ध महिला एवं पुरूष को सम्मान करना चाहिए एवं इनका विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है।महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मृदुला भगत ने कहा कि वृद्ध माता पिता हमारे जीवन के आईना है। हमें इनके बताए मार्ग पर सदैव चलने की जरूरत है.एलुमनी एसोसिएशन के समन्वयक सहायक प्राध्यापक सौरभ शर्मा ने वृद्धा आश्रम हेतू भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विविध कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी ।

उक्त भ्रमण में एलुमनी एसोसिएशन ऑफ ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सचिव अनिल दास एवं सदस्य खुशबू कुमारी सिन्हा, चुन्नु कुमार एवं रोहित कुमार सहित महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक डॉ. मनीष कुमार पासवान, संजीत कुमार, मनीष कुमार सिन्हा, सीताराम यादव एवं शिक्षकेतर कर्मचारी सुचित कुमार, दीपक पाण्डेय, सुधीर साव एवं नागेश सिंह उपस्थित रहे।

झारखण्ड सरकार
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
सैनिक कल्याण निदेशालय

डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची में एक लेखापाल के नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रण की सूचना

झारखण्ड राज्य के इच्छुक पूर्व सैनिकों से डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन –सह–सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची में एक लेखापाल के नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन प्रपत्र 22 मई 2024 पाँच बजे अपराहन् तक पहुँच जाना चाहिए। नियम एवं शर्तें डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड राँची के कार्यालय के सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।


निदेशक के आदेशानुसार
ह0/–
(सहायक निदेशक)
सैनिक कल्याण निदेशालय
डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान
भवन–सह–सैनिक बाजार,मेन रोड, राँची

स्थान : राँची
दिनांक : 02 मई 2024

PR 324483 Home(24-25).D

जिला जन–सम्पर्क कार्यालय, गढ़वा।
(मीडिया एवं पब्लिसिटी कोशांग)
प्रेस विज्ञप्ति

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर मतदाताओं को ईवीएम के माध्यम से मतदान करने हेतु आवश्यक जानकारी।



ईवीएम के माध्यम से मतदान

वोट देने के लिए तैयार
जैसे ही आप मतदान कक्ष में प्रवेश करते हैं, तीसरा मतदान अधिकारी मतपत्र इकाई (बीयू) करे सक्षम कर देता है। बीयू 'रेडी' लाइट चमकेगी।

अपना मत डालें
अपनी पसंद के उम्मीदवार के नाम/चिन्ह/नोटा विकल्प के सामने बैलेट यूनिट पर नीला बटन दबायें।

बती को देखें
उम्मीदवार के नाम/चिन्ह/चयनित नोटा विकल्प के सामने लाल बत्ती जलेगी।

अपना वोट सत्यापित करें
वीवीपैट चुने गए उम्मीदवार/नोटा के सीरियल नंबर, नाम और प्रतीक वाले पेपर स्लिप को प्रिंट और प्रदर्शित करेगा।

'बीप' सुनें
नियंत्रण इकाई से बीप ध्वनि यह बताता है कि वोट सफलतापूर्वक डाल दिया गया है।

ह०/–
नोडल पदाधिकारी, मीडिया एवं पब्लिसिटी कोषांग, गढ़वा।

PR 324468 Election(24-25)D

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, चतरा
(डाक मतपत्र–सह–मतपत्र कोषांग)
:– आम सूचना :–

लोकसभा आम चुनाव 2024 में लोकसभा क्षेत्रवार डाक मतपत्र के माध्यम से Home Voting (AVSC/AVPD) के मतदाताओं को मतदान कराने के लिए निम्नलिखित तिथियॉ निर्धारित की जाती है जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

प्रथम चरण :–

| क्रम | पोस्टल बैलेट से मतदान की तिथि | निर्धारित समय | विधान सभा का संख्या एवं नाम | सुविधा केन्द्र का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 09.05.24 से 14.05.24 | पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक | 27–चतरा एवं 26–सिमरिया | प्रखण्ड–कान्हाचट्टी, ईटखोरी, मयूरहण्ड, पत्थलगडडा, सिमरिया, टण्डवा, कुन्दा, हण्टरगंज, चतरा में 40% से उपर के दिव्यांग एवं 85+ Years के Home Voting हेतु चिन्हित मतदाताओं को मतदान कराने हेतु गठित मतदान टीम द्वारा घर–घर मतदान कराया जाएगा। |

द्वितीय चरण :–

| क्रम | पोस्टल बैलेट से मतदान की तिथि | निर्धारित समय | विधान सभा का संख्या एवं नाम | सुविधा केन्द्र का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 16.05.24 से 17.05.24 | पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक | 27–चतरा एवं 26–सिमरिया | प्रखण्ड–कान्हाचट्टी, ईटखोरी, मयूरहण्ड, पत्थलगडडा, सिमरिया, टण्डवा, कुन्दा, हण्टरगंज, चतरा में 40% से उपर के दिव्यांग एवं 85+ Years के Home Voting हेतु चिन्हित मतदाताओं को मतदान कराने हेतु गठित मतदान टीम द्वारा घर–घर मतदान कराया जाएगा। |

नोट :– बुर्जूग मतदाता–85+ उम्र।
दिव्यांग मतदाता–40%+ दिव्यांगता।

विशेष नोट :– सभी अभ्यार्थी, लोकसभा 4–चतरा (2024) को सूचित किया जाता है कि मतदान तिथि को संबंधित प्रखण्डों मे अपने मतदान अभिकर्त्ता (Polling Agent) को नियुक्त करते हुए Home Voting Team के साथ भेजा जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, चतरा।

PR 324475 Election(24-25)D

"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता"
कार्यालय :–जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लातेहार।
(Postal Ballot& EDC कोषांग)
आम सूचना

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के धारा 28 A में निहित प्रावधान तथा भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक 52/2023/SDR/VOL-4 दिनांक 31.10.2023 से प्राप्त निदेश के आलोक में आवश्यक सेवाओं में संलग्न अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं (85+ आयुवर्ग के वरिष्ठ एवं 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांग नागरिक) का लोकसभा आम चुनाव 2024 में पोस्टल बैलेट के द्वारा होम वोटिंग **(Home Voting)** के माध्यम से मतदान कराया जाना है। उक्त मतदान हेतु लातेहार जिलान्तर्गत मतदान की तिथि 09.05.2024 से 14.05.2024 तक निर्धारित है।

| प्रखण्ड का नाम | वरिष्ठ + 85 वर्ष अथवा अधिक उम्र वाले मतदाताओं की कुल संख्या | दिव्यांग मतदाताओंकी कुल संख्या | मतदान की तिथि | मतदान का समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 लातेहार | 2 | 3 | दिनांक– 09.05.2024 से 14.05.2024 तक | पूर्वाह्न् 09:00 बजे से अपराहन् 05:00 बजेतक |
| 02 बालूमाथ | 3 | 2 | | |
| 03 बारियातु | 1 | 0 | | |
| 04 हेरहंज | 6 | 0 | | |
| 05 मनिका | 0 | 2 | | |
| 06 बरवाडीह | 3 | 0 | | |
| 07 गारू | 0 | 1 | | |
| 08 महुआडांड़ | 2 | 3 | | |
| कुल :– | 17 | 11 | | |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार।

PR 324433 Election(24-25)D

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## प्रेस क्लब ऑफ़ जमशेदपुर और जिला प्रशासन का मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 25 मई को वोट करेगा जमशेदपुर इस अभियान के तहत बूथों पर मतदाताओं की संख्या कैसे बढ़े. हर लोग वोट डाल सके. जिसको लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम प्रेस क्लब ऑफ़ जमशेदपुर और जिला प्रशासन के द्वारा संयुक्त कार्यक्रम बिस्टुपुर के माइकल जॉन ऑडोटोरियम में आयोजित की गई. जिसमें डीडीसी मनीष कुमार, धालभुमगढ़ एसडीओ पारुल सिंह, प्रभात खबर के संपादक संजय मिश्रा, इस्पात मेल के संपादक बृजभूषण सिंह (छोटकू जी), चमकता आईना के संपादक जय प्रकाश राय (मुन्ना जी), प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रशांत सिंह पुतुल, महासचिव अंजनी पांडेय, सचिव विनय पूर्ति, बिधा सिंह, अजय महतो, देवानंद सिंह, अजय शंकर, संदीप श्रावर्ण, रंगाधर नंदा, सिद्धि नाथ दुबे, उमा शंकर दुबे, रत्नेश तिवारी, राघवेंद्र शर्मा, नागेंद्र शर्मा, अरुण सिंह, राकेश मिश्रा, अनूप गुप्ता, नानक सिंह, अन्नी अमृता, अंतरा बोस, मणिशंकर, प्रभात कुमार, मनोज कुमार सिंह, मो अकबर, पिंटू सिंह, अमज़द खान, इम्तियाज़ इंतु, भोला प्रसाद, पीयूष मिश्रा, आशीष तिवारी, रंजीत ओझा, रंधीर सिंह, आशुतोष, रोहित, नविन, जावेद, अभिषेक पीयूष, राजेश सिंह, सिद्धार्थ, अनूप मिश्रा, मनोज रजक, मुख्य रूप से मौजूद थे। जहाँ सिर्फ वोट की प्रतिशत बढ़ाने को लेकर विशेष चर्चा की गयी हैं और सभी ने वोट देने और दिलाने के लिए जागरूक करने और अपने अपने मत अधिकार को समझने का संकल्प लिया हैं। वही कहाँ हैं की लोकतंत्र में हर एक वोट का महत्व रखता हैं जिसे हर लोग समझें और जमकर वोट डाले।




## रांची लोकसभा से प्रवीण महतो ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में दाखिल किया नामांकन

**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रवीण महतो ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से सोमवार आखरी दिन को नामांकन दाखिल किया। लोकसभा सीट के लिए 25 मई को मतदान किया जाएगा। निर्दलीय प्रत्याशी प्रवीण ने पर्चा भरते हुए कहा कि रांची लोकसभा मेरा परिवार है। सांसद बन जाते हैं बड़े-बड़े पार्टी के पर जनता को आश्वासन के सिवा और कुछ नहीं मिलता है। निर्दलीय अगर मैं सांसद बनता हूं तो जनता के अधिकारों के लिए लड़ूंगा। जनता की हर समस्याओं को दूर करने का काम करूंगा और आश्वासन नहीं काम होगा। रांची लोकसभा क्षेत्र विकास के लिए सदैव आगे रहेंगे।



## सरायकेला में एमएसीटी के स्पेशल लोक अदालत का आयोजन 8 जून को

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झालसा,राँची के निर्देशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामाशंकर सिंह के मार्गदर्शन में 8 जून को मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल( एम ए सी टी) के स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। स्पेशल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सोमवार को अधिवक्तागण के साथ बैठक किया। उन्होंने बताया कि स्पेशल लोक अदालत में विशेष रूप से एम ए सी टी के मामलों मामले का निष्पादन किया जाएगा।सभी लोगों को स्पेशल लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले का निष्पादन करने को कहा। बैठक में जिला एवम सत्र न्यायाधीश द्य द्य द्य कुमार क्रांति प्रसाद भी मौजूद रहे।बैठक में बार के प्रभात कुमार,अध्यक्ष एवम देबाशीष ज्योतिषी सचिव सहित कई अधिवक्तागण, डॉ समीर कुमार, रवि कुमार आदि शामिल रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तौसीफ मेराज़ ने बताया कि 8 जून को एम ए सी टी के स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है ,अतः आम लोगों से अपील की ज्यादा संख्या में अपने वादों का निष्पादन कराकर इस स्पेशल लोक अदालत से लाभ लें।



## पहाड़पुर चड़क मेला पहुंचे झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती व विधायक मंगल कालिंदी

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखंड की पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत आमझोर गांव स्थित सार्वजनिक शिव मंदिर परिसर में आयोजित वार्षिक चड़क मेला के दूसरे दिन सोमवार को जमशेदपुर लोकसभा के महागठबंधन प्रत्याशी समीर मोहंती व जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल होकर बाबा भोलेनाथ की मंदिर में मत्था टेककर क्षेत्र की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना किये। इस दौरान नेताद्वय ने पहाड़पुर पंचायत के स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और चुनाव में उनसे समर्थन मांगा। प्रत्याशी ने विधायक के साथ बोड़ाम बाजार में कार्यकर्ताओं से साथ मुलाकात करते हुए पटमदा प्रखंड के बांगुड़दा गांव पहुंचकर दिवंगत झारखंड आंदोलनकारी श्यामापद महतो की शोकाकुल परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, अश्विनी महतो, हिमांशु महतो, मंटू महतो, काजल सिंह, रामु कुंभकार समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।



# नारायणा जमशेदपुर के छात्रों का आईसीएसई एवं आईएससी बोर्ड के रिजल्ट में शानदार प्रदर्शन

- 10वीं में मयंज राज को मिला 99 प्रतिशत, 12वीं में नव्या कोठारी को 96 प्रतिशत अंक प्राप्त
- जमशेदपुर सेन्टर से 90 प्रतिशत से अधिक स्कोर करने वाले छात्रों की संख्या 112



आई.सी.एस.ई. 10वीं मयंज राज (99 प्रतिशत )



आई.एस.सी.12वीं नव्या कोठारी (96 प्रतिशत)

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** साकची में देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान 'नारायणा आई.आई.टी./नीट एकेडमी, जमशेदपुर' के छात्र-छात्राओं ने आई.सी.एस.ई. (दशवीं) एवं आई.एस.सी. (बारहवीं) बोर्ड 2024 में बेहतर प्रदर्शन किया है। नारायणा के नेशनल एकेडिक हेड सह जमशेदपुर सेन्टर के निदेशक श्याम भूषण ने कहा कि आई.सी.एस.ई. (दशवीं) एवं आई.एस.सी. (बारहवीं) बोर्ड 2024 के रिजल्ट जिसमें नारायणा जमशेदपुर सेन्टर से 90 प्रतिशत से अधिक स्कोर करने वाले छात्रों की संख्या 112 है। जिसकी गणना अभी भी जारी है जिसमें और अधिक छात्रों के 90 प्रतिशत से अधिक स्कोर होने की संभावना है।नारायणा जमशेदपुर से आई.सी.एस.ई. एवं आई.एस.सी. बोर्ड के रिजल्ट में 90 प्रतिशत से अधिक स्कोर करने वाले कुछ सफल छात्रों के नाम- आई.सी.एस.ई. 10वीं की परीक्षा में नारायणा जमशेदपुर के छात्र मयंज राज (99 प्रतिशत ), अजितेश कुमार (98.6 प्रतिशत), आयुष (98.6 प्रतिशत), अयान सिंह (98.2 प्रतिशत), मुकुल महता (97.8 प्रतिशत), प्रांजल प्रिया (97.8 प्रतिशत), सेजल जयसवाल (97.4 प्रतिशत), कबीर शरण (97.4 प्रतिशत), ध्रुव कात्यायन (97 प्रतिशत), मो. बिलाल (97 प्रतिशत), अयान करम (97 प्रतिशत), मनसवी रंजन (96.6 प्रतिशत), रिषब कुमार शाह (96.6 प्रतिशत), शम्भवी (96.4 प्रतिशत) र्सुवनिरम मंडल (96 प्रतिशत), शौर्या प्रकाश (95.8 प्रतिशत), आदित्य कुमार (95.6 प्रतिशत), हर्षराज सिंह (95.4 प्रतिशत), प्रणय रंजन (95.2 प्रतिशत), इशिता दत्ता रॉय (94.2 प्रतिशत), आरूष तुंगाना (94.6 प्रतिशत), सजल (94 प्रतिशत), प्रांजल सिंह (93.8 प्रतिशत), श्रेयाश पाल (92.8 प्रतिशत), स्निग्धा महतो (92.8 प्रतिशत), लौकिक कुण्डु (92.6 प्रतिशत), इसमिता दास (91.8 प्रतिशत), श्रीनिक (90 प्रतिशत)।आई.एस.सी.12वीं की परीक्षा में नारायणा जमशेदपुर का छात्र नव्या कोठारी (96 प्रतिशत), प्रियांशु शर्मा (95.25 प्रतिशत), मो. रमीज (94.25 प्रतिशत), अंशु गुप्ता (93.75 प्रतिशत), रिषभ श्रीवास्वत (93.5 प्रतिशत), समिया आफताब (92.75 प्रतिशत), सुमित कुमार चौधरी (92.25 प्रतिशत), अयान मजुमदार (92 प्रतिशत), मो. फैजान आरिफ (92 प्रतिशत), अखिल कुमार (91.75 प्रतिशत), रौनक कुमार पाण्डेय (90.5 प्रतिशत), अमिष रहमान (90.25 प्रतिशत), मैरा हसन (90 प्रतिशत)। भूषण ने छात्रो के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना देते हुए आगे बताया कि ये छात्र-छात्राए आगामी जे.ई.ई. (जे.ई.ई. एडवान्स) एवं नीट - 2024 की परीक्षा में भी शहर के टॉपर होंगे। नारायणा आई.आई.टी./नीट एकेडमी न केवल अपने बेहतर शिक्षक, कोर्स मेटेरियल्स के लिए विख्यात है, बल्कि बेहतर अनुशासित शैक्षणिक वातावरण एवं एक पूर्ण लाईब्रेरी के अलावा सबसे महत्वपूर्ण कि नारायणा द्वारा पूरे भारत स्तर पर एक एकेडेमिक कैलेण्डर के तहत योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करायी जाती है।

## पोस्टल बैलेट से मतदान के पहले दिन 121 मतदाताओं ने किया मताधिकार का इस्तेमाल

**जमशेदपुर :** चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त मतदाता तथा आवश्यक सेवाओं के मतदाता जिनके लोकसभा क्षेत्र में चौथे चरण में लोकसभा चुनाव होना है उनके मतदान के लिए बनाये गए अलग-अलग मतदान केन्द्र में पहले दिन कुल 121 लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया । इस दौरान चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त मतदाताओं के लिए एसडीओ कार्यालय धालभूम में बनाये गए मतदान केन्द्र में पलामू संसदीय क्षेत्र के 47 तथा लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के 41 मतदाताओं ने मतदान किया। वहीं आवश्यक सेवाओं के मतदाताओं के लिए आईटीडीए कार्यालय में बनाये गए मतदान केन्द्र में सिंहभूम के 31, लोहरदगा के 1 तथा पलामू संसदीय क्षेत्र के 1 मतदाता ने मतदान किया । मतदान के पहले दिन जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने दोनों मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

## कांग्रेसी नेता अभिजीत की बेटी अक्षिता ने आईसीएसई कॉमर्स में प्राप्त किया 95 प्रतिशत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुगसलाई निवासी व्यवसायी एवं कांग्रेस पार्टी के क्रांतिकारी युवा नेता अभिजीत सिंह एवम मां विनीता सिंह की पुत्री अक्षिता सिंह को जे एच तारापुर स्कूल के आई.सी.एस.ई कॉमर्स में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बन शहर जमशेदपुर का नाम रोशन किया। बेटी अक्षिता के प्रदर्शन से माता पिता एवम समस्त परिवार गौरवान्वित हैवहीं बब्लू झा ज़िला उपाध्यक्ष पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी ने अक्षिता सिंह से वार्ता कर बताया की वो अपना आइडियल कांग्रेस नेता सह पूर्व सांसद एवम पूर्व एसपी डॉ अजय कुमार को मानती है और उनके जीवन के कार्यशैली से प्रेरित है। अक्षिता चैटर्ड अकाउंटेंसी की तैयरी कर रही है जिसका परीक्षा आगामी माह होगा है।

## आईसीएसई 10वीं और 12वीं की परीक्षा में जेवियर स्कूल गम्हरिया का रहा शत प्रतिशत रिजल्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आईसीएसई द्वारा घोषित दसवीं और 12वीं की परीक्षा में जेवियर स्कूल गम्हरिया का परिणाम शत प्रतिशत रहा। दसवीं की परीक्षा में उक्त विद्यालय से इस वर्ष कुल 231 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए थे जिसमें सभी उत्तीर्ण घोषित किए गए। इसमे 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर खेयर अलामीन इस्लाम विद्यालय टॉपर रहा जबकि 95.2 प्रतिशत अंक लाकर शुभम पॉल द्वितीय तथा 94.2 प्रतिशत अंक लाकर पराग प्रामाणिक तृतीय विद्यालय टॉपर रहा। इसी प्रकार, 12वीं की परीक्षा में कुल 89 बच्चे शामिल हुए थे जिसमें 87 बच्चे उत्तीर्ण घोषित किए गए। उक्त परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कनक पाठक 12वीं आर्ट्स टॉपर रही जबकि 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कृष कुमार सिंह कॉमर्स तथा 83.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अंकित कुमार महतो विद्यालय का साइंस टॉपर बना। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई है।

## फन वर्ल्ड डिजनीलैंड साकची आमबगान मैदान में कल से शुरु अंडरवाटर एक्वेरियम होगा मुख्य आकर्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारत का मशहूर फन वर्ल्ड डिजनीलैंड प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी साकची स्थित आमबगान मैदान, जमशेदपुर में 08 मई 2024 से प्रारंभ होने जा रहा है। मेले का उद्घाटन 08 मई 2024 को संध्या 7:15 बजे जुना अखाड़ा पारडीह काली मंदिर के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत विद्यानन्द सरस्वती के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। संवाददाता सम्मेलन में फन वर्ल्ड के आयोजक चन्द्रशेखर पर्वत ने बताया कि इस वर्ष कई नये तरह के स्टॉल एवं मनोरंजन के नये-नये साधन उपलब्ध होंगे। जिसमें शहर में पहली बार अंडर वाटर एक्युरियम देखने को मिलेगा। फन वर्ल्ड डिजनीलैंड में बच्चों एवं बड़ों के मनोरंजन हेतु जो झुले लगाये जा रहें हैं उनमें वाटर बोट, हेलीकॉप्टर, टोरा-टोरा, ड्रैगन ट्रेन, आदि लगया जा रहा है। इसके साथ ही बड़ों (वयस्क) को ध्यान में रखते हुए उनके लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र बिजली झूला उपलब्ध होंगे जो जमशेदपुर शहर में हमेशा से मांग रही है। इसके अतिरिक्त मेले में हेन्डलूम एवं हेन्डी क्राफ्ट की अनेक तरह की दुकानों के अलावा हैंडलुम के साड़ी, बेड शीट, नाईटी के परिधान विभिन्न राज्यों से आये मनमोहक रंगों एवं डिजाईनों में उपलब्ध होंगे जिसकी गुणवत्ता काफी अच्छी एवं कीमत काफी प्रतिस्पर्द्धात्मक होंगी। संवाददाता सम्मेलन में मेले के आयोजक चन्द्रशेखर पर्वत के अलावा शत्रुघन गिरी, एडवोकेट समरेन्द्र सिंह, संतोष मिश्रा, कौशल किशोर पर्वत एवं अलमगीर उपस्थित थे।



## आइसीएसइ बोर्ड वी.एस.पब्लिक स्कूल सीनी का शत-प्रतिशत रिजल्ट



पियाली कुंडू | अमित महतो | संचिता सथपति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** आइसीएसइ बोर्ड के दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम सोमवार को जारी हुआ.और जब परिणाम जारी हुआ तो वी.एस.पब्लिक स्कूल सीधी के सफल हुए छात्रों और उनके अभिभावकों का उत्साह इस दौरान देखने को मिला सीनी में आइसीएसइ बोर्ड संचालित वी.एस. पब्लिक स्कूल के छात्रों ने भी दमदार प्रदर्शन किया है स्कूल की प्रिंसिपल और शिक्षक समेत अन्य टीचर ने सफल प्रतिभागियों को बधाई दिया। आइसीएसइ बोर्ड के संचिता सथपति 95.6 प्रतिशत अंक हासिल की जबकि 93.8 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले सुमित महतो दूसरे स्थान पर रहा तो तीसरा स्थान पर 89.6 अंक लाने वाले पियाली कुंडू रहे।

# जमशेदपुर में आखिरी दिन 12 प्रत्याशियों ने किया नामांकन, कुल 32 उम्मीदवार





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर लोकसभा सीट से अबतक कुल 32 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया है. आखिरी दिन सोमवार को 12 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया. आखिरी दिन जिन उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है, उनमें बहुजन समाज पार्टी से प्रणव कुमार महतो, आमरा बंगाली पार्टी से अंगद महतो, अखिल भारतीय झारखंड पार्टी से मंगल हेंब्रम, निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में संजीव कुमार कुंडू, विश्वनाथ महतो, दुर्गा लाल मुर्मू, आनंदमुखी, राकेश कुमार, पिंकी महतो, दिलीप कुमार टुडू और असित कुमार सिंह शामिल है. भागीदारी पार्टी के प्रत्याशी के तौर पर डोमन चंद्र भकत ने पर्चा दाखिल किया है. नामांकन दाखिल करने वालों में भारतीय जनता पार्टी से सांसद विद्युत वरण महतो और झारखंड मुक्ति मोर्चा से समीर मोहंती शामिल हैं. नामांकन दाखिल करने वाले उम्मीदवारों में यह दो बड़े नाम हैं. शनिवार तक कुल 20 उम्मीदवारों ने पर्चा भरा था. सोमवार को 12 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन दाखिल किए जाने के बाद कुल उम्मीदवारों की संख्या 32 हो गई है. विनोद कुमार टुडू ने अपना पर्चा भरा था. लेकिन, उनके प्रस्तावक डीसी ऑफिस में मौजूद नहीं थे. प्रस्तावक कहीं और चले गए थे. इनके नामांकन को लेकर पशोपेश की स्थिति बनी हुई थी. बाद में प्रस्तावक को बुलाया गया. प्रस्तावक के पहुंचने के बाद यह 12 वां नामांकन दाखिल हुआ।

## बेरासी सिरुम मुखिया के भाई का निधन, शोक की लहर



**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**तिरूलडीह :** कुकडु प्रखंड के बेरासी सिरुम पंचायत के मुखिया मजित सिंह के छोटा भाई मिहिर सिंह का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया है। वे दोपहर 1ः00 बजे रांची से घर लौट रहे थे इसी बीच उनका निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार थे। उनके देहांत की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर है।

# ट्रिगर्स के संपर्क में आना अस्थमा रोग बढ़ने के प्रमुख कारण : डॉ. जगदीश लोहिया

### विश्व अस्थमा दिवस 2024 की थीम- अस्थमा शिक्षा सशक्तीकरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विश्व अस्थमा दिवस 2024 की थीम अस्थमा शिक्षा सशक्तीकरण पर ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, तामोलिया जमशेदपुर के कंस्लटेंट इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. जगदीश लोहिया का कहना हैं कि उत्तेजक कारकों के संपर्क में आना, लंबे समय तक धुएं के संपर्क में रहना, चाहे वह बाहरी वाहन निकास/औद्योगिक से हो या फिर घर के अंदर जैव द्रव्यमान ईंधन जोखिम अस्थमा के लक्षणों को बढ़ा सकता है। डॉ. लोहिया के अनुसार ट्रिगर्स के संपर्क में आना, शहरीकरण और औद्योगीकरण अस्थमा बढ़ने के प्रमुख कारक हैं। सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति मे डॉ. लोहिया ने बताया कि अस्थमा से रक्त संबंधी होना, ऐटोपिक जिल्द की सूजन या हाई फीवर जैसी अन्य एलर्जी संबंधी स्थिति होना, अधिक वजन होना, धूम्रपान करने वाला होना, रसायनों जैसे व्यावसायिक कारकों के संपर्क में आने वाले लोग जोखिम उठाते हैं। उन्होंने बताया कि सूखी खाँसी, सांस लेने में कठिनाई, सीने में जकड़न, घरघराहट होना दमा के लक्षण हैं। ट्रिगर की पहचानः- के कारण वायुजनित एलर्जी जैसे परागकण, घर की धूल के कण, फफूंद बीजाणु, पालतू जानवरों की रूसी, सांस संबंधी संक्रमण जैसे सामान्य सर्दी (वायरल), ठंडी हवा, वायु प्रदूषक, कुछ दवाएं, गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स रोग (जीईआरडी) हैं। डॉ. लोहिया के अनुसार यदि आपको अस्थमा है, तो आपको पता होना चाहिए कि आप अपने अस्थमा को निर्यंत्रित करने के लिए क्या कर सकते हैं और यदि आपका अस्थमा गंभीर है तो क्या करें। सबसे पहले, आपको अपने डॉक्टर की मदद से अपने अस्थमा ट्रिगर्स की पहचान करनी होगी और फिर एक अस्थमा एक्शन प्लान बनाना होगा। डॉ. लोहिया ने बताया कि इसमें अस्थमा ट्रिगर्स के संपर्क को हटाना या कम करना, अपने अस्थमा चेतावनी संकेतों को जानना, दवाएं न छोड़ना, नियमित रूप से इनहेलर लेना और सही तकनीक के साथ इसका उपयोग करना शामिल है। मालूम हो कि एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन के अनुसार, सबसे आम इनडोर एलर्जी घरेलू धूल के कण, तिलचट्टे, धूल के कण और पराग कण हैं, जिसमें 63,000 अस्थमा रोगियों को कवर करते हुए पांच वर्षों में डेटा एकत्र किया गया था।



# ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता यशस्विनी सहाय के नामांकन में हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र से सोमवार को इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार यशस्विनी सहाय के नामांकन में कार्यकर्ताओं का जत्था रांची के लिए रवाना हुए। ईचागढ़, चांडिल, नीमडीह, कपाली व कुकड़ु क्षेत्र के कांग्रेस व झामुमो कार्यकर्ताओं का जत्था टीकर मोड़ व रांगामाटी में एकत्र हुए व कार्यकर्ताओं का हुजूम नारेबाजी करते हुए रांची के लिए कुच किया। वहीं रांगामाटी में कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय जिंदाबाद, राहुल सोनिया जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, इंडिया गठबंधन जिंदाबाद का नारे लगाते हुए रांची में नामांकन सभा में भाग लेने के लिए कार्यकर्ताओं का विशाल फौज रवाना हुआ। वहीं कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के महासचिव मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि आज इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय का रांची में नामांकन है, जिसमें हम ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र से कार्यकर्ताओं का विशाल समूह नामांकन सभा में भाग लेने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की जुमले बाज सरकार से जनता त्रस्त है । उन्होंने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय हमेशा क्षेत्र के लोगों के साथ खड़ा रहा और उनकी बेटी यशस्विनी सहाय भी लोगों के बीच हमेशा सुख दुख में शामिल रहेगी । वहीं कपाली नगर अध्यक्ष सानुर रहमान ने बताया कि आज नामांकन में लोगों का काफिला से प्रतित होता है कि इंडिया गठबंधन को कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि पंचायत से लेकर हर गांवों से वाहनों पर भर भर कर समर्थक रांची के लिए रवाना हुए। मौके पर दिगम्बर सिंह मुण्डा, तपन गोप, कांग्रेस जिला महासचिव रूकया खातुन, मनोज कुमार मंडल, एस अंसारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



संपादकीय

## एक बार फिर 'ईवीएम' की जीत

**सर्वोच्च** न्यायालय ने मतदाता पर्ची से चुनाव कराने और इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एवं वीवीपैट पर्ची की 100 प्रतिशत गिनती कराने से जुड़ी सभी याचिकाओं को रद्द कर दिया है। इसे ईवीएम की एक और जीत के तौर पर देखा जा सकता है। दरअसल, जब से कांग्रेस दुर्दशा को प्राप्त हुई है, तब से लगातार उसके नेताओं द्वारा ईवीएम पर सवाल उठाए जा रहे हैं। चुनाव आयोग की स्पष्टता एवं खुली चुनौती के बाद भी कांग्रेस सहित कई विपक्षी दल ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था, संवैधानिक संस्थाओं एवं निर्वाचन की पारदर्शी व्यवस्था के प्रति मतदाताओं के मन में संदेह पैदा करते रहे हैं। मतदाताओं का विश्वास बनाए रखने के लिए चुनाव आयोग ने वीवीपैट की व्यवस्था की। वीवीपैट की सहायता से मतदाता यह देख सकता है कि उसने जिस प्रत्याशी/दल के सामने का बटन दबाया, उसका मत उसी को मिला या नहीं। किसी प्रकार का संदेह नहीं रह जाए इसलिए चुनाव आयोग ने एक निश्चित प्रतिशत में वीवीपैट की पर्चियों के मिलान की व्यवस्था भी की है। परंतु इतना सब होने के बाद भी बार-बार हार का सामना करनेवाली कांग्रेस एवं विपक्षी पार्टियां सच स्वीकार करने और आत्मचिंतन करने को तैयार नहीं हैं। उन पर कहावत 'नाच न जाने, आंगन टेड़ा' सटीक लागू होती है। ईवीएम पर सवाल उठाने की अपेक्षा आवश्यक था कि कांग्रेस ईमानदारी से अपनी स्थिति का आकलन करे। अपनी नीतियों का मूल्यांकन करे। यह जानने की कोशिश करे कि आखिर मतदाताओं में कांग्रेस को लेकर इतनी नाराजगी क्यों है? ऐसा भी नहीं है कि कांग्रेस पिछले 10 वर्षों से केवल हार ही रही है। कई राज्यों में उसने इसी ईवीएम से हुए चुनावों के बाद बहुमत प्राप्त करके सरकार बनायी है। यदि ईवीएम में कोई दोष होता, तब वह इन राज्यों में कैसे चुनी जाती रही? विशेषकर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और हिमाचल में, जहाँ भाजपा को लोकसभा में एकतरफा जीत मिलती है। यदि ईवीएम को हैक किया जा सकता तब भाजपा अवश्य ही केरल सहित भारत के दक्षिणी हिस्से के कुछ महत्वपूर्ण राज्यों में अपनी उपस्थिति दर्ज कर लेती। पश्चिम बंगाल में पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में जिस प्रकार का वातावरण बना था, उसके बाद भी वह हार गई। यह इसी बात का परिणाम है कि ईवीएम से निष्पक्षता से मतदान होता है। दरअसल, कांग्रेस के साथ दिक्कत यह है कि उसने ऐसे बुद्धिजीवियों का साथ ले रखा है, जो कागजों में उसके पक्ष में वातावरण बने होने का दावा करते हैं। जब कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के आसपास ऐसा वातावरण रच दिया जाता है कि 'हम ही जीत रहे हैं', तब विपरीत परिणाम आने पर उन्हें कुछ सूझ ही नहीं पड़ता। या फिर यह भी हो सकता है कि कांग्रेस के नेता गरीब परिवार से आनेवाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीत को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं इसलिए उनकी विजय को संदिग्ध सिद्ध करने की कोशिश की जाती हैं। वर्ष 2014 के चुनाव में तो कांग्रेस के एक नेता ने कहा ही था कि 'एक चायवाला क्या देश चलाएगा। वह चाहे तो कांग्रेस के अधिवेशन में चाय का ठेला लगा सकता है। हम उसे स्थान दे देंगे'। बहरहाल, सर्वोच्च न्यायालय ने साफ कर दिया है कि ईवीएम पर सवाल उठाना निरर्थक हैं। फिर से मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था में लौटना कतई बुद्धिमानी नहीं होगा। उस व्यवस्था को न्यायालय ने 'अव्यवस्था' ही माना है। स्मरण रहे कि यह 40वीं बार है, जब ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठानेवाली याचिकाओं को न्यायालयों ने खारिज किया है। इससे पहले विभिन्न न्यायालय भी इस तरह की बेतुकी याचिकाओं को रद्द कर चुके हैं। अच्छा होगा कि अब कांग्रेस सहित विभिन्न दल ईवीएम पर सवाल उठाकर अवैज्ञानिक सोच का विस्तार न करें।


चुनाव आयोग की स्पष्टता एवं खुली चुनौती के बाद भी कांग्रेस सहित कई विपक्षी दल ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था, संवैधानिक संस्थाओं एवं निर्वाचन की पारदर्शी व्यवस्था के प्रति मतदाताओं के मन में संदेह पैदा करते रहे हैं। मतदाताओं का विश्वास बनाए रखने के लिए चुनाव आयोग ने वीवीपैट की व्यवस्था की। वीवीपैट की सहायता से मतदाता यह देख सकता है कि उसने जिस प्रत्याशी/दल के सामने का बटन दबाया, उसका मत उसी को मिला या नहीं। किसी प्रकार का संदेह नहीं रह जाए इसलिए चुनाव आयोग ने एक निश्चित प्रतिशत में वीवीपैट की पर्चियों के मिलान की व्यवस्था भी की है। परंतु इतना सब होने के बाद भी बार-बार हार का सामना करनेवाली कांग्रेस एवं विपक्षी पार्टियां सच स्वीकार करने और आत्मचिंतन करने को तैयार नहीं हैं। उन पर कहावत 'नाच न जाने, आंगन टेड़ा' सटीक लागू होती है। ईवीएम पर सवाल उठाने की अपेक्षा आवश्यक था कि कांग्रेस ईमानदारी से अपनी स्थिति का आकलन करे। अपनी नीतियों का मूल्यांकन करे। यह जानने की कोशिश करे कि आखिर मतदाताओं में कांग्रेस को लेकर इतनी नाराजगी क्यों है? ऐसा भी नहीं है कि कांग्रेस पिछले 10 वर्षों से केवल हार ही रही है। कई राज्यों में उसने इसी ईवीएम से हुए चुनावों के बाद बहुमत प्राप्त करके सरकार बनायी है।


### आधुनिक दैनिक प्रयोग की तमाम वस्तुएं प्लास्टिक में ही पैक हो कर आ रही हैं

## दुनिया को समझना होगा 'माता भूमि, पुत्रोहम्म पृथिव्याः' का निहितार्थ

कुल भूषण उपमन्यु


प्लास्टिक दैनिक जीवन का ऐसा भाग बन गया है कि इससे बचना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। प्लास्टिक का प्रयोग कम करना, पुनर्चक्रीकरण, और जो बच जाए उसको उत्तम धुआं रहित प्रज्वलन तकनीक से ताप विद्युत बनाने में प्रयोग किया जा सकता है। हालांकि इससे भी थोड़ा गैस उत्सर्जन तो होता है किन्तु जिस तरह शहरी कचरा डंपिंग स्थलों में लगातार लगने वाली आग और गांव में खुले में जलाया जा रहा प्लास्टिक धुआं फैलता जा रहा है उससे तो यह हजार गुणा बेहतर है। स्वीडन ने तो यूरोप के अनेक देशों से सूखा कचरा आयात करके उससे बिजली बनाने का व्यवसाय ही बना लिया है।


**आज** प्लास्टिक, मिट्टी, पानी, और वायु का प्रदूषक बनता जा रहा है। जमीन पर पड़े हुए प्लास्टिक से धूप के कारण अपर्दन से टूटकर सूक्ष्म कण मिट्टी में मिल जाते हैं और मिट्टी के उपजाऊपन को नष्ट करने का काम करते हैं। पानी में मिल कर मछलियों के शरीर में पहुंच कर खाद्य श्रृंखला का भाग बन कर मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बन जाते हैं। जलाए जाने पर वायु में अनेक विषैली गैसें वायु मंडल में छोड़ते हैं जिससे वैश्विक तापमान वृद्धि के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे पैदा हो रहे हैं। प्लास्टिक दैनिक जीवन का ऐसा भाग बन गया है कि इससे बचना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। प्लास्टिक का प्रयोग कम करना, पुनर्चक्रीकरण, और जो बच जाए उसको उत्तम धुआं रहित प्रज्वलन तकनीक से ताप विद्युत बनाने में प्रयोग किया जा सकता है। हालांकि इससे भी थोड़ा गैस उत्सर्जन तो होता है किन्तु जिस तरह शहरी कचरा डंपिंग स्थलों में लगातार लगने वाली आग और गांव में खुले में जलाया जा रहा प्लास्टिक धुआं फैलता जा रहा है उससे तो यह हजार गुणा बेहतर है। स्वीडन ने तो यूरोप के अनेक देशों से सूखा कचरा आयात करके उससे बिजली बनाने का व्यवसाय ही बना लिया है। उसके पास जो तकनीक है, उसमें केवल दशमलव दो ( .2 ) प्रतिशत ही गैस उत्सर्जन होता है। प्लास्टिक के विकल्प के रूप में पैकिंग सामग्री तैयार करना नवाचार की दूसरी चुनौती है। गांव में भी अब तो प्लास्टिक कचरे के अंबार लगते जा रहे हैं। आधुनिक दैनिक प्रयोग की तमाम वस्तुएं प्लास्टिक में ही पैक हो कर आ रही हैं। प्लास्टिक के पुनः चक्रीकरण के लिए यह जरूरी है कि प्लास्टिक और अन्य सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र किया जाए। और कबाड़ी को दिया जाए। जो बच जाए उसे निबटाने के दुसरे सुरक्षित तकनीकी उपायों की सरकारें व्यवस्था करें। एक विचार यह भी जोर पकड़ रहा है कि जो पैदा करे वही कचरे के प्रबंधन का जिम्मेदार ठहराया जाए ताकि ये पैकिंग करके सामान बेचने वाली कंपनियां पैकिंग सामग्री एकत्रित करवा कर वापस लें, और रीसाइक्लिंग की व्यवस्था करें। किन्तु केवल प्लास्टिक ही जलवायु परिवर्तन का कारक नहीं है। रासायनिक कृषि के कारण भी भूमि की जैविक पदार्थ धारण करने की क्षमता समाप्त हो जाति है जिससे कार्बन पदार्थ का भूमि में संचय नहीं होता दूसरा भूमि की उपजाऊ शक्ति भी कम हो जाति है। जैविक कृषि को प्रोत्साहित करके और वैज्ञानिक आधार पर विकसित करके इस समस्या से



निपटा जा सकता है। भारत में इस दिशा में कुछ काम होना शुरू भी हुआ है किन्तु इसे अभी तक मुख्यधारा बनाने में सफलता नहीं मिली है। इसके लिए अधिक वैज्ञानिक शोध की जरूरत है ताकि रासायनिक विधि के बराबर ही उत्पादन करके दिखाया जाए और अन्न सुरक्षा की चुनौती पर कोई खतरा आने की चिंता न रहे। जलवायु परिवर्तन में मुख्य भूमिका ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र की है। हमारे देश में कुल विद्युत उत्पादन 428 गीगा वाट है। जिसमें से 71 प्रतिशत कोयले और जीवाश्म ईंधन से हो रहा है। स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन 168.96 गीगा वाट है। जिसमें से 42 गीगा वाट जल विद्युत का उत्पादन है। किन्तु जल विद्युत भी जब बड़े बांधों के माध्यम से बनाई जाती है तो जलाशयों में बाढ़ से संचित जैव पदार्थ आक्सीजन रहित सड़न द्वारा मीथेन गैस का उत्सर्जन करते हैं। मीथेन कार्बन डाई आक्साइड से छह गुणा ज्यादा वैश्विक तापमान वृद्धि का कारक है। इसलिए एक सीमा से ज्यादा जल विद्युत का प्रसार भी ठीक नहीं। सौर ऊर्जा एक बेहतर विकल्प के रूप में उभर रही है। भारत वर्ष में पिछले कुछ सालों में सौर ऊर्जा उत्पादन में अच्छा काम हुआ है। भारत वर्ष में 2030 तक 500 गीगा वाट स्वच्छ उर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। आशा है इसे हम प्राप्त कर सकेंगे। किन्तु बड़े ऊर्जा पार्क बना कर स्थानीय संसाधनों पर कुछ जगहों पर ज्यादा दबाव पड़ जाता है जिससे कई समुदायों की रोजी-रोटी के संसाधन छिन जाते हैं जिसके विरुद्ध कई आवाजें उठती रहती हैं, और संघर्ष खड़े हो जाते हैं। इन जायज संघर्षों को अकसर शासन और प्रशासन स्थानीय समुदायों की कठिनाई को समझ कर समाधान करने के बजाए उनसे टकराव का रास्ता चुनती हैं और उन्हें देशविरोधी, विकास विरोधी ठहराने के अवास्तविक और अनावश्यक प्रयास करते हैं। जिससे बेगुनाह लोग अत्याचार और शोषण का शिकार हो जाते हैं और समाज में असंतोष बढ़ता है। हमें याद रखना चाहिए कि विकास का मतलब समावेशी विकास होता है। राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक ही विकास का मुख्य लाभ पहुंचने से आय का न्यायपूर्ण बंटवारा नहीं हो सकता। अतः उत्पादन का यथा संभव विकेन्द्रित तरीका ही अपनाया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए भारत में 6 लाख के लगभग गांव हैं। यदि हर गांव में एक मैगा वाट सौर उर्जा उत्पादन घर की छतों पर और बेकार जगहों पर किया जाए तो बिना किसी एक जगह संसाधनों पर बड़ा दबाव बनाए 6 लाख मेगा वाट बिजली का उत्पादन हो सकता है। उत्पादन के इस तरीके से लाखों लोगों को रोजगार और स्व रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। अतः जरूरत टकराव की नहीं बल्कि विचार आदान-प्रदान की है। कौन विचार कितना करणीय है यह अपने देश की स्थितियों के अनुरूप तकनीकों के नवाचारों को प्रोत्साहित करके देखा जा सकता है। जलवायु परिवर्तन के कारण जिस तरह की अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, ग्लेशियर पिघलने की, रेगिस्तानों में अभूतपूर्व बारिश की, समुद्री जल स्तर बढने की जो घटनाएं हो रही हैं ये दुनिया भर के लिए चेतावनी हैं। दुबई, इंडोनेशिया, और अफ़रीकी देशों की हाल की बेमौसमी बाढ़ें, यूरोप और अमेरिकी देशों के बेमौसमी बर्फीले तूफ़ान जलवायु परिवर्तन की चुनौतियां हैं। गरीब देशों और कृषि प्रधान देशों पर इसका सबसे ज्यादा हानिकारक प्रभाव पड़ रहा है। गरीब देशों में भी सबसे गरीब लोग ही ज्यादा प्रभावित हों रहे हैं। इस तरह जलवायु परिवर्तन सामाजिक न्याय के लिए भी वैश्विक स्तर पर बड़ी चुनौती बन कर खड़ा है, जिससे निपटने में देर आत्मघाती ही सिद्ध होगी। पृथ्वी दिवस इस खतरे के प्रति सजग करने का अवसर होता है जिसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। यही भारतीय सभ्यता का संदेश भी है जिसने "माता भूमि, पुत्रोहम्म पृथिव्याः" कह कर मानव को भूमि का पुत्र घोषित किया है। हम मां के वात्सल्य पूर्ण आंचल की रक्षा अपने ही हित के लिए कर सकें अपनी गलतियों को सुधार कर। इस संदर्भ में अतीत के पन्नों पर झांकना जरूरी है। 1962 में राचेल कार्सन ने "साइलेंट स्प्रिंग" नामक पुस्तक लिखी जिसमें पर्यावरण को कीटनाशकों से हो रहे नुकसान की ओर ध्यान आकर्षित किया गया। कीटनाशकों की कुछ मात्रा अनाजों में आ जाती है और खाद्य शृंखला में दाखिल हो जाती है, जिसका दुष्प्रभाव मानवजाति के अतिरिक्त अन्य पशु- पक्षियों पर भी पड़ जाता है जिसके कारण कई पक्षी प्रजातियां लुप्त हो रही थीं।

दृष्टि कोण

## टीएन शेषन ने बदली थी भारत के अराजक चुनावों की तस्वीर

**ऐसे** में देश को एक ऐसा मुख्य चुनाव आयुक्त मिलता है, जो पूरी चुनाव व्यवस्था को बदलकर रख देता है। बड़े-बड़े दिग्गज नेताओं को नकेल कस देता है। उस मुख्य चुनाव आयुक्त का नाम है टीएन शेषन। आज अगर देश में निष्पक्ष और स्वतंत्र माहौल में चुनाव हो पाता है तो इसका श्रेय टीएन शेषन को जाता है। देश के दबंग चुनाव आयुक्त के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाले टीएन शेषन नौकरशाही में भी सुधार के जनक थे। ईमानदारी और कानून के प्रति अपनी निष्ठा की वजह से वह बहुतों को खटकते भी थे। इस वजह से उनके विरोधी उनको सनकी और तानाशाह तक भी कहते थे। लेकिन वह व्यवस्था में क्रांति लाने वाले इंसान, मेहनती, सक्षम प्रशासक, योग्य नौकरशाह, बुद्धीजीवियों और मध्य वर्ग के नायक थे। पलक्कड़ (केरल) के निवासी टीएन शेषन ने 1955 में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में ट्रेनी के तौर पर अपने कॅरियर की शुरुआत की। शेषन ने अपनी पहली तैनाती में ही तीखे तेवर दिखाते हुए तमिलनाडु के मदुरई जिले के डिंडीगुल में सब कलेक्टर पद पर रहते हुए हरिजन समुदाय के एक व्यक्ति पर फंड के घपले का आरोप में गिरफ्तार करवा दिया। मंत्री के दबाव के बाद भी आरोपी को नहीं छोड़ा। चेन्नई में यातायात आयुक्त पद के दौरान एक बार एक ड्राइवर ने शेषन से पूछा कि अगर आप बस के इंजन को नहीं समझते और ये नहीं जानते कि बस को ड्राइव कैसे किया जाता है, तो आप ड्राइवरों की समस्याओं को कैसे समझ पाएंगे। शेषन ने इसको एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने न सिर्फ़ बस की ड्राइविंग सीखी बल्कि बस वर्कशॉप में भी काफ़ी समय बिताया। एक बार उन्होंने बीच सड़क पर ड्राइवर को रोक कर स्टेयरिंग संभाल लिया और यात्रियों से भरी बस को 80 किलोमीटर तक चलाया। शेषन का तमिलनाडु के मुख्यमंत्री से काफी झगड़ा हो गया, जिसके बाद वे प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली आ गए और तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग के एक सदस्य के तौर पर उनकी नियुक्ति हुई। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के आग्रह पर पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के सचिव बन गए। सचिव के तौर पर उन्होंने टिहरी बांध और सरदार सरोवर बांध जैसी परियोजनाओं का विरोध किया। भले ही सरकार ने उनको विरोध को दरकिनार कर दिया और परियोजना पर काम को आगे बढ़ाया लेकिन बांध के पर्यावरण पर पडने वाले प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया गया। इसके साथ ही शेषन ने विभागों में नहीं कहने का रुझान शुरू किया। इस दौरान राजीव गांधी से उनकी नजदीकी बढ़ी। वहां से उनको आंतरिक सुरक्षा का सचिव बनाया गया। करीब 10 महीनों बाद उनको कैबिनेट सचिव बनाया गया। जब राजीव गांधी दिसंबर 1989 में चुनाव हार गए और प्रधानमंत्री नहीं रहे तो टीएन शेषन का ट्रांसफर योजना आयोग में कर दिया गया। शेषन के मुख्य चुनाव आयुक्त बनने की दास्तां भी कम दिलचस्प नहीं है। दिसंबर 1990 केंद्रीय वाणिज्य मंत्री और शेषन के दोस्त सुब्रमण्यम स्वामी ने प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के दूत के तौर शेषन पर मुख्य चुनाव आयुक्त के पद की पेशकश की। शेषन इस प्रस्ताव से बहुत अधिक उत्साहित नहीं हुए थे, क्योंकि पहले ही कैबिनेट सचिव विनोद पांडे ने भी उन्हें ये प्रस्ताव दिया था। शेषन इस प्रस्ताव पर राजीव गांधी से मिले। राजीव गांधी ने शेषन को मुख्य चुनाव आयुक्त का पद स्वीकार करने के लिए अपनी सहमति दे दी। लेकिन वो इससे बहुत खुश नहीं थे। उन्होंने उन्हें छेड़ते हुए कहा कि वो दाढ़ी वाला शख्स (चंद्रशेखर) उस दिन को कोसेगा, जिस दिन उसने तुम्हें मुख्य चुनाव आयुक्त बनाने का फ़ैसला किया था। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने साठ के दशक में तमिलनाडु में शेख़ को नजरबंद करवा दिया था। शेषन उस समय मदुरै जिले के कलेक्टर थे। उनको जिम्मेदारी दी गई थी कि वो शेख़ द्वारा बाहर भेजे गए हर पत्र को पढ़ें। शेख ने डॉक्टर एस राधाकृष्णन प्रेसिडेंट ऑफ़ इंडिया के नाम पत्र लिखा। शेषन ने बिना डरे पत्र पढ़ लिया। शेख़ ने घोषणा की कि वो उनके साथ किए जा रहे ख़राब व्यवहार के विरोध में आमरण अनशन पर जाएंगे। शेषन ने कहा कि सर ये मेरा कर्तव्य है कि मैं आपकी हर ज़रूरत का ख्याल रखूं, मैं ये सुनिश्चित करूंगा कि कोई आपके सामने पानी का एक गिलास भी ले कर न आए। शहरी विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव के धर्मराजन त्रिपुरा में हो रहे चुनावों का पर्यवेक्षक का कार्य छोड़ कर थाइलैंड चले गए। इस पर दंडित करते हुए शेषन ने उनकी गोपनीय रिपोर्ट में विपरीत प्रविष्टि करने का फ़ैसला किया। शेषन ने वर्ष 1993 में 17 पेज का आदेश जारी किया कि जब तक सरकार चुनाव आयोग की शक्तियों को मान्यता नही देती, तब तक देश में कोई भी चुनाव नहीं कराया जाएगा। आखिरकार सरकार को उनके सामने झुकना पड़ा। मौजूदा आदर्श आचार संहिता उसी आदेश का परिणाम है। शेषन के आने से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त एक आज्ञाकारी नौकरशाह होता था जो वही करता था जो उस समय की सरकार चाहती थी।

कुछ अलग

## समाज का स्याह और चमकीला पहलू

**एक** चरित्र 'चमकीला' की इधर बहुत चर्चा है। क्या एक 'चमकीला' हम सबके भीतर रहता है? सालों पहले मुंबई में एक लावणी-प्रस्तुति के दौरान मेरे एक मित्र मराठी गीत के बोल मुझे हिंदी में अनुवाद करके बता रहे थे। कह रहे थे कि ये प्रसिद्ध मराठी लोकगीत है। उन्होंने बचपन में मोहल्ले की औरतों को गाते सुना था- अत्तराचा फाया तुम्ही मला आण राया/ विरहाचे ऊन बाई/ देह तापवून जाई/ धरा तुम्ही माझ्यावरी/ चंदनाची छाया। मतलब - इत्र के फाहे तुम मेरे लिए ले आना, बाहर की आग से ज्यादा मेरे अंदर है आग। तुम अपनी चंदन सी छाया मुझे ओढ़ा देना। पिछले सप्ताह ओटीटी पर पंजाब के लोकप्रिय लोक गायक अमर सिंह चमकीला की जिंदगी पर बनी फिल्म देखते हुए मुझे उस लावणी गीत की बेतहाशा याद आई। चमकीला पंजाबी में ऐसे ही गाने लिखते और गाते थे। वह कहते थे, मैंने बचपन में यही सब देखा है। गाने के बोल उन्होंने अपने आसपास की जिंदगी से उठाए। ऐसी जिंदगी, जो गांव-देहात और कस्बों में आम लोग जीते थे। 1960 में पंजाब के एक छोटे से गांव दुगरी के दलित सिख परिवार में जन्मे धन्नी सिंह का बस एक छोटा सपना था इलेक्ट्रिशियन बनने का। धन्नी सिंह को तुंबी बजाने का शौक था। लुधियाना के एक कपड़ा मिल में काम करते हुए धन्नी को लगा कि उन्हें अपने मन का कुछ करना चाहिए। वह अपने मन से गीत बनाने लगे। ऐसे बोल, जो उस समय पसंद किए जाते थे। उन बोलों में खिलंदड़ापन भी था, बदमाशी, छेड़छाड़ भी थी और प्रेम व अश्लीलता भी। रातोंरात अमर सिंह चमकीला पंजाब का सितारा बन गए थे। उनके लिए एक खिताब भी गढ़ा गया- पंजाब का एल्विस प्रेस्ली। चमकीला को सुनने गांव-देहात की महिलाएं भी आती थीं, जो उनको सुनने के लिए घरों की छतों पर जम जाती थीं। 1980 के दशक में उनके गीतों के कैसेट पंजाब में रिकॉर्ड तोड़ बिकते थे। लेखक-निर्देशक इम्तियाज अली ने अमर सिंह चमकीला की भूमिका में पंजाब व बॉलीवुड के एक चिर-परिचित चेहरे दिलजीत दोसांझ को लिया है। यह फिल्म एक दौर का दस्तावेज भर नहीं है। हालांकि, फिल्म में चमकीला की जाति को लेकर न्यूनतम जिक्र हुआ है, लेकिन उनके निधन के 36 साल बाद आज भी यू-ट्यूब और दूसरे चैनलों पर उनके एक करोड़ से अधिक श्रोता हैं। प्रसिद्ध संगीतज्ञ और लेखक गिब स्क्रेफलर ने अपनी किताब में चमकीला और अमरजोत को 'कमर्शियल फोक गायक' कहा है। उन्होंने लिखा है, उनका मकसद लोगों का मनोरंजन करना था। कोई अचरज नहीं, चमकीला पर फिल्म आने के बाद अचानक गूगल, यू-ट्यूब, स्पॉटीफाई और अन्य सोशल मीडिया में लोग उनके बारे में जानने को उत्सुक हो गए हैं। एक लोकगायक बड़े सामाजिक विमर्श की वजह बन गया है। प्रश्न यह है कि क्या चमकीला आज भी प्रासंगिक हैं? क्या उन पर जो आरोप चार दशक पहले लगे थे, वे सही थे? क्या फिल्म बनाकर एक 'अश्लील' गायक को महिमामंडित किया जा रहा है? वैसे, अश्लीलता की परिभाषा बहुत महीन है। गौर कीजिए, हमारे देश की नाना लोक संस्कृतियों में द्विअर्थी गाने सदियों से गुंथे हुए हैं। उत्तर से दक्षिण तक, पूरब से पश्चिम तक। जब यह सब शुरू हुआ होगा, तब मनोरंजन और प्रहसन के लिए कोई आधुनिक माध्यम नहीं था। सामाजिक परिवेश भी अलग था। त्योहारों और मेल-मिलाप के दौरान मस्ती के माहौल में कुछ रियायतें ले ली जाती थीं। प्रेम, यौनिक ठिठोली, छेड़छाड़ और वर्जित विषयों पर चुटकियां लेना आम बात थी। अगर आप देखें, तो शादी-ब्याह में गाली वाले प्रहसन, गीत, महाराष्ट्र में लावणी, हिमाचल की सीमा के आसपास मनाया जाने वाला पर्व होलाच, औरंगाबाद का देव उत्सव, होली में फगुआ के दौरान वही पुरानी परंपरा और लोक गाने देखने-सुनने को मिलते रहे हैं।

देश दुनीया से

## राजनीति में अपराधियों की बढ़ती संख्या चिन्ताजनक


भाजपा-कांग्रेस साथ-साथ : पहले पेज की ही बात करें तो भाजपा के 77 उम्मीदवारों में से 28 के खिलाफ ।ामिनल केसेज और 14 के खिलाफ गंभीर अपराध के मामले दर्ज है। वायनाड से ही राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा उम्मीदवार के सुरेन्द्रन के खिलाफ 242 मामले दर्ज हैं, हालांकि इनमें से 237 केसेज अकेले सबरीमाला प्रकरण से जुड़े आन्दोलन को ले कर हैं। इसी तरह, पहले पेज में कांग्रेस के 56 वैंडिडेट्स में से 19 के खिलाफ व्रिमिनल केसेज और 8 के खिलाफ गंभीर व्रिमिनल केसेज दर्ज है। कमोबेश यही हालत दूसरे पेज की भी है और उम्मीद है कि आने वाले पेजेज की भी हालत यही होगी।


**क्या** इस बात पर सवाल नहीं उठेगा कि एक-एक वैंडिडेट की जन्मवुंडली खंगालने के बाद ही जब टिकट दिया जाता है, तब क्या दिल्ली में बैठे भाजपा या कांग्रेस आलाकमान को उन पैक्ट्स से अनजान रखा जाता है, जो तथ्य ऐसे वादों, गारंटी पर सवालिया निशान लगा देते हैं। राजनीति में अपराधियों की बढ़ती संख्या चिन्ताजनक अपराध वह हम्माम है, जिसमें सारे के सारे राजनैतिक दल नंगे हैं। क्या भाजपा, क्या कांग्रेस या अन्य क्षेत्रीय दलों की बात ही क्यों न हो? पहले और दूसरे पेज के चुनाव में भी ऐसे अपराधियों की संख्या भरपूर मात्रा में है। लेकिन, इसमें एक और पहलू है। आमतौर पर कहा जाता है कि राजनीति में द्वेषपूर्ण तरीके से भी एक दूसरे के खिलाफ मुकदमें कर दिए जाते हैं। यह बात बहुत हद तक सही भी है। लेकिन, एक होता है गंभीर किस्म का अपराध. हत्या, डवैती, बलात्कार, लूटपाट, दंगा भड़काना आदि. ऐसे उम्मीदवारों को आखिर चुनाव लड़वाने की कौन सी मजबूरी होती है। जबकि पिछले वुछेक दशक से एसोसिएशं फॉर डेमोव्रोटिक रिफॉर्म्स लगातार चुनावी राजनीति से अपराधियों को अलग करने की मुहीम चला रही है। बावजूद इसके, शीर्ष राजनीतिक दल कोई सबक नहीं लेते दिख रहे हैं। भाजपा-कांग्रेस साथ-साथ : पहले पेज की ही बात करें तो भाजपा के 77 उम्मीदवारों में से 28 के खिलाफ ।ामिनल केसेज और 14 के खिलाफ गंभीर अपराध के मामले दर्ज है। वायनाड से ही राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा उम्मीदवार के सुरेन्द्रन के खिलाफ 242 मामले दर्ज हैं, हालांकि इनमें से 237 केसेज अकेले सबरीमाला प्रकरण से जुड़े आन्दोलन को ले कर हैं। इसी तरह, पहले पेज में कांग्रेस के 56 वैंडिडेट्स में से 19 के खिलाफ व्रिमिनल केसेज और 8 के खिलाफ गंभीर व्रिमिनल केसेज दर्ज है। कमोबेश यही हालत दूसरे पेज की भी है और उम्मीद है कि आने वाले पेजेज की भी हालत यही होगी। और यह तब है जब एक तरफ भाजपा नारा देती है, बहुत हुआ महिलाओं पर अत्याचार, अबकी बार मोदी सरकार। वहीं दूसरी तरफ, कांग्रेस ने इस बार के मेनिपेस्टो में हर साल महिलाओं के खाते में एक लाख रूपया देने की बात कही है। प्रियंका गांधी लड़की हूँ, लड़ सकती हूँ का नारा दे कर यूपी का चुनाव लड़ चुकी है। लेकिन, ये सब महज नारे हैं, वादें है, गारंटी हैं, मंशा है। हम कहीं से भी इन बातों पर न सवाल उठाना चाहते है, न शक करना चाहते है। लेकिन, तथ्य और पैक्ट्स का क्या करेंगे? क्या इस बात पर सवाल नहीं उठेगा कि एक-एक वैंडिडेट की जन्मवुंडली खंगालने के बाद ही जब टिकट दिया जाता है, तब क्या दिल्ली में बैठे भाजपा या कांग्रेस आलाकमान को उन पैक्ट्स से अनजान रखा जाता हैं, जो तथ्य ऐसे वादों, गारंटी पर सवालिया निशान लगा देते है। मेडक से सासारामः रेप से पोक्सो तक : तेलंगाना के भाजपा उम्मीदवार एम रघुनंदन मेडक लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार है और उनके खिलाफ 29 मुकदमें लंबित है, जिसमें एससी/एसटी एक्ट से ले कर बलात्कार तक के मामले हैं. दूसरी तरफा कांग्रेस के एक उम्मीदवार है सासाराम से। उस सासाराम से जिसकी विरासत बाबू जगजीवन राम और मीरा वुमार जैसी महिला शत्ति के नाम से प्रसिद्द है। ऐसे में, कांग्रेस की ऐसी क्या मजबूरी थी, जो उसने पोक्सो एक्ट जैसे संगीन जुर्म के आरोपी को अपना उम्मेदवार बनाया? क्या ऐसा जानबूझ कर किया गया? या फिर शीर्ष नेतृत्व को इन तथ्यों की जानकारी ही नहीं थी? दरअसल, 8 अप्रैल 2024 को वुंद्रा थाना, भभुआ में पोक्सो एक्ट (लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012) के तहत दर्ज एफ़आईआर संख्या 579201 5240130 को बिना संज्ञान में लेते हुए, वैसे सासाराम से कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार एक ऐसे व्यक्ति (मनोज राम) को बना दिया, जिसके बेटे (उज्जवल वुमार, जो गिरफ्तार भी हुआ) और जिस पर खुद इस केस के अभियुत्त के तौर पर नाम दर्ज है। (एफआईआर की प्रति संलग्न है)। सवाल है कि जब बिहार या देश की जनता के बीच यह मैसेज जाएगा (एफिडेविट जमा करने के बाद) तब कांग्रेस क्या जवाब देगी? जाहिर हैं, तब भाजपा के पास एक दमदार मुद्दा होगा, जिसके आधार पर वह पूरे देश में इस उदाहरण को पेश कर के कांग्रेस की महिला न्याय गारंटी पर सवाल खड़े करेंगी. किसने किसको गुमराह किया? : फिर सवाल है कि क्या वैंडिडेट ने स्थानीय कांग्रेस नेतृत्व या दिल्ली से आए कांग्रेस प्रभारी/ पर्यवेक्षकों को गुमराह किया? दिलचस्प यह भी है कि भभुआ के ही रहने वाले पीड़ित पिता (पिछड़ी/ अतिपिछड़ी जाती से) ने फरवरी 2024 में ही पुलिस को आवेदन दिया था लेकिन तब प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई और जब वे पुलिस कप्तान से मिले तब कहीं जा कर 8 अप्रैल को यह प्राथमिकी दर्ज हो सकी।

आप का नजरीया

## भाजपा की 44 दिन पहले ही निर्विरोध जीत

**गुजरात** की सूरत लोकसभा सीट पर सोमवार को भाजपा के मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित हुए। बसपा प्रात्याशी प्यारे लाल भारती और चार निर्दलीय सहित वुल आठ उम्मीदवारों ने नाम वापस ले लिया। गुजरात में पहली बार कोईं प्रात्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुआ है। 1984 से सूरत सीट पर भाजपा जीत रही है। इस सीट पर 7 मईं को वोटिग होनी थी। कांग्रोस के प्रात्याशी नीलेश वुंभाणी और डमी प्रात्याशी का नामांकन प्रास्तावकों के हस्ताक्षर में त्रुटि के चलते रविवार को खारिज कर दिया गया था। भाजपा की निर्विरोध जीत के लिए कांग्रोस प्रात्याशी नीलेश वुंभाणी ने ही भाजपा से हाथ मिला लिया था। भाजपा की ओर से वुंभाणी को ऑपरेशन निर्विरोध की स्व्रिप्ट मिली। इसके अनुसार ही नीलेश वुंभाणी ने कांग्रोस की प्रादेश इकाईं को अंधेरे में रखते हुए पैंतरें चले। वुंभाणी ने अपने नामांकन पत्र के प्रास्तावकों में कांग्रोस वैडर कार्यंकर्ताओं, मेंबर की बजाए अपने रिश्तेदारों और करीबियों को रखा। वुंभाणी ने अपने पत्रे में प्रास्तावक बहनोईं जगदीयां सावलिया और बिजनेस पार्टनर ध्रविन धामेलीया और रमेश पोलरा को बनाया। नीलेश वुंभाणी ने कांग्रोस पाटा के डमी प्रात्याशी सुरेश पडसाला का प्रास्तावक भी अपने भांजे भौतिक कोलडिया को बनवाया। पर्चा दाखिल करते वक्त भी वुंभाणी किसी भी प्रास्तावक को चुनाव अधिकारी के सामने नहीं ले गए। चारों प्रास्तावकों ने हस्ताक्षर फजा होने का शपथ पत्र दे दिया और खुद भूमिगत हो गए। सभी को कारण बताओ नोटिस जारी करने की प्राव्रिया अपनाईं जा रही है। कोईं भी सामने नहीं आया। इसके बाद वुंभाणी और डमी प्रात्याशी सुरेश पडसाला का पर्चा खारिज हो गया। सूरत में भाजपा के इस आपरेशन निर्विरोध का एपिक सेंटर बना सूरत का फाइव स्टार होटल ली-मैरेडियन, यहां से 24 घंटे तक ऑपरेशन निर्विरोध की कार्रवाईं का संचालन हुआ। ये कवायद भाजपा के प्रादेश अध्यक्ष सीआर पाटिल की सीधी निगरानी में हुईं। सूरत की जीत 400 पार के लक्ष्य की पहली जीत है। हम इसे प्राधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को समर्पित करते हैं यह कहते हैं सीआर पाटिल, गुजरात भाजपाध्यक्ष। उधर कांग्रोस नेता राहुल गांधी ने कहा : तानाशाह की असली सूरत फिर देश के सामने है। मैं फिर कह रहा हूं, यह चुनाव देश और संविधान को बचाने का है। जनता से अपने नेता चुनने का अधिकार छीन लेना बाबा साहब अबंडेकर के संविधान को खत्म करने की तरफ बढ़ाया एक और कदम है। राहुल ने लिखा, मैं एक बार फिर कह रहा हूं - यह सिर्प सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, यह देश को बचाने का चुनाव हैं, संविधान की रक्षा का चुनाव है। वहीं जयराम रमेश ने व्रोनोलॉजी समझाते हुए कहा कि लोकतंत्र खतरे में है। उन्होंने एक्स पर लिखा सूरत जिला अधिकारी ने 7 मईं 2024 को मतदान से लगभग 2 सप्ताह पहले ही 22 अप्रौल 2024 को सूरत लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार को निर्विरोध जिता दिया गया।

संक्षिप्त खबरें

## महिला के साथ हुआ दुष्कर्म, प्राथमिकी दर्ज युवक गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत बलबल में एक विवाहिता महिला के साथ दुष्कर्म किया गया है। जिसे लेकर पीड़िता ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित आवेदन के अनुसार बताया जा रहा है कि युवक हजारीबाग के सफीक मियां के पुत्र सद्दाम अंसारी (24) है। पुलिस ने इस मामले को तत्परता दिखाते हुए आरोपी सद्दाम अंसारी को गिद्धौर मुख्य चौक से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि आरोपी हाइवा चालक है।महिला के साथ रविवार के देर शाम युवक ने मारपीट करते हुए दुष्कर्म का अंजाम दिया है।थाना प्रभारी अमीत कुमार गुप्ता ने बताया की मामले की जांच कि जारही रही है।जबकि गिरफ्तार युवक आरोपी को मंगलवार को जेल भेजा जाएगा।

## शराब के नशे में मोटरसाइकिल सवार ने पेड़ में मारी टक्कर, एक की स्थिति गंभीर रेफर





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत जपुआ बिरहोर कॉलोनी के पिछे मोटरसाइकिल सवार तीन युवक सिंदवार के पेड़ में मारी जोरदार टक्कर तीनों युवक घायल हुए हैं। घटना सोमवार को शाम करीबन 5ः00 बजे हुई है। जिसमें एक युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटनाग्रस्त बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। बताया जाता है कि तीनों युवक बाइक से हजारीबाग की ओर से गिद्धौर आ रहे थे। तीनों युवक शराब के काफी नशे में थे। जपुआ बिरहोर कॉलोनी के समीप तीखा मोड होने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे तीनों युवक करीब 20 मीटर दूरी पर जा गिरे। घायल युवकों में लोवागड़ा के बुधन भुइयां के पुत्र ननकु भारती, सुकर भुइयां के पुत्र बबलू भारती व माथुर भुइयां के पुत्र राजेश भारती बताया जा रहा है। राजेश भुइयां का पैर टूट गया। जबकि स्थिति नाजुक बनी हुई है। तीनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अवर निरीक्षक रंजय सिंह व सुनील कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहा तीनों युवकों की प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

पेंशन की राशि भुगतान में विलंब, खाने को पड़ी लाले

## 3 माह से नहीं मिला पेंशन, बैंक व कार्यालय का लगा रहें चक्कर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा (चतरा) :** असहाय व बुढ़ापे की सहारा बनी वृद्धापेंशन का भुगतान बीते तीन माह से बंद पड़ा है। पेंशनधारियों को विगत तीन माह से पेंशन की राशि का भुगतान नहीं होने के कारण उनके समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।पेंशन को लेकर पेंशनधारी बैंक व कार्यालय का चक्कर काट रहें हैं।तपती धूप व उमस भरी गर्मी में बैंक का चक्कर लगा लगा-लगा कर थक चुके हैं,पेंशनधारी पेंशन आने की आस में निगाहे टिकाये हुए है। वहीं लोटवा गाँव निवासी तपेश्वर यादव ने बताया की उम्र के अंतिम पड़ाव में बार-बार इस तपती धूप व उमस भरी गर्मी में बैंक जाना संभव नहीं है फिर भी पेंशन की आस में चक्कर लगा रहा हूँ, वही उन्होंने बताया की भरण पोषण भी पेंशन की राशि से ही चलती है और ऐसे में पेंशन की राशि नहीं मिलने से पिछले तीन माह से परेशान हूँ। साथ ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा हूँ। हालांकि इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने फ़ोन रिसीव नही हो पाई।

## मजदूरी कर अपने घर वापस जा रहे दो महिला मजदूरों को अनियंत्रित बाइक सवार ने मारी टक्कर, घायल



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के इचाक ग्राम के पास मजदूरी कर अपने घर वापस जा रही दो महिला मजदूरों को एक बाइक सवार ने अनियंत्रित होकर पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे वे गम्भीर रूप से घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मानती देवी 40वर्ष पति योगेंद्र उरांव, बासमती कुमारी 18 वर्ष पिता राजेन्द्र उरांव दोनो ग्राम लावागड़ा हेरहंज निवासी बालूमाथ के झाबर ग्राम से मजदूरी कर वापस अपने घर पैदल जा रही थी ।इसी दौरान इचाक ग्राम के पास एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल ने पीछे से उन्हें टक्कर मार दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## समूह की महिलाये व जेएसएलपीएस के कर्मियो ने साईकिल रैली निकालकर मतदाताओ को जागरूक किया



**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीडीओ अजय कुमार दास के निर्देश पर सोमवार को जेएसएलपीएस कार्यालय से साईकिल रैली निकाला गया।यह साईकिल रैली जेएसएलपीएस के तत्वाधान मे निकाली गई।जिसका नेतृत्व बीपीएम अभिषेक कुमार के द्वारा किया गया। वही इस साईकिल रैली मे प्रतापपुर सीएलएफ, रामपुर सीएलएफ सहित विभिन्न पंचायतो के समूह की महिलाये व जेएसएलपीएस के कर्मी शामिल हुये।साईकिल रैली प्रखंड कार्यालय स्थित जेएसएलपीएस कार्यालय से निकालकर मुख्यालय के सभी मार्गो मे घूमाया गया तथा दर्जनो स्लोगन, बैनर, पोस्टर के माध्यम से मतदान को लेकर मतदाताओ को जागरूक किया गया। साथ ही आगामी 20 मई को होने वाली लोकसभा चुनाव को लेकर अपने पुरे व्यस्क परिवार के साथनिर्भिक, निडर व बिनो लोभ लालच किये मतदान करने की अपील किया गया। मौके पर सुरजकांत कुमार, राजकुमार, अनिरूद्ध कुमार, अर्जुन साहु, धर्मवीर कुमार समेत प्रखंड व अंचल के कई कर्मी शामिल थे।

## भाजपा ने बारियातू प्रखंड क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान

**लातेहार/ बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने सोमवार को बारियतु प्रखंड के 13 गावों में सघन जनसंपर्क अभियान के द्वारा लोगों से चतरा में पुनः कमल खिलाने की अपील किया। भाजपा प्रत्याशी के जनसंपर्क कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं के साथ भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल हुए,कालीचरण सिंह ने गोनिया, गढ़गोभा, बालूभांग, हरेनटोपा, लाटू, फूलसू, दिसरी, ढाड़ा, सालवे, रेंची, पिपराडीह, रहिया, बारियातु में सघन जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता को संबोधित करते हुए ने कहा कि वे चतरा लोकसभा क्षेत्र के जिस-जिस गाँव जा रहे है वहां लोगों का भाजपा के लिए प्यार और सम्मान देख उन्हें समझ आ रहा है कि इस क्षेत्र की जनता ने फिर से चतरा में भाजपा को जीत दिलाने का मन बना लिया है।

## दक्षिणी जोन टंडवा भाजपा की बैठक हुई सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा (चतरा) :** भारतीय जनता पार्टी टंडवा मंडल दक्षिणी जोन की बैठक राहम में मंडल अध्यक्ष संजीव पांडेय की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन प्रभारी ईश्वर दयाल पांडेय ने किया। बैठक में विशेष रूप से टंडवा मंडल अंतर्गत राहम पंचायत प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह, वरिष्ट नेता कामेश्वर पांडेय व जिला उपाध्यक्ष विजय चौबे उपस्थित थे। बैठक में टंडवा दक्षिणी जोन में पड़ने वाले राहम, बड़गांव, डहु पंचायत (शक्ति केन्द्र) के संयोजक, सह संयोजक, बूथ अध्यक्ष और सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रत्याशी काली चरण सिंह के लिए भारी मतदान हो, इस पर रणनीति बनाई गई। उपस्थित सबों ने चतरा के स्थानीय (लोकल) प्रत्याशी को सभी बूथों पर भारी मतदान कराने के लिए संकल्पित हुए साथ ही अपने अपने टोले मुहल्ले में घर घर मोदी जी के जनकल्याणकारी योजनाओं को बता कर मोदी जी के लिए मतदान करने हेतु प्रचार में लग जाने पर बात हुई। मौके पर विजय पांडेय, अरूण पांडेय, राजमणि सिंह, रामायण पांडेय, रामचंद्र गुप्ता, सरोज पांडेय, अरविन्द पांडेय, ब्रज किशोर पांडेय, रामेश्वर विश्वकर्मा, अशोक तिवारी, जीबलाल यादव, उप मुखिया बिशु उरांव, गणेश महतो, महेन्द्र महतो, विकाश महतो, ऋृषु महतो, पूर्व मुखिया चूरामन उरांव, गणेश पासवान,रूबी देवी, गिरजा देवी, बबीता देवी व अन्य उपस्थित थे।

## पत्थलगड़ा पुलिस सुदूरवर्ती क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर लगातार कर रहे हैं बूथों की निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण तरीके से करवाने हेतु पथलगड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न बूथों का निरीक्षण एवं विधि व्यवस्था संधारण के लिये थाना प्रभारी आलोक रंजन पथलगड्डा के नेतृत्व में केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स की एक कंपनी तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदय पत्थलगड़ा श्री राहुल देव के द्वारा लगातार विभिन्न विभिन्न बुथों का निरीक्षण किया जा रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को मद्देनजर पत्थलगड़ा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी के द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत मेराल पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिरकॉल, उच्च विद्यालय खेरा एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेराल मतदान बूथों का किया जा रहा है निरीक्षण।। पत्थलगड़ा थाना प्रभारी के द्वारा स्वयं ही पत्थलगड़ा थाना के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में जाकर सभी मतदान केंद्रो का लगातार निरीक्षण किया तथा बूथो पर मूलभूत सुविधा जैसे शौचालय, पानी, बिजली, विकलांगो के लिए रैंप धूप से राहत के लिए छाया आदि का आकलन कर उसे सुधारने हेतु उचित पत्राचार किया जा रहा है। मौके पर मेराल पंचायत के मुखिया के अलावे कई लोग उपस्थित रहे।

## उपायुक्त सभागार में एसवीएम लातेहार के छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला उपायुक्त सभागार के समाहरणालय में उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी को पुष्प गुच्छ एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही झारखंड बोर्ड वार्षिक परीक्षा 2024 में राज्य स्तर पर टॉप टेन में स्थान बनाने वाले सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार के चार भैया-बहन शांभवी सुहाना 98 प्रतिशत नम्रता सेनगुप्ता 97.6 प्रतिशत जयदीप कुमार 97.6 प्रतिशत अनन्या कुमारी 97.2 प्रतिशत एवं उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त गरिमा सिंह ने बताया कि ये मेधावी छात्र-छात्राएं न केवल अपने परिवार व विद्यालय का नाम रोशन किया है बल्कि पूरे लातेहार जिला को भी गौरवान्वित किया है। साथ ही सम्मान समारोह में जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार ने भैया बहनों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी और बताया कि आगे परीक्षा परिणाम और बेहतर हम कर सकें ऐसा प्रयास हमें करते रहना है।

## अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर किया लाखों की चोरी, भुक्तभोगी ने थाना में दिया आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र के ब्लॉक परिसर स्थित कर्मांचुवां ग्राम में बिती रात अज्ञात चोरों ने दिलीप कुमार चंद्रवंशी के घर का ताला तोड़कर पचास हजार नगद, पांच लाखं के जेवरात, कपड़ा समेत अन्य समान कि चोरी कि गई। वहीं भुक्तभोगी दिलीप कुमार ने लातेहार सदर थाना लिखित आवेदन देते हुए कहा कि रविवार की सुबह किसी काम को लेकर हमलोग अपने पुराने मकान हेरहंज प्रखंड के जानी ग्राम गये थे।काम ज्यादा हो जाने के कारण उस दिन हम लोग लौट नहीं पाये।इसलिए बच्चों को रात में सोने के लिए चाची के यहां चंदनडीह भेज दिए। अहले सुबह घर आए तो देखा कि बाहर से घर का ताला टूटा हुआ है। उसके बाद अंदर जाकर देखें तो घर का सारा सामान इधर से उधर बिखरा हुआ है। घर में रखे 50 हजार नगद, 5 लाख के जेवरात कपड़ा समेत कई अन्य समान की चोरी की गई साथ ही साथ चोरों ने सिंगार बॉक्स में रखा हुआ जेवरात के सारे कागजात को अपने साथ ले गए आगे भुक्तभोगी ने जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

## गर्मी बढ़ते ही पानी के लिए ग्रामीण करने लगे त्राहिमाम, जलस्तर जा रही नीचे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र में गर्मी पड़ते ही लोगों के लिए पानी की समस्या उत्पन्न शुरू हो गई है। पत्थलगड़ा प्रखंड के सिंघानी गांव में दर्जनों घरों के लोगों को पानी की किल्लत झेलनी पड़ रही है। और उसका मुख्य कारण है नदी से बालू उठाव क्योंकि पानी को लेकर गांव में कभी समस्या उत्पन नही हुई लेकिन आज पानी के लिए पिछले दो साल से ग्रामीण परेशान हो गए है। कितने ग्रामीणों द्वारा पानी के लिए लड़ाई झगड़ा तक कर लेते है। गर्मी के मौसम आते ही पानी की किल्लत होनी शुरू हो जाती है। कुछ ग्रामीण पीएचडी द्वारा दिए गए जल मीनार पर निर्भर रहते है। वह भी गर्मी शुरू होते ही जलमिनार बोरिंग का भी जल स्तर गिरने लगता है। जलमिनार का भी पानी पिने लाइक नहीं रह जाता वही कुछ कुआँ का भी हाल बेहाल है कुआं भी एक बूंद पानी के लिए तरसने लगता है। जो ग्रामीण गर्मी आने से पहले हीं चिंता में डूब जाते है की हम सभी का बुरा दिन आने वाला है। लेकिन शुद्ध पेय जल नहीं मिल पाता, जिसके चलते पिने के पानी की किल्लत सबसे बड़ी समस्या है। पानी की किल्लत की वजह से लोगों की सबसे बड़ी समस्या उत्पन हो रही है। यहां के ग्रामीणों ने जन प्रतिनिधियों से गुहार लगाते हुवे कहा है की हम सभी ग्रामीणों का जो जल की किल्लत रहती है उसे जल्द से जल्द सुलझाया जाय।

## मतदाता जागरूकता को लेकर हुसैनाबाद में संध्या चौपाल का आयोजन



**हुसैनाबाद, पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद शहर के टाउन हॉल में रविवार की शाम स्वीप कार्यक्रम के तहत संध्या चौपाल कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा जेएस एलपीएस के सखी मंडल की दीदियों व स्थानीय मतदाता शामिल हुए। इस दौरान मतदाताओं को चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता जागरूकता अभियान का प्रचार प्रसार किया गया। साथ ही सभी को अधिकारियों ने कैंडल जलाकर शपथ भी दिलाया। इस बाबत एलआरडीसी गौरांग महतो ने कहा कि 13 मई को सभी लोग लोकतंत्र के महापर्व में अवश्य भाग लें।देश के मजबूत लोकतंत्र के लिए अवश्य वोट दें। आपका एक मत क्षेत्र के विकास के लिए अहम है। उन्होंने उपस्थित सखी दीदियों से कहा कि मतदान की जानकारी अपने तक सीमित न रखकर अपने आस-पड़ोस के मतदाताओं को भी दें और मतदान के दिन अपने साथ पड़ोसियों को भी मतदान के लिए ले जाये। उन्होंने कहा कि वोट करने से लोकतंत्र को मजबूती प्रदान होती है, इसलिए हर मतदाता को मतदान कर भारत को और मजबूत बनाना चाहिए। मतदान प्रतिशत में कमी नहीं रहनी चाहिए। जिन्हें मतदान का अधिकार है उन्हें बूथ तक पहुंच कर अवश्य मतदान करना चाहिए। मौके पर सीओ

## आइसीएसइ बोर्ड से 10 वीं की परीक्षा में राहील खान 94.4 प्रतिशत से हुआ उत्तीर्ण

राहिल की सफलता से घर में खुशियों का माहौल माता ने बांटी मिठाइयां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** एक निजी विधालय संचालक सह शिक्षिका रेलवे स्टेशन निवासी सालेहा तरन्नुम के पुत्र राहील ख़ान ने अपने मेहनत और लगन से पढ़ाई कर अपने माता-पिता का दिल जीत लिया है।जिला मुख्यालय स्थित संत जेवियर्स एकेडमी के छात्र राहिल खान ने आइसीएसइ बोर्ड से 10वीं कि परीक्षा में 94.4 प्रतिशत से उत्तीर्ण होकर विधालय सहित अपने माता-पिता का नाम रौशन किया है। जिससे घर में खुशियों का माहौल बना हुआ है। राहिल ने बताया कि आगे मेरा सपना है एंटरप्रेन्योरशिप कोर्स करना साथ ही मुझे कोपीराइटींग, वीडियो एडिटिंग व्यवसाय जैसे विषयों में रुचि रही है। वहीं पुत्र कि सफलता की खुशी में राहील के माता-पिता ने पुत्र को मीठाई खिलाया एवं साथ ही इस खुशी में लोगों में मीठाई भी बांटी है। आगे राहील के माता सालेहा तरन्नुम ने कहा कि कठोर परिश्रम और सच्ची लगन से जीवन में किसी भी मनचाहे मुकाम को हासिल किया जा सकता है। लक्ष्य छोटे- छोटे तय करना चाहिए। धीरे-धीरे बड़े लक्ष्य की तरफ बढ़ना चाहिए। इससे आसानी से कामयाबी पाई जा सकती है। यही सफलता का मूलमंत्र है। आगे उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में समय का बहुत महत्व होता है। समय के प्रबंधन की कला जिसे आ जाती है वह जीवन में आगे बढ़ता है।

# कोई नहीं है गठबंधन के टक्कर में, न पड़ें किसी के चक्कर में : लवकुश यादव

चतरा लोकसभा में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को सहयोग करने की अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** राजद प्रखंड अध्यक्ष लवकुश यादव ने राजद कार्यकर्त्ता सहित अन्य आमजनो से आग्रह करते हुए कहा की गठबंधन को पुरजोर सहयोग करें. गठबंधन की सरकार ही विस्थापितों, शोषित, गरीब मजदूर, सर्वजनों की हक और अधिकार के बात करेगा। जाति धर्म से उपर उठकर रोजगार, बढ़ते महंगाई पर, शोषण, अत्याचार के विरुद्ध खड़ा होकर भाईचारगी बंधुत्व, समता और समानता के लिए सदैव तात्पर्य रहेगा. देश की संविधान पर खरा उतर कर अखंड भारत बनने का सपना पूरा करने का हर संभव प्रयास करेगा. विशेष कर राजद कार्यकर्त्ताओं को अपील करते हुए कहा की वर्तमान स्थिति मे गठबंधन के टक्कर कोई नहीं है इसलिए आप सभी किसी के चक्कर मे न पड़ते हुए पूर्ण ईमानदारी के साथ गठबंधन को सहयोग करें.साथ ही कहा की जुमलेबाजों की सरकार ने सिर्फ जुमलेबाजी की है. यदि विस्थापितो को अधिकार दिलाना है महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है युवक युवतियों को रोजगार से जोड़ना और संविधान की रक्षा के लिए, महंगाई बेरोजगारी से राहत के लिए महागठबंधन को सहयोग करना हम सब राजद कार्यकर्त्ताओं को परम् कर्तव्य है. इसलिए नहीं पड़ें किसी के चक्कर मे, आपलोगों की सहयोग रहेगा तो कोई नहीं है गठबंधन के टक्कर मे। राजद प्रखंड अध्यक्ष लव कुश यादव ने सभी राजद कार्यकर्त्ताओं से आग्रह करते हुए कहा की गठबंधन कहने में नहीं बल्कि करने पर विश्वास रखती है. इसलिए आप सभी सब गिला सिकवा दूर कर कदम मे कदम मिलाकर महागठबंधन को सहयोग करें. आदरणीय श्री लालू प्रसाद यादव और श्री तेजस्वी यादव जी के नेतृत्व में हम सभी राजद के सिपाहीयों को क्षेत्र में काम करने की आवश्यकता है. चुनाव के समय लोभ लालच भी दिया जाता है. गठबंधन ही देश हित में करने वाली है. इसलिए अभी एकजुट रहकर कार्य करने का आग्रह किया. मौके पर राजद के कई कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## डीएवी बनियाहीर में स्नातक स्तरीय प्री मेडिकल प्रवेश परीक्षा संपन्न



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी बनियाहीर परीक्षा केंद्र पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनटीए) के द्वारा आयोजित स्नातक स्तरीय चिकित्सकीय प्रवेश परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। यह परीक्षा राष्ट्रीय जाँच एजेंसी द्वारा संपन्न कराई जाने वाली सर्वाधिक प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक है। परीक्षा केंद्र के द्वारा राष्ट्रीय जाँच एजेंसी द्वारा निर्धारित मानदंडों व पारदर्शिता का पूरी तरह ध्यान रखा गया। परीक्षा केंद्र पर लगभग 500 परीक्षार्थियों ने शांतिपूर्वक व सकुशल परीक्षा दी। परीक्षा केंद्र के निदेशक सह प्राचार्य एस मोदक ने परीक्षा के सकुशल सम्पन्न होने पर विद्यालय के शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। उन्होने कहा की राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने अनुचित साधनों के इस्तेमाल रोकने के लिए सख्त कदम उठाए। पूरी बाजू की शर्ट, डिजिटल घड़ी, जूते और हाई हील सेंडिल पहन कर आने पर रोक लगा दी गई थी। यह परीक्षा राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा नियुक्त वरिष्ठ पर्यवेक्षक राजेश कुमार झा के कुशल निर्देशन में संपन्न हुई। परीक्षा के सकुशल सम्पन्न होने पर पर्यवेक्षक ने विद्यालय प्राचार्य व पूरे विद्यालय परिवार के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

## अल इकरा कंपेटेटीव सेंटर द्वारा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केंदुआ के ख्वाजा गरीब नवाज फाउंडेशन द्वारा संचालित अल इकरा कंपेटीटीव सेंटर के वर्ष गांठ के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केजीएन फाउंडेशन के अध्यक्ष हाजी गुलाम ख्वाजा ने 15 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। ज्ञात हो की बीते दिनो अल इकरा कंपेटेटीव सेंटर मे प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन हुआ था जिसमे 123 विद्यार्थी ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे केजीएन फाउंडेशन के जेनरल सेक्रेटरी आबिद रेजा फैजी ने बच्चो के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप अपने मां बाप के सपनो को पूरा करें, मार्गदर्शन फाउंडेशन करेगी। जो बच्चे सफल होना चाहते हैं, वे अल इकरा कंपेटेटीव सेंटर दाखिला ले सकते हैं। बतौर मुख्य अतिथि धनबाद नर्शींग होम के डॉ रिजवान अंसारी, नवजवान एकता फाउंडेशन के सचिव शहनवाज खान एवं अंजुमन फैजुल इस्लाम केंदुआ नंबर 4 के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने मे हाजी गुलाम ख्वाजा, आबिद रेजा फैजी, मो जमील, गुलाम अहमद रेजा, मुमताज आलम, शमशाद अंसारी, कलामुद्दीन अंसारी, मंजर अली, मनवर आलम, जावेद अफसर, वकार, सनाउल, बदरुद्दीन अंसारी आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## प्रयास पहल के द्वारा प्रयास पुस्तकालय का हुआ उद्घाटन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले के खोरीमहुआ अनुमंडल क्षेत्र के कोदम्बरी में प्रयास पहल संस्था द्वारा प्रयास पुस्तकालय का उद्घाटन जिला परिषद् सदस्य, देवरी- भाग 05, गिरिडीह संजु देवी के द्वारा किया गया। इस पुस्तकालय में 1200 से अधिक पुस्तकों का संग्रह है जो गाँव समाज के सभी बच्चों व ग्रामीणों के लिए उपलब्ध रहेगा। प्रयास पुस्तकालय के इस शाखा में समाज के बच्चों के लिए विभिन्न ज्ञानवर्धक पुस्तकों के साथ साथ कम्प्यूटर के आधारभूत जानकारी व उपयोग के लिए 02 कम्प्यूटर भी उपलब्ध है। मुख्य अतिथि संजु देवी ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के बच्चों के लिए प्रयास पहल के द्वारा किया जा रहा यह कार्य बहुत ही सराहनीय है। प्रयास पहल के संस्थापक सुबोध कुशवाहा ने कहा कि गाँव समाज में शिक्षा के प्रचार प्रसार में पुस्तकालय का अहम भूमिका है, यह पुस्तकालय से बहुत सारे बच्चों का भविष्य संवरेगा। इस अवसर पर विकास युवा क्लब, हिरोडीह के अध्यक्ष पवन साहु, प्रयास पहल के अध्यक्ष पंकज कुमार, सचिव विकास कृष्ण मंडल, आदित्य वर्मा, राजू राय, संतोष कुशवाहा, तेजलाल वर्मा, देवनंदन बर्मा, पंकज साव, सुरुचि बर्मा, खुशबू कुमारी, सपना कुमारी, मनिषा बर्मा, नेहा बर्मा, प्रीति मंडल, लक्ष्मी कुमारी, रोशनी मंडल उपस्थित थे।

## इंपीरियल पब्लिक स्कूल के संचालक द्वारा शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरहमसिया चौक पर स्थित इंपीरियल पब्लिक स्कूल के संचालक द्वारा कक्षा नर्सरी से 8 वीं तक के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। ज्ञात हो कि भीषण गर्मी को देखते हुए सरकार के आदेशानुसार कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 वीं तक की कक्षाएं स्थगित हैं। इस समय का सदुपयोग करते हुए नये सत्र में शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के तीसरे सत्र में संचालक चंद्रशेखर प्रसाद वर्मा ने अनुशासन का महत्व, पढ़ाने की विधि, होम वर्क जांच करने का विधि, मोबाईल के प्रयोग पर प्रतिबंध, वर्ग शिक्षक-शिक्षिका की भूमिका, इत्यादि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया।

# अंतिम दिन 10 उम्मीदवारों ने किया नामांकन



**9 मई को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के समक्ष 10 उम्मीदवारों ने नामांकन किया। नामांकन के दौरान सामान्य प्रेक्षक अनूप खिनची निर्वाचन पदाधिकारी के कक्ष में मौजूद थे।

आज मोहम्मद एकलाक अंसारी, तुलसी महतो, निताई दत्ता, हीरा लाल शंखवार, मोहम्मद फैसल खान, मोहन सिंह, मोहम्मद तफाजुल हुसैन, अकबर अली, त्रिदेव कुमार महतो तथा गौतम कुमार महतो ने नामांकन किया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 7 मई को सुबह 11:00 बजे से नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी शुरू की जाएगी। वहीं 9 मई 2024 को दोपहर 3:00 बजे तक नाम वापस लेने की अंतिम तिथि निर्धारित है।

धनबाद में 25 मई को सुबह 7 बजे से संध्या 5 बजे तक मतदान निर्धारित है। 4 जून 2024 को मतगणना तथा 6 जून को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

नामांकन के दौरान सामान्य प्रेक्षक अनूप खिनची, उपायुक्त माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला व अन्य लोग मौजूद थे।

# मासस प्रत्याशी ने सघन दौरा कर मांगा वोट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद लोकसभा के मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने पुटकी, करकेंद, केंदुआ, गोधर, मटकुरिया, विकाश नगर, बैंक मोड़ आदि का सघन दौरा कर लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर जगदीश रवानी ने कहा कि धनबाद कोयलांचल में पानी बिजली के साथ-साथ बेरोजगारी की समस्या काफी जटिल है। इन समस्याओं के निदान के लिए एकमात्र रास्ता मासस प्रत्याशी को विजय बना कर दिल्ली भेजना होगा। जहां वो आपकी आवाज बनेंगे। जनसंपर्क अभियान में मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, चेतू महतो, राजेंद्र वर्मा, श्रवण चंद्रवंशी, छोटू सिंह, गुड्डु खान, माको देवी, आशा देवी, बेबी देवी, बुलबुल देवी, विजय रवानी, विक्रम रवानी, रंजीत रवानी, विनोद राम, सुरेश राम, नरेश गुप्ता, जितेंद्र राम आदि शामिल थे।

# नाली निर्माण में हो रही अनियमितता : धर्मपाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की प्रक्रिया धरातल पर जरूर उतर चूका है लेकिन संवेदक के द्वारा निर्माण कार्य कराये जा रहे सडक के दोनों छोर के नाली निर्माण मे कोताही बरती जा रही है, इस निर्माण कार्य मे इस भीषण गर्मी के समय सीमेंट के कार्य होने बावजूद कभी भी पानी नहीं दिया जा रहा साथ ही नाली निर्माण कार्य मे गुणवत्ता को भी ताक पर रखा जा रहा है, इस कार्य मे मिट्टी के ऊपर छड़ की बंधाई की जा रही है साथ ही बगैर ईटा व गिट्टी के नाली की ढलाई की जा रही है इस सम्बन्ध मे स्थानीय लोगो का कहना है की आनन फ़ानन मे नाली का निर्माण कार्य रात के अँधेरे मे किया जाता है जिसके कारन लोगो को इसकी जानकारी नहीं हो पाती है और ना ही साइड पर कोई विभाग के अधिकारी उपस्थित रहते है दुर्भाग्य है की काफ़ी कोशिशो के बाद सरिया रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य की प्रकिया धरातल पर जरूर उतरा लेकिन गुणवत्ता का ध्यान रखे बिना निर्माण कार्य कराया जा रहा है वहीँ इसके निर्माण कार्य मे गिट्टी व बालू तथा सरिया के गुणवत्ता पर लोग सवाल उठा रहे है वहीँ इस नाली निर्माण कार्य पर स्थानीय लोगो का कहना है सडक के दोनों छोर पर नाली तो बनाया जा रहा है लेकिन इसकी निकासी कहा होगी इसकी एक बड़ी समस्या है चुकी बरसात के दिनों मे सडक पर जल जमाव को लेकर लोग परेशान रहते है ऐसे मे इस नाली का पानी लोगो के घरों मे घुसने का डर सता रहा है इस बाबत स्थानीय समाजसेवी धर्मपाल महतो ने बताया की इस ओवरब्रिज निर्माण के लीये लोगो ने अपने घर व दुकान को स्वतः तोड़ा इसके बदले कई लोगो को मुवावजा नसीब नहीं हुवा और जिन्हे मुआवजा मिले उनके दुकान व मकान के अनुरूप नहीं मिल पाया फिर भी लोगो ने इस दिशा मे सहयोग किया लेकिन अगर निर्माण कार्य मे अगर गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जायेगा तो इसमें संवेदक की चांदी जरूर होगी लेकिन स्थानीय लोगो के सामने समस्या इस नाली निर्माण कार्य से फिर उत्पन्न होगा, इस समस्या को लेकर जिले के उपायुक्त व राज्य के विभागीय सचिव को मामले से अवगत कराया जायेगा ताकि निर्माण कार्य मे सुधार हो सके।

### इंडिया महागठबंधन कि कांग्रेस प्रत्याशी ने छमछम देवी किन्नर से लिया आशीर्वाद

# भाजपा के सजायाफ्ता प्रत्याशी से शिक्षित महिला की लड़ाई : अनुपमा सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** इंडिया महागठबंधन कि कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने झारखंड किन्नर समाज की प्रदेश अध्यक्ष छमछम देवी किन्नर से उनके आवास में मिल कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं धनबाद विधानसभा अंतर्गत बिरसा मुंडा पार्क के पास चर्च जाकर वहां श्रद्धालुओं से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात इंडिया महागठबंधन के सहयोगी दल राजद के जिला कार्यालय में जिला स्तरीय बैठक में सम्मिलित होकर सहयोगी साथियों व क्षेत्रीय नेताओं, कार्यकर्ताओं को संबोधित किया एवं निरसा, बलियापुर समेत कई अन्य स्थानो में दर्जनों सभाएं की। उपरोक्त सभाओं को संबोधित करते हुए अनुपमा सिंह ने कहा की ढुल्लू महतो के आतंक और उनके चरित्र के बारे मे सबको पता है। ढुल्लू महतो के खिलाफ कोई भी आवाज उठाता है तो ढुल्लू महतो उन लोगों के खिलाफ फर्जी यौन उत्पीड़न, एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करवा देता है। बाघमारा में ऐसे दर्जनों उदाहरण भरे पड़े हैं। भाजपा के सजायाफ्ता प्रत्याशी से एक शिक्षित महिला कि लड़ाई है। ढुल्लू महतो पर पच्चास से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। उन्होने प्रशासन से लेकर चुनाव आयोग को भी दिगभ्रमित करने का काम किया है। लेकिन जनता सब कुछ जानती है अब जनता बुलेट का जवाब बैलट से देगी।

# मुजफ्फरपुर, सहरसा, भागलपुर व रांची से नई दिल्ली के लिए समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई जोड़ी स्पेषल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा । इसी कड़ी में नई दिल्ली से मुजफ्फरपुर, सहरसा, भागलपुर एवं रांची के लिए समर स्पेषल ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी सं. 04044/04043 दिल्ली-मुजफ्फरपुर-दिल्ली समर स्पेशल (हाजीपुर-पाटलिपुत्र-पं.दीनदयाल उपाध्याय जं.-वाराणसी-लखनऊ के रास्ते) - गाड़ी संख्या 04044 दिल्ली-मुजफ्फरपुर समर स्पेशल 07.05.2024 से 28.05.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को दिल्ली से 19.40 बजे खुलकर अगले दिन 17.00 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए 19.40 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 04043 मुजफ्फरपुर-दिल्ली समर स्पेशल 08.05.2024 से 29.05.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार एवं रविवार को मुजफ्फरपुर से 22.30 बजे खुलकर अगले दिन 00.35 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए 23.10 बजे दिल्ली पहुंचेगी। इस स्पेषल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 16 कोच होंगे ।
2. गाड़ी सं. 04074/04073 नई दिल्ली-सहरसा-नई दिल्ली समर स्पेशल (बरौनी-समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-गोरखपुर के रास्ते) - गाड़ी संख्या 04074 नई दिल्ली-सहरसा समर स्पेशल 09.05.2024 से 30.05.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार एवं रविवार को नई दिल्ली से 20.50 बजे खुलकर अगले दिन 23.30 बजे सहरसा पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 04073 सहरसा-नई दिल्ली समर स्पेशल 07.05.2024 से 01.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को सहरसा से 05.30 बजे खुलकर अगले दिन 10.15 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। इस स्पेषल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 16 कोच होंगे ।
3. गाड़ी सं. 04022/04021 नई दिल्ली-भागलपुर-नई दिल्ली समर स्पेशल (पं.दीनदयाल उपाध्याय जं.-पटना-मोकामा-किउल के रास्ते ) - गाड़ी संख्या 04022 नई दिल्ली-भागलपुर समर स्पेशल 06.05.2024 से 31.05.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को नई दिल्ली से 13.20 बजे खुलकर अगले दिन 05.56 बजे पटना जं. रूकते हुए 12.00 बजे भागलपुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 04021 भागलपुर-नई दिल्ली समर स्पेशल 07.05.2024 से 01.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को भागलपुर से 13.30 बजे खुलकर 18.45 बजे पटना जं. रूकते हुए अगले दिन 12.15 नई दिल्ली पहुंचेगी। इस स्पेषल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 16 कोच होंगे ।

# नवडीहा ओपी पुलिस ने किया अवैध बालू लोड दो ट्रैक्टर जब्त




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** प्रखंड अंतर्गत नवडीहा ओपी क्षेत्र में अवैध बालू उठाव के रोकथाम को लेकर प्रशासन ने सख्त रूप अपनाया है । अवैध बालू उठाव के खिलाफ सोमवार को नवडीहा ओपी प्रभारी दीपक कुमार के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस अभियान में नवडीहा ओपी प्रभारी समेत पुलिस बल ने अवैध बालू लोड दो ट्रैक्टर खदेड़ कर पकडा वही मौके से ड्राइवर फरार हो गया है । पुलिस ने जप्त दोनों ट्रैक्टरों को थाना ले आए और प्रशासन आगे की कार्रवाई में जुट गई है । वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि इसकी सूचना जिला खनन विभाग को सौंप दी गई है इसके साथ ही कहा कि ओपी क्षेत्र में अवैध कारोबार पर प्रशासन की सख्त रवैया रहेगी किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा। वही अवैध बालू उठाव माफिया मे हड़कंप मचा हुआ है।

### मासस प्रत्याशी पहुंचे वासेपुर, मांगा आशीर्वाद, कहा...

# चुनाव जीता तो बदल दूंगा धनबाद का नक्शा : जगदीश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** नामांकन दाखिल करने के बाद मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने अपना दौरा तेज कर दिया है। वे मतदाताओ से मिल कर अपने पक्ष में मतदान करने की भी अपील कर रहे हैं। रविवार की देर रात मासस प्रत्याशी का काफिला मुस्लिम बहुल क्षेत्र वासेपुर पहुंचा। वे यहां ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद के आवास पहुंचे और मासस के पक्ष में वोट करने की अपील की। इस दौरान अहमद ने प्रत्याशी को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत अभिनंदन किया। दोनो नेताओं के बीच लंबी बातचीत का दौर चला। इस दौरान जगदीश रवानी ने कहा कि कांग्रेस मुसलमानों को केवल वोट बैंक बना कर इस्तेमाल कर रही है। वहीं भाजपा भी मुसलमानों के खिलाफ आग उगल रही है। ऐसे में मासस एक बढ़िया विकल्प है। उन्होंने कहा कि अगर वे चुनाव जीते तो धनबाद का नक्शा बदल देंगे। इस मौके पर डॉ संजय कुमार रजक, आमिश खान, शादाब, नुमान, मनव्वर, आरिफ, तनवीर आदि मौजूद थे।

# नॉमिनेशन से पहले इंडिया व एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी, समर्थकों ने बिनोद बिहारी महतो के प्रतिमा पर किया फूल माला अर्पित





प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा मोड़ के बिनोद बिहारी महतो चौक में गिरिडीह लोक सभा के प्रत्याशी और समर्थकों ने नॉमिनेशन से पहले बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा पर फूल माला अर्पित किया।

मौके पर शर्वप्रथम इंडिया गठबंधन के झामुमो के मथुरा महतो अपने हजारों समर्थकों के साथ महुदा मोड़ पहुंच कर बिनोद बिहारी महतो के प्रतिमा पर अगरबती जलाया और फूल माला अर्पित करने के बाद कहा की देश में बेरोजगारी मंहगाई बढ़ीं हैं देश को बचाना है इंडिया गठबंधन को जितना है संबोधन के बाद नॉमिनेशन के लिए बोकारो की ओर चल पड़े।

कुछ देर बाद एन डी ए गठबंधन के आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के समर्थन में हजारों की संख्या में बजे गाजे के साथ धनबाद लोक सभा के भाजपा प्रत्याशी सह बाघमारा विधायक ढुलू महतो महुदा मोड़ पहुंच कर बिनोद बिहारी महतो के प्रतिमा में फूल माला अर्पित किया उसके बाद लोगो को संबोधित करते हुए कहा की देश में बहुत सारे विकास कार्य हुआ है इस विकास की रफ्तार को आगे ले जाने के लिए नेरेंद्र मोदी जी के हाथो को मजबूत करना है इस लिए इस बार चार सौ के पार सीट दिलवाना है। इस मौके पर इंडिया गठबंधन झामुमो के समर्थन में शिवकर महतो, निर्मल रवानी, सुदेव महतो के अलावा हजारों समर्थक पहुंचे थे, दूसरी ओर एन डीए गठबंधन आजसू, भाजपा के समर्थन में भाजपा जिला उपा अध्यक्ष धनेश्वर महतो, मंडल अध्यक्ष शेखर सिंह, मटुक मिश्रा, उत्तम गयाली, रमाशंकर तिवारी, बिरजू रवानी आदि हजारों समर्थक उपस्थित थे।

# छोटकीखरगडीहा में भाजपा चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** बेंगाबाद चतरो मुख्य मार्ग स्थित छोटकीखरगडीहा मे सोमवार को भारतीय जनता पार्टी चुनावी कार्यालय का उद्घाटन छोटकीखरगडीहा मंडल अध्यक्ष मितनारायण वर्मा की अध्यक्षता में फीता काटकर की गई ।इस अवसर पर भाजपा के जिला मंत्री रामप्रसाद यादव महेंद्र प्रसाद वर्मा कामेश्वर पासवान मनीष वर्मा रंजीत मरांडी प्रोफेसर अर्जुन वर्मा इंद्रलाल वर्मा स्थानीय मुखिया सुनीता देवी शालिनी बैरखियार समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिला मंत्री राम प्रसाद यादव ने कहा कि कोडरमा लोकसभा चुनाव के प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि विकास के बल पर भारतीय जनता पार्टी बहुत बड़े अंतर से गांडेय और कोडरमा मे विजयी पताका लहराएगी। भाजपा नेता अर्जुन वर्मा ने कहा कि गांडेय विधानसभा उपचुनाव सहित संपूर्ण प्रदेश में माहौल भाजपा के पक्ष में है।

# इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत के पक्ष में झामुमो ने पेशरार के सीरम पंचायत में चलाया सघन जनसंपर्क अभियान

➲संविधान में आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्गों को दिए गए अधिकारों और आरक्षण को समाप्त करने की साजिश रच रही है भाजपा : अनुपमा भगत

➲इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत को जीता कर भाजपा को दें करारा जवाब : अनिल उरांव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत की जीत सुनिश्चित करने को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के निर्देशानुसार जिला सचिव अनिल उरांव के नेतृत्व में सोमवार को सुदूर जंगलवर्ती पेशरार प्रखंड के सीरम सहित विभिन्न गांवों में बैठकें एवं सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। झामुमो के जिला सचिव अनिल उरांव के टीम में युवा जिला अध्यक्ष अजय उरांव, दिनू भगत मोजिबुल रहमान बबलू, रोशन ठाकुर, मुखिया भागवत खरवार कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विनोद खरवार बीस सूत्री अध्यक्ष रविंद्र सिंह सीमा भगत कुरशीला कुजूर बिमला मिंज आदि मुख्य रूप से शामिल थे। कार्यक्रम में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव उरांव की अर्धांगिनी सह पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अनुपमा भगत बतौर मुख्यातिथि मौजूद थी। मौके पर श्रीमती भगत ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने देश में महंगाई, बेरोजगारी, और भ्रष्टाचार को बढ़ाया है। साथ ही देश की संपत्तियों को पूंजीपतियों के हाथों बेच दी है। एक धर्म से दूसरे धर्म को लड़ाकर सत्ता में काबिज रहना चाहती है। यह चुनाव नहीं जंग है। देश की लोकतंत्र और बाबा साहेब के संविधान को बचाने की जंग है। श्रीमती भगत ने कहा कि संविधान में आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्गों को दिए गए अधिकारों और आरक्षण को समाप्त करने की साजिश रच रही है। इंडिया गठबंधन के एक लोकप्रिय आदिवासी मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को भाजपा ने ईडी के जरिए झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेज दिया है। इसलिए आप सभी अपने हक अधिकार की रक्षा के लिए सुखदेव भगत जी को हाथ छाप में बटन दबा कर विजय बनाकर लोकसभा भेजें। चुनावी बैठकों व जनसंपर्क अभियान में जिला सचिव अनिल उरांव ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सुखदेव भगत को हाथ छाप का बटन दबा कर प्रचंड मतों से विजय बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश की दशा और दिशा सही राह में ले जाने के लिए पांच साल में एक बार मौका मिलता है। इसलिए इस मौके को चूके नहीं। भाजपा जब से सत्ता में आई है सिर्फ झूठ की राजनीति कर रही है। ये वही भाजपा है,जिसने सत्ता में आते ही गैस,डीजल,पेट्रोल,दवा समेत सभी खाने-पीने की चीजों की कीमतों में अत्यधिक महंगाई बढ़ाकर गरीबों का जीवन को दूभर बना दिया है। कहा कि सत्ता में आने से पहले इन्होंने युवाओं को दो करोड़ नौकरियां देने जैसे कई वादे किए,लेकिन ये जुमलेबाज सरकार ने कोई वादा पूरा नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां के आदिवासियों और मूलवासियों की भावनाओं को नहीं समझ सके। झारखंड के सबसे लोकप्रिय आदिवासी मुख्यमंत्री को साजिश रचकर ईडी के जरिए झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने का काम किया। भाजपा न पीएम मोदी ने एक बार भी सरना धर्म कोड देने की बात नहीं की। स्थानीय नीति की बात नहीं की। मोदी सरकार ने तो वन अधिकार को स्थिर करने का काम किया। मोदी की सरकार ने आदिवासी-मूलवासी के हित में काम नहीं किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा जब-जब सत्ता में आई है एक जाति से दूसरी जाति को, एक धर्म से दूसरे धर्म को लड़ाकर सत्ता में काबिज रहना चाहती है। इसलिए आप प्रत्याशी सुखदेव भगत जी को हाथ छाप पर बटन दबाकर इंडीया गठबंधन को मजबूत करिए। संबोधित करते हुए मोजिबुल रहमान ने कहा कि झारखंड में गठबंधन की सरकार ने आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम चला कर 50 वर्ष तक के सभी को पेंशन देने का काम किया। आदिवासी बच्चों को विदेश पढ़ने भेजा। यहां के गरीब व आदिवासी जनता को अबुवा आवास दिया। साथ ही 125 यूनिट बिजली फ्री कर दिया,जिससे झारखंड के 30 लाख परिवार को इसका फायदा मिल रहा है। इसके साथ ही सभी प्रखंड में स्मार्ट स्कूल खोली जा रही है। कहा कि यह चुनाव जल, जंगल,जमीन और अपने अस्तित्व को बचाने का चुनाव है।

## ओम सिंह ने मुख्यमंत्री से आलमगीर आलम को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस विधायक दल के नेता और झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल के सहायक के आवास पर करीब 30 करोड़ से भी ज्यादा रुपये बरामद होने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बाद अब उनके मंत्रियों के काले कारनामे खुलकर सामने आने लगे हैं। जब उनके ओएसडी के स्टाफ के घर से 30 करोड़ नगद बरामद हो रहे हैं तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि मंत्री जी के पास कितनी संपत्ति होगी। इससे पहले कांग्रेस और इंडी गठबंधन के कई नेताओं के घर से नगद बरामद हुए हैं। इंडी गठबंधन के नेताओं को जनता से वोट मांगने का नैतिक अधिकार नहीं रह गया है। इस बात को जनता भली भांति समझ चुकी है और आने वाले चुनाव में इसका जवाब भी देगी। ओम सिंह ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से आलमगीर आलम को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है।

## नीट परीक्षा में 94 प्रतिशत छात्र हुए उपस्थित : एस के झा



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (N.T.A)द्वारा नीट यूजी की परीक्षा आयोजित की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक एसके झा ने बताया कि लोहरदगा जैसे पिछड़े जिले में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी(N.T.A)के द्वारा नीट यूजी की परीक्षा आयोजित करना इस क्षेत्र के लिए और विद्यालय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि परीक्षा में कुल 163 परीक्षार्थियों को भाग लेना था जिसमें 153 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। 94प्रतिशत की उपस्थिति को एक बड़ी उपलब्धि माना जा सकता है। एस के झा ने बताया कि परीक्षा का संचालन बहुत ही शांतिपूर्ण तरीके से हुआ और इसमें जिला प्रशासन तथा इनविजीलेटर के रूप में विद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। विद्यालय के मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि ने बताया कि ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा के प्राचार्य एस के झा को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (N.T.) द्वारा लोहरदगा जिला का कोऑर्डिनेटर भी बनाया गया है। नीट परीक्षा सफलता पूर्वक संपन्न होने पर विद्यालय के अध्यक्ष सह पूर्व विधान पार्षद प्रवीण कुमार सिंह, विद्यालय प्रबंधक एवं भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश युवा मोर्चा के मंत्री आजातशत्रु, शैक्षणिक कोऑर्डिनेटर जाह्नवी सिंह, सहित जिला के प्रबुद्ध-जनों ने परीक्षा संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले केंद्राधीक्षक, सभी इनविजीलेटरों एवं सहकर्मियों को बधाई देते हुए लोहरदगा जैसे पिछड़े जिले में नीट यूजी का परीक्षा केंद्र बनाए जाने के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## 8 मई को मंत्री आलमगीर आलम का होगा लोहरदगा आगमन

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के संसदीय कार्य एवं ग्रामीण विभाग के माननीय मंत्री श्री आलमगीर आलम का 8 मई दिन बुधवार को समय तीन 3:00 बजे किस्को प्रखंड के धुर्वा मोड में आगमण होने जा रहा है। उनके साथ अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश प्रभारी जनाब उमर खान साहब, प्रदेश अध्यक्ष जनाब मंजूर अंसारी सहित राज्यस्तर के कई नेता और वरिष्ठ कॉग्रेसी भी मौजूद रहेंगे। इस दौरान माननीय मंत्री आलमगीर आलम धुर्वा मोड़ के समीप कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा करेंगे। साथ ही इंडीया गठबंधन के लोहरदग़ा लोकसभा के उम्मीदवार श्री सुखदेव भगत की जीत सुनिश्चित करने का मंत्र भी देंगे। आप सभी अल्पसंख्यक जिला के पदाधिकारी एवं प्रखंड के पदाधिकारी एवं पंचायत के पदाधिकारी मेन कांग्रेस के सभी सम्मानित पदाधिकारी, कार्यकर्ता व पार्टी के समर्थक समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करे। यह जानकारी जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अंसारी ने दी।

## झापा के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

# धर्म के नाम पर जनता को बरगलाने का काम कर रही है राष्ट्रीय पार्टियां : एनोस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** बांसजोर प्रखंड में झारखंड पार्टी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ। कार्यालय का उद्घाटन पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने फीता काटकर किया। मौके पर एनोस एक्का ने कहा कि राष्ट्रीय पार्टी भाजपा और कांग्रेस दोनों ने क्षेत्र की लोगों को ठगने का काम किया है। राष्ट्रीय पार्टी के द्वारा सिर्फ लोगों को धर्म और जाति के नाम पर बरगलाने का काम किया गया है। विकास के नाम पर जनता को ठगा गया है। उन्होने कहा कि झारखंड पार्टी ने विकास का काम करके दिखाया है और आगे भी जनता के सभी समस्या को दूर किया जाएगा। एनोस एक्का ने कहा कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र में जनता झारखंड पार्टी को विकल्प के रूप में देख रही है।

**आदिवासी बेटी हूं, आदिवासियों का दर्द समझती हूं : आईरीन**

झापा नेत्री आईरीन एक्का सिमडेगा विस क्षेत्र के गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर ग्रामीणों के साथ सीधा सवांद कर रही है। आईरिन ने कहा कि वो आदिवासी की बेटी है और आदिवासी के दर्द को भली भाति समझ सकती है। उन्होंने कहा कि सिमडेगा विस क्षेत्र में कांग्रेस और भाजपा ने ही शासन किया है। लेकिन यहां के आदिवासियों, मुलवासी, पिछड़ा वर्ग के दर्द को दूर करे का प्रयास किसी ने नहीं किया। उन्होंने कहा कि समाज में बेटी को कमजोर की दृष्टि से देखा जाता है, लेकिन आईरिन आदिवासी बेटी है और सबसे लड़ सकती है। उन्होंने महिलाओं के सम्मान के लिए, युवाओं के रोजगार के लिए, क्षेत्र के विकास के लिए झारखंड पार्टी को समर्थन देने की अपील की।

# नलजल योजना से वंचित ग्रामीणों ने उठाई आवाज, जांच करवाने की मांग की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** नल जल योजना से वंचित ग्रामीणों की आवाज हुआ बुलन्द सर्वे कर्मियों पर लगाया आरोप मुहल्ला चिन्हित कर दिया जा रहा है योजना का लाभ। यह मामला लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड पंचायत ग्राम के साहू मुहल्ला में देखने को मिला। जहां नलजल योजना संचालित करवाने हेतु बोरिंग कराया गया परंतु सही चयन नही होने तथा जरूरत मंद को योजना का लाभ नही मिलने पर सर्वे कर्मियों पर ग्रामीणों ने लगाया आरोप निर्माण कार्य को बंद करने तथा जांच करवाने का किया मांग। सेन्हा साहू मुहल्ला में ग्रामीणों की बात जेई कृष्णा लोहरा तक पहुंचते ही निर्माण कार्य स्थल पहुंच ग्रामीणों की समस्या को सुनते हुए निदान करवाने का आश्वासन दिया गया। बताया जाता है कि ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि मुस्लिम मुहल्ला में जगह जगह पर बोरिंग ग्रामीणों के अनुसार कर शतप्रतिशत घरों में योजना का लाभ दिया जा रहा है। लेकिन साहू मुहल्ला तथा अन्य मुहल्ला में योजना लिमिट बता कर सही स्थान का चयन नही करने तथा जरूरत मंद लोगो को योजना से वंचित रखने का आरोप है। इस संदर्भ में जेई कृष्णा लोहरा ने ग्रामीणों की बात गम्भीरता पूर्वक सुनते हुए कहा कि सर्वे के दौरान पंचायत के मुखिया,जलसहिया तथा एजेंसी कर्मियों द्वारा सर्वे किया गया था। जिसके आलोक में योजना स्वीकृत किया गया है। और चयनित मुहल्ला में योजना का लाभ दिया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि चयनित प्रकिया में गड़बड़ी हुआ है तो उसका भी जांच किया जाएगा और सम्बंधित पदाधिकारी को आपकी बातों से अवगत कराते हुए निदान किया जाएगा। वही मौके पर साहू मुहल्ला के ग्रामीण मौजूद थे।

# बैलेट पेपर के माध्यम से पुलिस विभाग में आरंम्भ हुआ मतदान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा के उपरान्त नियम संगत वोटिंग का आरम्भ बक्सीडीपा स्थित न्यू पुलिस लाइन में विधिवत बैलेट पेपर के माध्यम मतदान कर्मियों के निगरानी में वोटिंग हुआ। विदित हो कि लोहरदगा लोकसभा चुनाव की तारीख आगमी 13 मई को चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित किया गया है। लेकिन बैलेट पेपर के माध्यम से अपना मताधिकार का प्रयोग करने के लिए वैसे लोगो को दिया गया जो चुनाव करवाने के दौरान अपना मतदान करने में असमर्थ होते है। जिससे वोटिंग प्रतिशत में गिरावट होता है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए चुनाव आयोग ने इस बार बैलेट पेपर के माध्यम से निर्धारित समय से पूर्व उन सभी कर्मियों को अधिकार दिया गया है। जिसका शुरुआत न्यू पुलिस लाइन प्रांगण बक्सीडीपा में किया गया। बताया जाता है कि समय से पूर्व उन सभी पुलिस अधिकारी व सुरक्षा जवानों का वोटिंग करवा कर समय से पूर्व उस लोकसभा क्षेत्र के चुनाव पदाधिकारी को सुपुर्द किया जाएगा। जिससे उनकी मत की गिनती वैसे लोकसभा क्षेत्र में गिनती हो सके। जो जिस लोकसभा क्षेत्र से विलोंग करते है। इतना ही नही या अधिकार प्रखंड कर्मियों, शिक्षा कर्मियों स्वस्थ्य कर्मियों सहित सभी विभाग के कर्मियी को दिया गया है।

## हॉकी इंडिया ने यूरोप दौरे के लिए 22 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की हुई घोषणा

➲टीम में झारखंड की चार खिलाड़ी सिमडेगा की नीरू कुल्लू और रजनी केरकेट्टा तथा खूंटी की बिनिमा धान और संजना होरो है

➲टीम 21 से 29 मई तक तीन देशों में छह मैच खेलेगी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** हॉकी इंडिया ने सोमवार को भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा की जो 21 से 29 मई 2024 के बीच यूरोप का दौरा करेगी। टीम बेल्जियम, जर्मनी और ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश और ओरांजे रूड के खिलाफ तीन देशों में छह मैच खेलेगी, नीदरलैंड में दो क्लब की टीमें। इस टीम में सिमडेगा की दो सहित झारखंड की चार खिलाड़ी चयनित की गई। सिमडेगा जिला केरसई प्रखंड अंतर्गत करंगागुड़ी बासेन बर टोली की नीरू कुल्लू और ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत पैकपारा पाहन टोली की रजनी केरकेट्टा एवम खूंटी जिला के बिनीमा धान और संजना होरो है। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अपने खेल पर काम करने और विश्व मंच पर खेल पर दबदबा कायम करने के लिए अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने के लिए बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड में मैच खेलेगी। वे अपना पहला मैच 21 मई को ब्रेडा में ब्रेडेज़ हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ खेलेंगे और 22 मई को उसी स्थान पर बेल्जियम से खेलेंगे। इसके बाद भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम दूसरी बार बेल्जियम से खेलेगी लेकिन वह 24 मई को इस अवसर पर मेजबान की भूमिका निभाएगा। इसके बाद जर्मनी के खिलाफ क्रमशः 26 मई को ब्रेडा में और 27 मई को जर्मनी में लगातार मैच होंगे। इसके बाद वे 29 मई को ओरांजे रूड के खिलाफ दौरे का अपना अंतिम मैच खेलने के लिए ब्रेडा लौटेंगे। टीम का नेतृत्व डिफेंडर ज्योति सिंह करेंगी जबकि मिडफील्डर साक्षी राणा को डिप्टी के रूप में नामित किया गया है। अदिति माहेश्वरी और निधि गोलकीपिंग विभाग में हैं जबकि ज्योति सिंह, लालथंटलुआंगी, अंजलि बरवा, पूजा साहू, ममिता ओरम और निररू कुल्लू रक्षा विभाग में सोनिया देवी, रजनी केरकेट्टा, प्रियंका यादव, खैदेम शिलेमा चानू, साक्षी राणा, अनिशा साहू और सुप्रिया कुजूर मिडफील्ड में हैं। टीम में नामित फॉरवर्ड हैं बिनिमा धान, हिना बानो, लालरिनपुई, इशिका, संजना होरो, सोनम और कनिका सिवाच। सिमडेगा जिला के दो सहित झारखंड के चार खिलाड़ियों के चयन होने पर हॉकी झारखड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, डीएसओ प्रवीण कुमार, हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी, सुनील तिर्की, पंखरासियूस टोप्पो, कमलेश्वर मांझी, एल्शन किड़ो, तारिणी कुमारी, करिश्मा परवार, प्रतिमा तिर्की, कुनूल भेंगरा, बसंत बा, राहुल मिंज, सुभिला मिंज, टिनटुस बड़ा, फादर पोलूस बागे, फादर बेनेदिक कुजूर, रोहित बेसरा, बलबीर प्रसाद, सोनू ठाकुर, उमलेंन डांग, गोपाल डांग, संजय डांग, दिव्या डुंगडुंग, सहित हॉकी सिमडेगा के समस्त पदाधिकारियों और खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

# सीता नवमी कार्यक्रम को लेकर संघ कार्यालय में हुई बैठक



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल जिले की बैठक लोहरदगा संघ कार्यालय में हुआ। जिसमें तीन बार प्रणवोच्चार, एकात्माता मंत्र एवं तेरह बार विजय महामंत्र से की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिले में नवीन प्रांत अध्यक्ष जी का आगमन एवं उनका स्वागत किया गया। बैठक में अनेक बिंदुओं पर चर्चा की गई जैसे आगामी कार्यक्रम सीता नवमी को हर प्रखंड में मनाना है,तथा प्रशिक्षण वर्गों में सभी प्रखंडों से कार्यकर्त्ता प्रशिक्षण वर्ग में जाएं। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत सहमंत्री सह गुमला विभाग पालक माननीय रंगनाथ महतो ने कहा कि एक कुशल कार्यकर्त्ता बनने के लिए अनेक कष्ट सहने पड़ते हैं तब जाकर एक परिपक्व कार्यकर्त्ता समाज को मिलता है। बैठक को प्रांत संगठन मंत्री श्री देवी सिंह ने भी संबोधित किया उन्होंने आगामी सीता नवमी की महत्ता बतलाते हुए उनके अनेक गुणों का विस्तार से वर्णन किया। बैठक को माननीय प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत जी ने भी संबोधित किया। मौके पर बैठक में संत कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी जी,प्रांत कार्यसमिति सदस्य श्री लाल ओंकारनाथ शाहदेव,विभाग संगठन मंत्री श्री कुलदीप सिंह,जिला संगठन मंत्री श्री कार्तिक विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष श्री मनोज कुमार गुप्ता,सह मंत्री श्री रंजीत साहू,जिला प्रचार प्रसार प्रमुख श्री रोहित वर्मा,जिला गोरक्षा प्रमुख परशुराम गोप, बजरंग दल जिला संयोजक श्री सचिन कुमार साहू,बजरंग दल सुरक्षा प्रमुख श्री उमेश सिंह,विश्व हिंदू परिषद उपाध्यक्ष श्री अशोक कास्यकार,जिला दुर्गावाहिनी,संयोजिका आशा सोनी,जिला मातृशक्ति प्रमुख श्रीमति अनुराधा देवी जी, कैरो प्रखण्ड अध्यक्ष श्री जितबाहन महतो, भंडरा प्रखण्ड उपाध्यक्ष श्री लाल भीमनाथ सहदेव,पूर्व बजरंग दल संयोजक श्री प्रमोद प्रजापति उपस्थित थे।

## मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर कैंपेन कार्यक्रम आज

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा आम निर्वाचन,2024 अंतर्गत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के निदेश पर कल दिनांक 7 मई 2024 को संध्या 6 बजे से रात्रि 8 के बीच सभी सोशल मीडिया हैण्डल्स पर हैशटैग में मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर कैंपेन चलाया जाएगा। इस दिन विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां शामिल की जाएंगी जिसका फोटो व वीडियो ट्विटर (एक्स), फेसबुक, इंस्टग्राम और यूट्यूब पर हैशटैग के साथ अपलोड किया जाएगा। इस दिन सभी मतदान केंद्रों पर गठित बूथ अवेयरनेस ग्रुप की बैठक भी आयोजित की जाएगी एवं मतदाता शपथ भी दिलायी जाएगी। **कोई भी ले सकते हैं भाग :** 7 मई को चलाये जानेवाले इस हैशटैग अभियान का हिस्सा कोई भी बन सकते हैं। वे अपनी सेल्फी के साथ अपना फोटो व वीडियो सोशल मीडिया हैण्डल्स पर अपलोड करें और उसे जिला निर्वाचन पदाधिकारी, लोहरदगा के एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम व यू-ट्यूब हैण्डल्स पर टैग करें। अपना फोटो व वीडियो, जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोहरदगा, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखण्ड और भारत निर्वाचन आयोग को भी टैग करें।

# हमारा प्रयास समय पर बिना परेशानी लोगों को खून उपलब्ध हो सके : जय प्रकाश शर्मा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** इमरजेंसी केयर के तत्वावधान में लोहरदगा शहरी क्षेत्र के बीआईडी स्थित दुतिका सावित्री अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सिविल सर्जन डाक्टर राजमोहन खलखो, सदर अस्पताल उपाध्यक्ष डा.शंभूनाथ चौधरी, डाक्टर नयन चौधरी, इमरजेंसी केयर के सचिव देशराज गोयल, उपाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, एचआर हेड सजल कुमार, प्रोग्राम को-आर्डिनेटर निखिल बर्मन, अमित वर्मा, अरुण राम आदि ने दीप प्रज्जवलित कर किया। रक्तदान शिविर में देर शाम तक 100 से ज्यादा लोगों ने रक्तदान को ले अपना निबंधन कराया था। वहीं पच्चास से ज्यादा लोग रक्तदान कर चुके थे। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को प्रमाणपत्र और हेलमेट दिया गया। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को सड़क सुरक्षा को लेकर प्रेरित करने और यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर इमरजेंसी केयर द्वारा एक-एक हेलमेट भी दिया गया। इस रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीएस डा. राजमोहन खलखो ने कहा कि रक्तदान दूसरों को जीवन देने का महान कार्य है। रक्तदान जरूर करना चाहिए। लोहरदगा में रक्तदान के क्षेत्र में इमरजेंसी केयर का कार्य प्रेरणा देने वाला है। दूसरे संगठनों को भी रक्तदान को लेकर आगे आने की आवश्यकता है। डा. एसएन चौधरी ने कहा कि यहां के युवाओं का उत्साह दूसरे लोगों को भी रक्तदान को लेकर प्रेरणा देता है। जब कभी भी किसी को रक्त की आवश्यकता हुई,संस्था के युवाओं ने रक्तदान कर अपना दायित्व निभाया है। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी रक्तदान किया। मौके पर शताब्दी महेंद्र, सुधांशु कुमार, निखिल कुमार, हनी कुमार, अमन कुमार, जयजीत चौबे, मोहित कुमार, उमेश कुमार, सद्दाम अंसारी, राहुल कुमार, अनुप दास, कुलदीप प्रजापति, तनय श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

# विधवा महिला के अर्धनिर्मित आवास का दीवार तोड़ा, जांच में जुटी पुलिस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** कोराम्बे ग्राम में अबुआ आवास योजना का लाभ ले विधवा महिला जमीन सत्यापन के उपरांत निर्माण कार्य मे जुट गई। परंतु रात में अंधेरा का फायदा उठा दीवार गिराने की बात पर पहुंची थाना। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि सेन्हा थाना क्षेत्र के कोराम्बे ग्राम निवासी स्वर्गीय रमेश पांडेय की पत्नी रीता देवी को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया गया था। जिसके बाद योजना को धरातल पर चालू करते ही जमीन विवाद उतपन हो गया और कार्य को बंद करने की चेतावनी कोराम्बे निवासी स्वर्गीय बासुदेव पांडेय के पुत्र संजय पांडेय के द्वारा दिए जाने के बाबजूद निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसपर अपना जमीन बताते हुए संजय पांडेय द्वारा रोक लगया गया। परंतु रीता देवी द्वारा नही मानने पर रात का फायदा उठाते हुए अर्धनिर्मित आवास का दीवार को गिरा दिया गया। जिसकी सूचना सेन्हा थाना पुलिस को मिलते ही थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु एसपी वेदांत शंकर के निर्देश पर ए एस आई राजेश राम लोहारा दलबल के साथ कोराम्बे गांव विवादित स्थल पहुंच मामले का जानकारी लेते हुए पुलिस नियम संगत कारवाई में जुट गई। वही बताया जाता है कि इसी मामला में पूर्व में ही सेन्हा थाना कांड संख्या 26/24 दर्ज कर धारा 447, 426, 427, 509 तथा 39 आईपीसी के तहत दो नामजद रीना देवी पति संजय पांडेय तथा संजय पांडेय पिता स्वर्गीय बासुदेव पांडेय के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। उसके बाबजूद इन लोगो द्वारा कानून को हाथ में लेने का साहस किया गया है। विदित हो कि प्रधानमंत्री आवास या अबुआ आवास स्वकृति के पश्चात अंचल से जमीन सत्यापन के उपरांत निर्माण कार्य का आदेश निर्गत लाभुक को किया जाता है। जब जमीन सत्यापन हुआ है तो दूसरे पक्ष के लोग दाबेदार क्यों यह बात कई संदेह को जताता है। फिलहाल पुलिस द्वारा जांच प्रकिया आरम्भ करते हुए अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई है।

# राहुल गांधी और केएल शर्मा की सारथी बनेंगी प्रियंका गांधी



एजेंसी

**लखनऊ :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी रायबरेली में राहुल गांधी और अमेठी में केएल शर्मा की सियासी सारथी बनेंगी। वह चुनाव नहीं लड़ रही हैं, लेकिन दोनों जगह रिश्तों की डोर मजबूत करेंगी। वह सोमवार सुबह यहां पहुंचते ही बूथ कमेटी की समीक्षा करेंगी। वह नुक्कड़ सभा के साथ ही घर-घर दस्तक देंगी। हालांकि पार्टी की ओर से अभी अधिकृत कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है। लंबे समय तक चली रस्साकशी के बाद अंतिम दिन रायबरेली से राहुल गांधी और अमेठी से केएल शर्मा मैदान में उतर गए हैं। नामांकन के वक्त सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी भी राहुल के नामांकन में शामिल होकर एकजुटता का संदेश दिया। अब इन दोनों सीटों की कमान प्रियंका गांधी को सौंपी गई है। पार्टी की ओर से अभी तक अधिकृत कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है, लेकिन प्रियंका गांधी की 40 सदस्यीय टीम रायबरेली पहुंच गई है। यह टीम प्रियंका के चुनाव प्रचार की रणनीति तैयार कर रही है। सूत्रों के मुताबिक प्रियंका गांधी सामाजिक न्याय के मुद्दे को आक्रामक तरीके से उठाएंगी। इसके लिए प्रदेशभर से डाटा इकट्ठा किए गए हैं। वह करीब 250 से ज्यादा नुक्कड़ सभा करेंगी। इन सभाओं में स्थानीय मुद्दे भी होंगे और मंच पर मौजूद लोगों को सामाजिक समीकरण की दृष्टि से रखा जाएगा। सूत्रों का यह भी दावा है कि टीम की ओर से तैयार किए गए रोडमैप के तहत वह कुछ इलाके में घर-घर जनसंपर्क करेंगी। इस बीच स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों और दशकों से गांधी परिवार के साथ पारिवारिक संबंध रखने वाले लोगों के घर तक जाएंगी। उनके ठहरने के लिए रायबरेली के एक गेस्ट हाउस में इंतजाम किया जा रहा है।

### बूथवार बनाएंगी रणनीति, सोशल मीडिया पर भी फोकस

सूत्रों के मुताबिक प्रियंका गांधी रायबरेली और अमेठी के बूथवार निगरानी करेंगी। इसके लिए पार्टी की ओर से उनकी टीम को दोनों लोकसभा क्षेत्र की कमेटियों की सूची रविवार को सौंप दी गई है। प्रदेश मुख्यालय से सभी कमेटियों को अलर्ट रहने का भी संदेश दिया गया है। वह सोशल मीडिया अभियान पर भी नज़र रखेंगी। उनकी टीम में कई ऐसे विशेषज्ञ भी शामिल हैं, जो फ़ेसबुक, ट्विटर, इंट्राग्राम और व्हाट्स एप पर नजर रखते हुए उनके संचालन के लिए रणनीति तैयार करेंगे। यह रणनीति प्रियंका गांधी के निर्देश के तहत बनेगी। चुनाव के दौरान शाम के वक्त प्रियंका गांधी अलग- अलग संगठनों के लोगों से संवाद करेंगी। इसके लिए रायबरेली और अमेठी के विभिन्न सामाजिक संगठनों की सूची भी इकट्ठा की गई है। वह बार एसोसिएशन और महिला समूहों से भी संवाद करेंगी।

### रायबरेली से करेंगी अन्य जगह चुनाव प्रचार

पार्टी सूत्रों के मुताबिक प्रियंका गांधी रायबरेली से ही अन्य राज्यों में कुछ समय के लिए चुनाव प्रचार के लिए जा सकती हैं। वह यहां से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट जैसे नेताओं के निरंतर संपर्क में रहते हुए चुनाव अभियान का संचालन करेंगी।

# सतबरवा की माता-बहनों ने गले लगाकर अपना बनाया : अरुणा शंकर



### सतबरवा में हुआ प्रथम महापौर का भव्य स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर भाजपा प्रत्याशी वीडी राम के लिए वोट मांगने सैकड़ो समर्थकों के साथ सतबरवा पहुंची, जहां आशीष सिंहा के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा पोची ग्राम में भव्य स्वागत किया गया। उसके उपरांत मंडल अध्यक्ष विजय पाठक व सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सतबरवा भाजपा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते हुए पूरे सतबरवा बाजार मैं गाजे बाजे के साथ रोड शो किया। और घर-घर जाकर माताएं,बहने, महिला,पुरुष,वृद्ध, युवा एवं व्यवसाईयों से आशीर्वाद लेते हुए बीडी राम को अपना कीमती वोट देकर अपार मतों से विजय बनाने का अपील की। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने कहा कि सतबरवा से जो कल मुझे प्यार मिला उसे भूल नहीं पाऊंगी। खासकर मां,बहनों ने मुझे गले लगा कर अपना बना लिया। मैं हमेशा उनके बीच रहना चाहूंगी। प्रथम महापौर ने कहा कि इस बार हर जगह महिलाएं, लाभुक, युवा और प्रथम बार वोट देने वाले फर्स्ट वोटर प्रधानमंत्री के द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए उत्साही है। बस प्रचंड गर्मी को देखते हुए हम भाजपा के कार्यकर्ताओं को बूथ पर वोटर को सुविधा देने की आवश्यकता है। मैं अपने भाजपा के भाइयों से अनुरोध करूंगी कि पहले अपने एवं अगल-बगल घर की महिलाओं को वोट देने का अवसर दें। फिर अपना मतदान करें। प्रथम महापौर ने कहा कि इस गांव-गांव से जो प्यार मिल रहा है, हमारे सांसद पिछली बार से अधिक मत से विजई होंगे और मंत्री बनेंगे। जिससे हमारे क्षेत्र का चौमुखी विकास होगा। इस अवसर पर डाल्टेनगंज शहर के व्यवसाईयों के साथ-साथ सतबरवा से मोहन जोशी, बृजेश प्रसाद,प्रीति गुप्ता, सुरेंद्र प्रसाद,संदीप कुमार,आनंद कुमार, संतान जायसवाल,संजय कुमार, मनोज कुमार, परमेंद्र प्रसाद एवं काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# इंडीया गठबंधन के नेता हैं पाकिस्तान परस्त : भाजपा

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी ने जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्हें पाकिस्तान परस्त बताया है। सोमवार को भाजपा सांसद और पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अब तक पाकिस्तान के कुछ चरमपंथी नेता कभी-कभी कहते थे कि उनके पास परमाणु बम है। लेकिन आज एक वरिष्ठ इंडी गंठबंधन के नेता फारूक अब्दुल्ला ने भी यही कहा है। साफ है इंडी गठबंधन के नेताओं पर पाकिस्तान की छाप है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी कहते हैं कि भाजपा और मोदी को जाना चाहिए। पंजाब के पूर्व सीएम पुंछ पर चरणजीत सिंह चन्नी का बयान पाकिस्तान की करतूतों को छिपाने की कोशिश करते हैं। शशि थरूर ने एक बांग्लादेशी दैनिक में लेख लिखा कि मोदी को जाना होगा और वे कश्मीर को भारत प्रशासित कश्मीर कहते हैं। यह पाकिस्तान की भाषा है। प्रधानमंत्री ने सही कहा कि इंडी गठबंधन के घोषणापत्र पर मुस्लिम लीग की छाप है । इंडी गठबंधन के नेताओं पर पाकिस्तान की छाप है।उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने विवादित बयान देकर राजनीतिक माहौल गर्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास एटम बम है। उसने चूड़ियां नहीं पहन रखीं। हाल में ही बंगाल के दर्जिलिंग में आयोजित रैली में राजनाथ सिंह ने कहा था कि पीओके भारत का हिस्सा था, है और रहेगा। जिसके बाद अब रक्षा मंत्री के बयान पर फारूक अब्दुल्ला ने प्रतिक्रिया दी है। अब्दुल्ला ने कहा कि अगर रक्षा मंत्री कह रहे हैं, तो कहें। उनको कौन रोक सकता है? लेकिन याद रखना, पाकिस्तान ने भी चूड़ियां नहीं पहन रखीं। उनके पास एटम बम है, जो दुर्भाग्य से हमारे ऊपर ही गिरेगा।

# ऑपरेशन लोट्स फेल होने से बौखलाई भाजपा : रोहित ठाकुर



एजेंसी

**शिमला :** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि भाजपा नेता हिमाचल प्रदेश में ऑपरेशन लोट्स फेल होने से पूरी तरह से बौखला गए हैं। धनबल का इस्तेमाल कर राजनीति मंडी से विधायकों को खरीदा लेकिन भाजपाईयों के मुख्यमंत्री व मंत्री बनने के मंसूबे धरे के धरे रह गए। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू दुख का सबसे बड़ा कारण है क्योंकि वर्तमान राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के सभी दरवाजों को बंद कर दिया है और उनकी लूट की दुकान बंद कर दी है।रोहित ठाकुर ने सोमवार को कहा कि ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हैं और एक साधारण परिवार से निकलकर मुख्यमंत्री के पद पर पहुंचे हैं। इसीलिए वे आम आदमी के दर्द से भली.भांति परिचित हैं और समाज के अन्तिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए योजनाएं बनाकर उन्हें धरातल पर लागू कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि मात्र सवा साल के छोटे से कार्यकाल में अनाथ बच्चों के लिए राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना बनाई और अब उनकी देखभाल का जिम्मा कानूनी रूप से सरकार का है। यही नहीं दूध पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बना।शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पुरानी पैंशन और महिलाओं को 1500 रूपये पैंशन सहित अपनी 10 में से पांच चुनावी गारंटियों को पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि सवा साल के कार्यकाल का हिसाब मांगने वाले भाजपा नेता अपने पांच साल का हिसाब जनता को दें। भाजपा ने केवल मात्र कर्ज के सहारे पांच साल सरकार चलाई और आर्थिक संसाधन जुटाने पर कोई ध्यान नहीं दिया, जिसके कारण हिमाचल प्रदेश आर्थिक रूप से बदहाल बना।उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने सत्ता संभालते ही आर्थिक संसाधन जुटाने की दिशा में अनेक कदम बढ़ाये जिनके परिणामस्वरूप एक साल में ही हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 20 प्रतिशत तक का सुधार आया है और एक ही वर्ष में 2200 करोड़ रूपये का राजस्व अर्जित किया।

# जौनपुर सीट से बसपा ने बदला प्रत्याशी



एजेंसी

**लखनऊ :** बहुजन समाजवादी पार्टी ने जौनपुर सीट से उम्मीदवार बाहुबली नेता धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह का टिकट काट दिया है। अब यहां से श्याम सिंह यादव को बसपा ने उम्मीदवार बनाया है।जानकारी के अनुसार, बसपा ने आखिरी वक्त में पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह का टिकट काटा है। अब उनकी जगह निवर्तमान बसपा सांसद श्याम सिंह यादव पार्टी के उम्मीदवार होंगे, वो आज यानि नामांकन के आखिरी दिन पर्चा दाखिल करेंगे। कुछ दिनों पहले श्रीकला का टिकट कटने की चर्चा चल रही थी लेकिन रविवार की शाम नगर स्थित केंद्रीय कार्यालय पर उद्घाटन करते समय बसपा कोऑर्डिनेटर घनश्याम चंद्र खरवार ने इसे अफवाह बताया था। वहीं सोमवार की सुबह उनके टिकट कटने की पुष्टि बसपा जिलाध्यक्ष संग्राम भारती ने की। उन्होंने बताया कि श्रीकला सिंह का टिकट कट गया है अब उनकी जगह बसपा के निवर्तमान सांसद श्याम सिंह यादव नामांकन करेंगे। इनके टिकट कटने का कारण क्या है यह तो नहीं पता। जानकारी मिली है कि टिकट कटने के बाद श्रीकला ने कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई है। बैठक में तय किया जाएगा कि श्रीकला सिंह निर्दल चुनावी मैदान में ताल ठोकेंगी या नहीं। श्रीकला ने चार दिन पहले ही पर्चा दाखिल किया था।गौरतलब है कि जौनपुर में छठे चरण में 25 मई को वोटिंग होगी। इस चरण में पूर्वांचल की लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही में मतदान होगा।

# वोटर आईकार्ड के बगैर भी किया जा सकेगा मतदान, बस मतदाता सूची में नाम रहना जरूरी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर:** पलामू लोकसभा अंतर्गत 13 मई को मतदान होना है।इसे लेकर जिले के सभी बीएलओ मतदाताओं के घर-घर जाकर वोटर इनफार्मेशन स्लीप का वितरण कर रहें हैं इस पर्ची पर मतदान स्थल,मतदान की तिथि व समय आदि का उल्लेख है ताकि 13 मई को मतदाताओं को बूथ पर जाने के पश्चात उन्हें वोट डालने में किसी तरह की कोई समस्या ना हो।इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने जिलेवासियों से 13 मई के दिन अपना मतदान अनिवार्य रूप से करने की अपील की है।इसके साथ ही उन्होंने बताया है कि किसी कारणवश अगर कोई मतदाता के पास वोटर आईकार्ड नहीं है लेकिन उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है ऐसी स्थिति में संबंधित मतदाता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित निम्न 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज दिखाकर भी मतदान कर सकते हैं।

### मतदाता पहचान पत्र के अलावे इन 12 वैकल्पिक दस्तावेजों का वोट डालने हेतु किया जा सकेगा उपयोग

1.आधार कार्ड
2.पैन कार्ड
3.दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड
4.ड्राइविंग लाइसेंस
5.मनरेगा जॉब कार्ड
6.पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित)
7.पासपोर्ट
8.पासबुक (फोटो सहित बैंक/9.डाकघर द्वारा जारी)
10.फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/ सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी)
11.सांसद,विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र,एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड
12.स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान किया जा सकता है।

# राहुल गांधी और उनकी टीम देश को तोड़ने में लगी है : प्रमोद कृष्णम



एजेंसी

**नई दिल्ली :** पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बड़ा बयान दिया है। पूर्व कांग्रेस नेता ने कहा कि वह कांग्रेस में 32 साल से अधिक समय तक रहे हैं। जब राम मंदिर का फैसला आया तो राहुल गांधी ने अपने करीबियों के साथ बैठक की थी।पूर्व कांग्रेस नेता व ऐंचोड़ा कंबोह स्थित श्री कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि राहुल गांधी और उनकी टीम इस देश को किसी न किसी बहाने से तोड़ना चाहती है। पहले की कांग्रेस और वर्तमान की कांग्रेस में काफी फर्क है। कहा कि वह कांग्रेस में 32 साल से अधिक समय तक रहे हैं।जब राम मंदिर का फैसला आया तो राहुल गांधी ने अपने करीबियों के साथ बैठक की थी। इसमें कहा था कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद वह एक सुपरपावर कमेटी का गठन करेंगे। राम मंदिर के फैसले को वैसे ही पलट देंगे जैसे राजीव गांधी ने शाह बानो के फैसले को पलट दिया था। आचार्य ने ऐंचोड़ा कंबोह स्थित अपने आवास पर मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बड़ी पार्टी है। कांग्रेस पार्टी की जब स्थापना हुई तो देशभक्त नेता थे। उस वक्त की कांग्रेस ने देश को जोड़ने का काम किया। महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू ने भारत को जोड़ने का काम किया। वर्तमान की कांग्रेस देश को तोड़ना चाहती है। राहुल गांधी और उनकी टीम देश को जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के नाम पर तोड़ने में लगी है। इसलिए वह गलत बयानबाजी करते हैं।इससे पहले कृष्णम ने कहा था कि चार जून के बाद कांग्रेस पार्टी के दो धड़े हो जाएंगे। आचार्य का कहना है कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और नेताओं के दिल में एक ज्वालामुखी रही है जो चार जून के बाद फट जाएगा।आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि प्रियंका गांधी के साथ साजिश हो रही है। प्रियंका गांधी को पार्टी का अध्यक्ष बनने और राज्यसभा में जाने से रोका गया। कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी नहीं दी गई। यह साजिश उनके खिलाफ कई वर्षों से चल रही है। राहुल गांधी का खेमा चाहता है कि प्रियंका गांधी राजनीति से बाहर हो जाएं। इस वजह से प्रियंका गांधी के समर्थक दुखी हैं। इसके चलते ही चार जून के बाद कांग्रेस के दो धड़े होने वाले हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी के बयानों को कोई गंभीरता से नहीं लेता : प्रो.रामगोपाल



एजेंसी

**इटावा :** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने सोमवार को सैफई स्थित अपने आवास पर पत्रकार वार्ता की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के नारे की बुरी तरह से हवा निकल गई है। भाजपा, इंडिया गठबंधन से डरी हुई है, इसलिए इस लोकसभा चुनाव में भाजपा चार सौ तो दूर दो सौ सीट भी हासिल नहीं करती हुई दिखाई दे रही है।उन्होंने आगे कहा कि इंडिया गठबंधन की मजबूती के साथ केंद्र से भाजपा की विदाई तय हो गई है। भाजपा की इस लोकसभा चुनाव में चार सौ सीट तो बहुत दूर की बात है, दो सौ सीट भी आती हुई नही दिखाई दे रही है।महासचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयानों को अब कोई भी गंभीरता से नहीं लेता है। भाजपा का सत्ता से जाना लगभग तय है। भाजपा ने पहले एक बार फिर मोदी सरकार का नारा दिया था जिसके बाद अबकी बार चार सौ पार का नारा दे रही है। यह नारा उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाने के लिया दिया है, लेकिन भाजपा वास्तिवकता में दो सौ सीटें भी हासिल नहीं कर रही है। क्योंकि भाजपा के कार्यकर्ताओं का मनोबल जमीन में घुसता चला जा रहा है और भाजपा बुरी तरह से हारती हुई दिखाई दे रही है।उन्होंने कहा कि सात मई को तीसरे चरण का संसदीय चुनाव संपन्न होगा, जिसमें इंडिया गठबंधन को मजबूती पहले के दो चरणों के मुकाबले और अधिक मजबूत हो जायेगी। हालांकि पहले और दूसरे चरण में हुए मतदान के बाद इंडिया गठबंधन बेहद मजबूत माना जा रहा है। तीसरे चरण के चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को बहुमत प्राप्त होगा।

# चांदनी चौक के चुनावी रण में खंडेलवाल बनाम अग्रवाल, किसका पलड़ा भारी?

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चांदनी चौक लोकसभा सीट पर व्यापारी वर्ग अधिसंख्य हैं। इसलिए भाजपा और कांग्रेस पार्टी ने यहां से वैश्य समाज से उम्मीदवार उतारा है। दोनों के प्रचार अभियान का तरीका जुदा तो मुद्दे भी अलग-अलग हैं। भाजपा उम्मीदवार प्रवीन खंडेलवाल का अभियान जहां जोर-शोर से है तो कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार जेपी अग्रवाल का जनसंपर्क पर जोर ज्यादा है। भाजपा, जहां मोदी की गारंटी पर जोर देती है तो कांग्रेसी उम्मीदवार व्यक्तिगत संबंधों और प्रदर्शनों का हवाला देकर मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं।